# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, मंगलवार 15 जुलाई 2025


## विशेष गहन पुनरीक्षण 2025

# क्या आप बिहार के मतदाता हैं?

## क्या आप अस्थाई रूप से राज्य से बाहर हैं?

भारत निर्वाचन आयोग Election Commission of India

**अगर आपके पास अभी मोबाइल फोन है, तो आप गणना प्रपत्र तुरंत भर सकते हैं।**




**कृपया QR Code Scan करें।**

https://voters.eci.gov.in/

### ऑनलाइन गणना प्रपत्र आसानी से भरें।

1. "Fill Enumeration Form Online" बटन पर क्लिक करें।
2. मोबाइल नंबर या ईपिक के माध्यम से OTP का प्रयोग कर लॉगिन करें।
3. स्क्रीन पर दिखाई देने वाले फॉर्म में अपनी विवरणी जैसे नाम, जन्मतिथि एवं अन्य जानकारी भरें।
4. एक सादे सफेद कागज़ पर अपने हस्ताक्षर या बाएं हाथ के अंगूठे का निशान बनाएं एवं मोबाइल से उसकी स्पष्ट फोटो खींचकर अपलोड करें।
5. घोषणा (Declaration) पढ़ें और बॉक्स में टिक करें।
6. Preview में सभी जानकारी जांच लें, फिर "Submit Enumeration Form......." बटन पर क्लिक करें।
7. गणना प्रपत्र सफलतापूर्वक जमा होने की सूचना SMS के माध्यम से मिल जाएगी।
8. उसके बाद, अपनी फोटो और दस्तावेज़ जमा करने के लिए दिए गए लिंक पर क्लिक करें।
9. आवश्यक दस्तावेजों की मोबाइल से फोटो लें और अपलोड करें।
10. आपकी फोटो और दस्तावेज़ भी सफलतापूर्वक जमा हो जाएंगे।

### ऑफलाइन माध्यम

अस्थायी रूप से स्थानांतरित (माइग्रेटेड) मौजूदा मतदाता वेबसाइट https://voters.eci.gov.in से पूर्व-भरा हुआ गणना प्रपत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

ऐसे मतदाता गणना प्रपत्र को प्रिंट कर हस्ताक्षरित कर सकते हैं और 25 जुलाई 2025 से पहले अपने बीएलओ तक, अपने पारिवारिक सदस्यों के माध्यम से या किसी भी ऑनलाइन माध्यम (जैसे व्हाट्सऐप आदि) द्वारा भेज सकते हैं, ताकि उनका नाम प्रारूप वोटर लिस्ट में सम्मिलित किया जा सके।

CBC 52101/13/0003/2526

- यदि आप आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध करा देते हैं तो निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी (ERO) को आवेदन को प्रोसेस करने में आसानी रहेगी।
- यदि आप आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा पाते हैं तो निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी(ERO) द्वारा स्थानीय जाँच या अन्य दस्तावेज के साक्ष्य के आधार पर निर्णय लिया जा सकेगा।
- 2003 की मतदाता सूची दिए गए लिंक https://voters.eci.gov.in/bh_2003_eroll पर उपलब्ध है।

अधिक जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 1950 पर कॉल करें

**मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार**


https://ceoelection.bihar.gov.in | Follow us on: BiharCEO CEOBihar Bihar_CEO | https://voters.eci.gov.in

# अरपा–भैंसाझार परियोजना : मुआवजा भुगतान के लिए दिए गए 591.79 करोड़

**रायपुर।** बिलासपुर जिले की महत्वपूर्ण सिंचाई योजना अरपा-भैंसाझार परियोजना के लिए किए गए भू-अर्जन हेतु कुल 591.79 करोड़ रुपए मुआवजा राशि जारी की गई है। यह जानकारी जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप ने विधायक धरमलाल कौशिक के एक लिखित प्रश्न के उत्तर में दी।

मंत्री ने बताया कि बिलासपुर जिले की अरपा-भैंसाझार परियोजना में नहर एवं हेडवर्क के भू-अर्जन प्रकरणों हेतु मार्च 2014 से 30 जून 2025 तक प्रशासकीय सेवा शुल्क हेतु 32.73 करोड़ एवं मुआवजा भुगतान हेतु राशि 559.06 करोड़, कुल 591.79 करोड़ की राशि अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं भू-अर्जन अधिकारी कोटा तथा बिल्हा के खाते में जमा की गई है। इस राशि में से राजस्व विभाग द्वारा कुल 105 ग्रामों में कुल 321.83 करोड़ का भुगतान किया गया है। परियोजना के निर्माण में प्रभावित 5814 कृषकों को 321.83 करोड़ का भुगतान किया जा चुका है एवं कुल 1482 कृषकों को राशि 63.86 करोड़ भुगतान किया जाना शेष है। राजस्व विभाग द्वारा जारी मांगपत्र के अनुसार भुगतान किया गया है। बिना मांगपत्र के एवं भुगतान की आवश्यकता के बिना कोई भी राशि जारी नहीं की गई है। अब तक पारित अवार्ड 391.52 करोड़ के विरुद्ध विभाग द्वारा 559.06 करोड़ एवं प्रशासकीय

**मंत्री केदार कश्यप ने विधानसभा में दी जानकारी**





सेवा शुल्क 19.35 करोड़ के विरुद्ध 32.73 करोड़ राजस्व विभाग के खाते में जमा किए गए हैं। इस प्रकार प्रशासकीय सेवा शुल्क एवं मुआवजा राशि हेतु राजस्व विभाग के खाते में अतिरिक्त राशि 180.92 करोड़ जमा है, जिसकी वापसी हेतु कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग कोटा द्वारा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बिल्हा एवं कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग कोटा द्वारा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कोटा को पत्र लिखा गया है।श्री कौशिक के प्रश्न के उत्तर में मंत्री ने ये भी बताया कि 12 मई 2025 की विभागीय समीक्षा बैठक दौरान परियोजना के मुआवजा भुगतान से संबंधित अनियमितता के लिए राज्य शासन द्वारा ईओडब्ल्यू से विस्तृत जांच कराए जाने के संबंध में कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। कलेक्टर बिलासपुर द्वारा गठित जिला स्तरीय जांच समिति द्वारा अरपा-भैंसाझार बैराज परियोजना के चकरभाठा वितरक नहर के ग्राम सकरी के मुआवजा भुगतान में अनियमितता पाई गई है। कलेक्टर बिलासपुर के पत्र के आधार पर जल संसाधन विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों के विरुद्ध जल संसाधन विभाग द्वारा विभागीय जांच संस्थित करते हुए आरोप पत्र जारी किए हैं।

### सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने दी जानकारी

# प्रदेश के चार शक्कर कारखाने 565.67 करोड़ घाटे में, मंत्री ने विस में बताया- क्यों हो रहा नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर






छत्तीसगढ़ के चार शक्कर कारखाने 31 मार्च 2024 की स्थिति में 565.67 करोड़ रुपए के नुकसान में चल रहे हैं। यह जानकारी सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा के एक प्रश्न के लिखित उत्तर में दी है।

शक्कर कारखानों में घाटे की स्थिति के साथ ही यह भी सवाल किया गया था कि घाटे को नियंत्रित करने के लिए कोई नीति बनाई गई है, तो क्या है। इसके जवाब में मंत्री ने बताया कि शक्कर कारखाने के घाटे के कारणों का अध्ययन कर कारखानों की वित्तीय स्थिति सुदृढ़ करने के लिए प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिए उच्च स्तरीय कमेटी का गठन किया गया है। साथ ही राष्ट्रीय स्तर की तकनीकी सलाहकार संस्थाओं राष्ट्रीय चीनी संघ नई दिल्ली तथा वसंत दादा शुगर इंस्टीट्यूट पुणे को कारखानों के तकनीकी निरीक्षण, परीक्षण कर तकनीकी परीक्षण प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिए अधिकृत किया गया है।

### किस कारखाने को कितना घाटा

मंत्री ने जानकारी में बताया कि किस कारखानों को 31 मार्च 2024 कि स्थिति में कितना घाटा हुआ। भोरमदेव शक्कर कारखाना को 92.13 करोड़, पंडरिया शक्कर कारखाना 232.95, महामाया अंबिकापुर 125.70, दंतेश्वरी बालोद शक्कर कारखाना 114. 89 करोड़। यह कुल घाटा 565.76 करोड़ रुपए होता है।

### घाटे का कारण क्या

मंत्री के लिखित उत्तर में बताया कि शक्कर कारखानों में घाटे के प्रमुख कारण क्या हैं। शक्कर कारखानों द्वारा नागरिक आपूर्ति निगम को प्रचलित बाजार दर से कम दर पर पीडीएस अंतर्गत शक्कर का विक्रय किया जाना, पेराई क्षमता के अनुसार गन्ने की पेराई न होना। कारखानों में स्थापित प्लांट एवं मशीनरी पुरानी होने के कारण मेंटेनेंस व्यय अधिक होना एवं पेराई क्षमता प्रभावित होना। भारत सरकार द्वारा जारी गन्ने की एफआरपी दर में प्रतिवर्ष वृद्धि के अनुपात में शक्कर के विक्रय मूल्य में वृद्धि नहीं होना। शक्कर विक्रय हेतु कोटा प्रणाली लागू होने के कारण कारखानों को शक्कर विक्रय करने में विलंब होना, कारखानों पर बकाया स्थापना ऋण एवं कार्यशील पूंजी ऋण पर प्रभारित ब्याज एवं दंड ब्याज।

## लू से हुई मौतों पर मुआवजा और शिक्षक युक्तियुक्तकरण का उठा मुद्दा, सुशांत ने पूछें सवाल

मानसून सत्र के पहले दिन बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने लू से हुई मौतो पर बांटे गए मुजावजा,शिक्षक युक्तियुक्तकरण और रोपणी को लेकर राजस्व मंत्री,शिक्षा और वन मंत्री से पूछे सवाल।



विधायक सुशांत ने राजस्व मंत्री से पूछा की राज्य में वर्ष 2021 से 20.06.2025 तक लू के प्रकोप से कितनी मौतें हुई और उक्त अवधि में हुई मृत्यु के कितने प्रकरणों में मुआवजा राशि प्रदान की गयी है,जिनमें सेf कितने प्रकरणों में मुआवजा राशि लंबित है। जिस पर जवाब देते हुए राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने बताया की इस अवधि में पूरे राज्य में कुल 93 लोगों की मौत लू की वजह से हुई है जिनमें से 90 प्रकरणों में मुआवजा दिया गया है,3 प्रकरणों में राजस्व न्यायालय एवं पुलिस अधीक्षक से अंतिम जांच प्रतिवेदन प्राप्त नहीं होने के कारण लंबित है। इसी तरह बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने सदन में शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण का मुद्दा उठाते मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से पूछा की प्रदेश में युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया अंतर्गत कितने शिक्षक विहीन/एकल शिक्षकीय विद्यालयों में शिक्षकों की पदस्थापना की गई ? कितने विद्यालयों का युक्तियुक्तकरण किया गया और कुल कितने शिक्षकों का जिले के बाहर स्थानांतरण किया गया? इसके अलावा युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया पश्चात प्रदेश के विद्यालयों में शिक्षकों के रिक्त पदों में से कितने पदों की पूर्ति हुई, कितने पद रिक्त हैं? साथ ही विभागीय अधिकारियों द्वारा किए गए अनियमितता पर सवाल उठाते हुए विधायक ने पूछा की क्या अनियमितत की शिकायतें प्राप्त हुई हैं ? यदि हां तो कहां-कहां से? उन पर क्या-क्या कार्यवाही की गई है। विधायक सुशांत शुक्ला ने वन मंत्री से पूछा की बिलासपुर जिले के अंतर्गत कितनी रोपणी हैं? विगत 3 वर्षों में किन-किन स्थलों में कितने-कितने रोपणी लगाए गए ? जिस पर जवाब देते हुए वन मंत्री श्री केदार कश्यप ने बताया की बिलासपुर जिले के अंतर्गत कुल 07 स्थाई तथा 11 अस्थाई कुल 18 रोपणियां है।

*विधानसभा में मुख्यमंत्री साय ने दी जानकारी*

## प्रदेश की स्कूलों में शिक्षकों के 22 हजार 464 पद रिक्त



छत्तीसगढ़ की स्कूलों में शिक्षकों को 22 हजार 464 पद रिक्त हैं। यह जानकारी मुख्यमंत्री एवं स्कूल शिक्षा विभाग के भारसाधक मंत्री विष्णुदेव साय ने विधानसभा में विधायक भोलाराम साहू के एक प्रश्न के लिखित उत्तर में दी है। लिखित उत्तर में बताया गया है कि राज्य के 33 जिलों में प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में ये पद रिक्त हैं। शिक्षकों के रिक्त पदों की गणना में प्राचार्यों के रिक्त पदों को शामिल नहीं किया गया है। जानकारी में बताया गया है कि प्राथमिक स्कूलों में शिक्षकों के कुल पद 7 हजार 957, पूर्व माध्यमिक में 7 हजार 734 और हाईस्कूल- हायर सेकेंडरी में 6 हजार 773 पद खाली हैं। रिक्त पदों की संख्या देखने से साफ होता है कि सबसे अधिक पद बेमेतरा जिले में खाली हैं। ये चारों स्तर की स्कूलों में हैं। अन्य जिलों में खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, बलौदाबाजार, बिलासपुर, बलरामपुर, जगदलपुर, मुंगेली, सुकमा जिले में भी सैकड़ों पद रिक्त हैं। सबसे कम रिक्त पद कोंडागांव जिले की स्कूलों में हैं।

■ सभी स्तर के स्कूलों में हैं पद खाली

## विधानसभा पहुंचा बोरे-बासी का हिसाब



एक मई को बोरे-बासी दिवस के रूप में उत्सव की तरह मनाते हुए इसके अंतर्गत खर्च की गई राशि का मामला अब विधानसभा में गूंज रहा है। तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह द्वारा विधानसभा के माध्यम से श्रम विभाग से बोरे-बासी दिवस मनाने के लिए प्रदेश स्तर पर खर्च की गई राशि की जानकारी मांगी गई है।

प्रदेश की पिछली सरकार द्वारा एक मई को श्रमिक दिवस के स्थान पर बोरे-बासी दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया था। इसके अंतर्गत रायपुर स्थित साइंस कॉलेज मैदान में 1 मई 2023 को बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में निर्माण श्रमिकों को शामिल किया जाना था, जिसकी जिम्मेंदारी श्रम विभाग को दी गई थी। वैसे तो यह कार्यक्रम प्रदेश स्तर का था, लेकिन इसमें रायपुर, बिलासपुर और मुंगेली जिले के ही श्रमिक मुख्य रूप से उपस्थित थे।

पूर्ववर्ती सरकार द्वारा श्रम विभाग के माध्यम से आयोजित उक्त कार्यक्रम में काफी पैसा खर्च करने की बात कही जा रही थी। इतना ही नहीं, बल्कि जितनी राशि आयोजन की व्यवस्था में खर्च की गई थी, उससे कहीं अधिक राशि के बंदरबांट होने के भी आरोप लगाए गए थे। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह द्वारा विधानसभा के मानसून सत्र में इस आयोजन में खर्च की गई राशि की विस्तृत जानकारी मांगी गई है। श्रम विभाग के अनुसार बिलासपुर जिले से इस कार्यक्रम में पांच हजार श्रमिकों को रायपुर ले जाने की जिम्मेंदारी दी गई थी, लेकिन सत्रह सौ श्रमिकों को ही ले जाया गया था। इन श्रमिकों को कार्यक्रम स्थल तक पहुंचाने के लिए आरटीओ द्वारा 34 बसों की व्यवस्था कर दी गई थी, जिससे श्रम विभाग को उन बसों के लिए सिर्फ डीजल की व्यवस्था करनी थी। जिले से इस कार्यक्रम के लिए करीब पांच लाख खर्च किए गए थे, जिसमें करीब 50 हजार रूपए श्रमिकों के एक समय के भोजन व पानी की व्यवस्था में खर्च किए गए थे।

■ पिछली सरकार द्वारा 1 मई को घोषित किया गया था बोरे-बासी दिवस

### आडिट कराया जा चुका है

शासन से प्राप्त निर्देशानुसार बिलासपुर से भी श्रमिकों को लेकर रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होना था। इसके लिए आरटीओ द्वारा 34 बसों की व्यवस्था की गई थी। श्रम विभाग द्वारा इन बसों में सिर्फ डीजल की व्यवस्था की गई थी। इसके अलावा कार्यक्रम में शामिल जिले के सत्रह सौ श्रमिकों को एक समय का भोजन व पानी दिया जाना था। जिले से इस कार्यक्रम के लिए लभभग पांच लाख रूपए खर्च किए गए थे, जिसका नियमानुसार ऑडिट भी कराया जा चुका है।

- **ज्योति शर्मा,** सहायक श्रमायुक्त

## नए विस परिसर में स्पीकर, सीएम, मंत्री और विधायकों ने लगाए पौधे

सोमवार को 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत नवीन विधानसभा परिसर नवा रायपुर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

नवीन विधानसभा परिसर में पौधारोपण अभियान की शुरुआत में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने गुलमोहर का पौधा लगाया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा, छत्तीसगढ़ की विधानसभा पूरे देशभर में अपने विशिष्ट कार्यकलापों के लिए जानी जाती है। छत्तीसगढ़ सरकार की 'एक पेड़ मां के नाम' योजना के तहत पूरे प्रदेशभर में पौधारोपण का महाभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत विधानसभा परिसर के समीप क्षेत्र को भी हरा-भरा रखने के उद्देश्य से विधायकों द्वारा यहां पौधे लगाये गए हैं। उन्होंने कहा, वन है तो जल है और जल है तो जीवन है, इसलिए आज यह आवश्यक है कि पर्यावरण को संतुलित करने के लिए हमें अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। उन्होंने कहा, रोपित पौधों की देखभाल नवीन विधानसभा परिसर में नियमित रूप से की जाएगी और हमारा यह प्रयास होगा कि विधायकों द्वारा रोपित पौधे शीघ्र ही वृक्षों का रूप धारण करें एवं विधानसभा परिसर को हरा भरा रखें।इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, पूरे प्रदेश में पौधारोपण का महाभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में नवीन विधानसभा परिसर के आसपास को भी हरा-भरा रखने के लिए निर्वाचित प्रतिनिधियों द्वारा जो पौधे लगाए जा रहे हैं। वे जनप्रतिनिधि अपने द्वारा रोपित पौधों को नवीन विधानसभा में अपने प्रवास के दौरान देख सकेंगे एवं इसकी स्मृतियां उनके मन-मस्तिष्क में हमेशा अंकित रहेंगी।

■ 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम के तहत पौधारोपण

## पूर्व राज्यपाल और मंत्री को सदन में दी श्रद्धांजलि

छग विस का मानसून सत्र सोमवार से शुरू हो गया। पहले दिन की कार्यवाही की शुरुआत बेहद भावुक माहौल में हुई, जब सदन ने छग के पूर्व राज्यपाल दिवंगत शेखर दत्त और अविभाजित मध्यप्रदेश शासन के पूर्व मंत्री दिवंगत राजा सुरेंद्र बहादुर सिंह को श्रद्धांजलि दी। सदन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, स्पीकर डॉ. रमन सिंह और नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने दोनों दिवंगत नेताओं को याद करते हुए उनके योगदान और व्यक्तित्व को याद किया। पूरे सदन ने दोनों दिवंगतों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। सदन में वक्ताओं ने उनके साथ बिताए पलों को साझा करते हुए कहा, उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। छत्तीसगढ़ को आगे ले जाने में इन लोगों ने बड़ी भूमिका निभाई।

## 413 उपार्जन केंद्रों में 24.78 मीट्रिक टन धान शार्टेज

छत्तीसगढ़ में वर्ष 2024-25 में राज्य के 413 धान उपार्जन केंद्रों में कुल 24.78 मीट्रिक टन धान का शार्टेज हुआ है। यह जानकारी राज्य विधानसभा में सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने विधायक कुंवर सिंह निषाद के एक प्रश्न के लिखित उत्तर में दी। मंत्री ने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में राज्य के कुल 2739 उपार्जन केंद्रों में से 2025 केंद्रों का लेखा मिलान उपरांत 413 केंद्रों में 247876.37 क्विंटल धान की कमी पाई गई है। राज्य के सभी समितियों का लेखा मिलान होने के बाद खरीफ विपणन वर्ष में कुल कमी ज्ञात हो सकेगी। वर्तमान में शेष 714 उपार्जन केंद्रों में लेखा मिलान कार्य प्रगति पर है।

*विधायक चंद्राकर ने उठाए सवाल, कहा- आरक्षण रोस्टर का नहीं किया पालन*

## महेंद्र कर्मा विवि में भर्ती में अनियमितता साय ने कहा- जांच के बाद होगी कार्रवाई



भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने प्रश्नकाल में मुद्दा उठाया कि शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर अंतर्गत सेटअप अनुसार पदों की भर्ती का मामला, कितने पदों की भर्ती स्वीकृत है? भर्ती के लिए क्या आरक्षण रोस्टर का पालन किया गया? हां तो जानकारी बताए? भर्ती के संबंध में शिकायत प्राप्त हुई, यदि हां तो कब और क्या कार्यवाही हुई?जवाब में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, विश्वविद्यालय में 59 शैक्षणिक पदों पर प्राध्यापक 10, सह प्राध्यापक 19, सहायक प्राध्यापक 30 पदों की भर्ती के लिए 5 अक्टूबर 2023 को विज्ञापन जारी किया गया था। 10 में से 8 विभागों में नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। श्री चंद्राकर ने कहा, इस भर्ती में मनमानी की गई है। 46, 54, 42, 48 साल के व्यक्ति को सलेक्ट किया गया है, जबकि 40 के ऊपर के व्यक्ति की भर्ती नहीं की जा सकती। इसकी पूरी जांच कराने की मांग की। मुख्यमंत्री ने कहा कि महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर में जो भर्ती हुई है, उसके संबंध में शिकायत मिली थी। जांच कमेटी का गठन किया गया है। जांच हो रही है, रिपोर्ट आने पर कार्यवाही की जाएगी।

### तीन चरणों को पूरा कर ही सायबर विशेषज्ञ की नियुक्ति की जा सकती है, केन्द्र की ओर से सितंबर 2025 तक प्रक्रिया पूरी करने की बात कही गई

# छत्तीसगढ़ में एक भी साइबर एक्सपर्ट नहीं, हाईकोर्ट ने केन्द्र से पूछा - कब तक होगी नियुक्ति

**बिलासपुर।** प्रदेश में साइबर अपराध के प्रकरणों के लिए अहम इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य के लिए विशेषज्ञ नहीं होने को लेकर लगाई गई जनहित याचिका पर सोमवार को सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा और जस्टिस विभू दत्त गुरु की डिविजन बैंच ने केंद्र सरकार के अधिवक्ता से पूछा कि आखिर कब तक होगी नियुक्ति..?

इस पर केंद्र की ओर पेश अधिवक्ता रमाकांत मिश्रा ने कहा कि एक के बाद एक तीन चरणों को पूरा कर ही सायबर विशेषज्ञ की नियुक्ति की जा सकती है। पहले चरण में फॉरेंसिक लैब की स्थापना है। इसके बाद अन्य दो चरणों के पूरे होने बाद नोटिफिकेशन जारी की जाएगी। इस प्रक्रिया में सितंबर 2025 तक का समय लगेगा। इस पर चीफ जस्टिस ने केंद्र से कहा कि, समाज की भलाई के लिए आपने एक संस्था बनाई है और आप उसका हेड बना रहे हैं, अगर उसकी नियुक्ति में इतनी जटिलताएं होंगी तो पूरा मामला ऐसा ही होगा। दरअसल शिरीन मालेवर ने अधिवक्ता रुद्र प्रताप दुबे और गौतम खेत्रपाल के माध्यम से जनहित याचिका दायर की है। पहले हुई सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि देश भर में 16 जगह पर एक्सपर्ट की नियुक्ति की गई है। यह नियुक्ति केंद्र सरकार के द्वारा की जाती है फिलहाल छत्तीसगढ़ प्रदेश में किसी एक्सपर्ट की नियुक्ति नहीं हुई है। कोर्ट ने सुनवाई करते हुए कहा कि आईटी अधिनियम राज्य के लिए धारा 79 के तहत इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य का कोई परीक्षक नहीं है, इस पद पर नियुक्ति की जाए। चीफ जस्टिस ने सुनवाई के दौरान टिप्पणी की कि यह एक गंभीर चिंता का विषय है। साइबर अपराध हो रहे हैं, इसलिए ऐसे एक्सपर्ट की नियुक्ति बहुत जरूरी है। गंभीरता को समझकर तत्काल निर्णय लें।



### प्रक्रियाओं को पूरा करने में लगेंगे दो महीने

पिछली सुनवाई के दौरान राज्य शासन के साथ ही केंद्र सरकार की ओर से बताया गया कि राज्य के अनुरोध पर, भारत संघ की एक टीम ने साइबर फोरेंसिक प्रयोगशाला का निरीक्षण किया और उन्होंने कुछ कमियां बताईं थी। टीम द्वारा बताई गई कमियों को दूर कर दिया गया है और केंद्र से अनुरोध किया गया है। वही तीन चरण की प्रक्रिया में एक चरण को पूरा किया गया है और उसकी कुछ जानकारी बाकी है। बचे हुए दो चरणों को पूरा करने के बाद नोटिफिकेशन जारी करते हुए प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा। सोमवार को सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार का पक्ष रखने वाले अधिवक्ता ने इन प्रक्रियाओं को पूरा होने को लेकर दो महीने का समय बताया जिस पर कोर्ट ने और अधिक समय नहीं देने की बात कहते हुए कोर्ट ने कहा हम आशा और विश्वास करते हैं कि जल्द नियुक्ति की जाएगी। वहीं इस मामले को अक्टूबर 2025 में सुनवाई के लिए रखा गया है। अगली सुनवाई 6 अक्टूबर 2025 को होगी।

## डीके हास्पिटल में अव्यवस्था, हाईकोर्ट ने मामले को संज्ञान में लिया

सिम्स में अव्यवस्था को लेकर चल रही जनहित याचिका के साथ डी के एस अस्पताल रायपुर में मरीजों के परिजनों के रहने का इंतजाम नहीं होने पर भी संज्ञान लिया गया है, हाईकोर्ट में आन इस मामले की सुनवाई होने के बाद इसे मानिटरिंग के लिए अगले माह के लिए निर्धारित किया गया है एक मीडिया रिपोर्ट में बताया गया था कि, मरीजों के साथ आए तीमारदार खुले आसमान के नीचे रहते हैं और वे डीकेएस अस्पताल के पार्किंग क्षेत्र में ही रह रहे हैं, इस मामले को गत माह सुनवाई में सूचीबद्ध किया गया उपरोक्त समाचार रिपोर्ट के अनुसार, मरीजों के तीमारदारों को कूलर और पंखे की सुविधा के बिना बरामदे में रहने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। समाचार रिपोर्ट में कहा गया है कि उक्त अस्पताल का उपयोगिता क्षेत्र कई वर्षों से बंद है, डीकेएस अस्पताल के अधीक्षक का बयान भी प्रकाशित हुआ है, उन्होंने बताया था कि ऊपरी मंजिल पर मरीजों के तीमारदारों के लिए व्यवस्था की गई है और शेड के निर्माण की भी योजना है, अंबेडकर अस्पताल के अधीक्षक ने कहा कि मरीजों के परिचारों के लिए आवास निर्माण की योजना है और इस संबंध में बैठक आयोजित की गई है। आज चीफ जस्टिस की डीबी में हुई सुनवाई के बाद शासन की ओर से बताया गया कि संबंधित अस्पतालों के अधीक्षकों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया जा चुका है कि अस्पताल के मानदंडों के अनुसार परियारकों को अस्पताल परिसर में प्रवेश की अनुमति दी जाए और परिचारकों को यह भी अवगत कराया जाए कि मरीजों के साथ केवल दो परिचारकों को ही रहना आवश्यक है, मरीजों और अन्य व्यक्तियों के परिजनों द्वारा किए गए किसी भी अतिक्रमण से दोनों अस्पतालों में आए मरीजी और अन्य व्यक्तियों को असुविधा हो सकती है, इसके अलावा अन्य आवश्यक व्यवस्था परिजनों के लिए की जा रही है। हाईकोर्ट ने इस मामले को मानिटरिंग के लिए अगले माह सुनवाई हेतु निर्धारित किया है।

## तालाब में 4 बच्चे डूब गए, हाईकोर्ट ने सरकार से जवाब मांगा

हाइकोर्ट ने जांजगीर-चांपा जिले में तालाब में नहाने गए भाई-बहन समेत 4 बच्चों की डूबने से हुई मौत के मामले को लिया संज्ञान, मुख्य सचिव से व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल कर मांगा जवाब मांगा है। ध्यान रहे कि जांजगीर-चांपा जिले में बीते शनिवार को स्कूल से लौटते वक्त तालाब में नहाने गए भाई बहन समेत 4 बच्चों की डूबकर मौत हो गई। घटना बलोदा थाना क्षेत्र के भैंसतरा गांव की थी। इस मामले में मुख्य न्यायाधीश रमेश कुमार सिन्हा और विभु दत्त गुरु को डबल बेंच में जनहित याचिका के रूप में सोमवार सुनवाई हुई। जिसमें मुख्य न्यायाधीश ने बच्चों की सुरक्षा को लेकर टिप्पणी करते हुए कहा कितनी गलत बात है..? कि स्कूल से लौटते वक्त 4 बच्चे पानी में डूब जाते हैं। यह सरकार की भी जिम्मेदारी है। वही कांकेर में प्रकाशित एक अन्य खबर को भी संज्ञान लिया है जिसमें स्कूली बच्चों को जान जोखिम में डालते हुए नाला पार कर स्कूल जाने की मजबूरी नजर आई। इन दोनों खबरों के मीडिया में प्रकाशित किए जाने पर हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया। वही इस मामले में राज्य शासन की तरफ से मुख्य सचिन को व्यक्तिगत शपथ पत्र में जवाब देने का आदेश दिया है। इस पूरे मामले की अगली सुनवाई 29 जुलाई रखी गई है।

## एडवोकेट नहीं पहुंची, प्राचार्य पदोन्नति पर मामला अब 16 को

छत्तीसगढ़ में प्राचार्य पदोन्नति को लेकर होने वाली सुनवाई सोमवार को टल गई। याचिकाकर्ता की अधिवक्ता नियत समय पर उपस्थित नहीं हो सकीं, जिससे मामला 16 जुलाई तक के लिए टल गया। यह याचिका न्यायमूर्ति रविंद्र कुमार अग्रवाल की कोर्ट में लिस्टेड थी और सूची में 90 वें क्रम पर थी, जहां तक पहुंचना मुश्किल माना जा रहा था। ऐसे में राज्य की ओर से एडवोकेट यशवंत ठाकुर ने मेंशन कर शीघ्र सुनवाई की मांग की, जिसे न्यायालय ने स्वीकार करते हुए अपराह्न 4 बजे का समय नियत किया। याचिकाकर्ता की वकील नहीं पहुंची तो एजी ने उन्हें कॉल कर उपस्थित होने कहा। उपस्थिति के बाद जब अधिवक्ता ने सुनवाई की इच्छा जताई, तब न्यायमूर्ति अग्रवाल ने स्पष्ट रूप से कहा कि अब यह मामला 16 जुलाई को सुना जाएगा, और उस दिन यदि याचिकाकर्ता पक्ष अनुपस्थित रहा तो भी निर्णय दे दिया जाएगा। गौरतलब है कि इसी विषय से जुड़े एक अन्य मामले को डबल बेंच पहले ही खारिज कर चुकी है, जिससे यह संभावना जताई जा रही है कि प्राचार्य पदोन्नति पर लगा स्टे अब हट सकता है और जल्द ही पोस्टिंग की प्रक्रिया को अंतिम रूप मिल सकता है।

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | बिलासपुर, मंगलवार 15 जुलाई 2025




## ऐसी वापसी

**अनडॉकिंग :** क्रू ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट धीरे-धीरे आईएसएस से अलग हुआ। इस प्रक्रिया को अनडॉकिंग कहा जाता है। यह पूरी तरह स्वचालित (ऑटोमैटेड) होती है, लेकिन अंतरिक्ष यात्री इसे सतर्कता से मॉनिटर करते हैं।

**पृथ्वी की ओर वापसी :** अनडॉकिंग के बाद स्पेसक्राफ्ट पृथ्वी की ओर बढ़ा। फिर रेट्रोग्रेड बर्न के जरिए रॉकेट फायरिंग की जाएगी ताकि यान पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण क्षेत्र में प्रवेश कर सके।

**वायुमंडल में प्रवेश और जबरदस्त घर्षण :** जैसे ही यान पृथ्वी के वायुमंडल में दाखिल होगा, उसे जबरदस्त गर्मी और घर्षण का सामना करना पड़ेगा। इस समय यान की रफ्तार करीब 28,000 किमी/घंटा होगी, जो उतरते समय धीरे-धीरे कम हो जाएगी।

**पैराशूट से सुरक्षित लैंडिंग :** वायुमंडल में प्रवेश के बाद पहले छोटे और फिर बड़े पैराशूट खुलेंगे, जो यान की रफ्तार को काफी कम कर देंगे। यह प्रक्रिया यान की सुरक्षित स्प्लैशडाउन लैंडिंग सुनिश्चित करती है। नासा के अनुसार, यदि मौसम अनुकूल रहा तो शुभांशु शुक्ला और उनका दल कैलिफोर्निया तट के पास समुद्र में उतरेंगे। नासा इस लैंडिंग को लाइव प्रसारित भी करेगा।

**वापसी का समय और रिकवरी :** अनडॉकिंग से लेकर स्प्लैशडाउन तक की प्रक्रिया में कुल 12 से 16 घंटे लग सकते हैं। क्रू ड्रैगन आमतौर पर अटलांटिक महासागर या गल्फ ऑफ मेक्सिको में उतरता है। स्पेस एक्स की रिकवरी टीम तुरंत पहुंचकर यान को जहाज पर लिफ्ट करती है और यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकालती है।

# ड्रैगन कैप्सूल स्पेस स्टेशन से अलग... धरती की ओर शुभ-कदम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

ड्रैगन ग्रेस अंतरिक्ष यान के सोमवार को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से अलग होने के साथ शुभांशु शुक्ला और वाणिज्यिक एक्सिओम-4 मिशन के तीन अन्य अंतरिक्ष यात्रियों की पृथ्वी की वापसी यात्रा शुरू हो गई। पिछले 18 दिनों से चारों अंतरिक्ष यात्री आईएसएस पर थे।

ड्रैगन अंतरिक्ष यान आईएसएस से भारतीय समयानुसार शाम 4:45 बजे अलग हुआ। इसमें मूल कार्यक्रम से 10 मिनट की देरी हुई तथा कक्षीय प्रयोगशाला से दूर जाने के लिए उसने दो बार थ्रस्टर्स चालू किए। शुक्ला, कमांडर पैगी व्हिटसन, तथा मिशन विशेषज्ञ पोलैंड के स्लावोज़ उज़्नान्स्की-विस्नीव्स्की और हंगरी के टिबोर कापू सहित एक्सिओम-4 के चालक दल ने 26 जून को आईएसएस से जुड़ने के बाद से लगभग 76 लाख मील की दूरी तय करते हुए पृथ्वी के चारों ओर लगभग 433 घंटे या 18 दिन में 288 परिक्रमाएं कीं।

गले मिलने और हाथ मिलाने के बाद, चारों अंतरिक्ष यात्री अनडॉकिंग से लगभग दो घंटे पहले ड्रैगन अंतरिक्ष यान में प्रवेश कर गए, अपने स्पेससूट पहन लिए और भारतीय समयानुसार अपराह्न 2:37 बजे अंतरिक्ष यान को आईएसएस से जोड़ने वाले हैच को बंद कर दिया। रविवार को आईएसएस पर विदाई समारोह में शुक्ला ने कहा, जल्दी ही धरती पर मुलाकात करते हैं। राकेश शर्मा के 1984 में अंतरिक्ष की यात्रा करने के बाद शुक्ला दूसरे भारतीय अंतरिक्ष यात्री हैं।

### वापसी का सफर

| | | | |
|---|---|---|---|
| 18 दिनों | 23 घंटे | 15 जुलाई | 3:00 बजे |
| तक आईएसएस में रहे | में पृथ्वी पर पहुंचेंगे | को लौटेंगे शुभांशु शुक्ला | अपरान्ह पृथ्वी पर होगी लैंडिंग |

- शाम 4 .45 बजे आईएसएस से अलग हुआ ड्रैगन
- लौटने में मूल कार्यक्रम से 10 मिनट की देरी हुई





### क्या लेकर आ रहे शुभांशु शुक्ला

ड्रैगन यान में लगभग 263 किलो वैज्ञानिक उपकरण और डेटा साथ लाया जा रहा है। इनमें नासा के हार्डवेयर और 60 से ज्यादा अंतरिक्ष प्रयोगों से जुड़े आंकड़े शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### सीजेआई को संक्रमण दिल्ली में हो रहा इलाज



**नई दिल्ली।** सीजेआई बीआर गवई को हैदराबाद की उनकी हालिया आधिकारिक यात्रा के दौरान गंभीर संक्रमण होने का पता चला। दिल्ली के एक अस्पताल में इलाज के बाद उनकी हालत में सुधार हो रहा है। उम्मीद है कि एक या दो दिन में उन्हें छुट्टी मिल जाएगी तथा वह अपना काम फिर से शुरू कर देंगे।

### पेड़ से टकराई तेज रफ्तार कार, चार की मौत

**श्योपुर।** श्योपुर जिले में सोमवार तड़के एक तेज रफ्तार कार के पेड़ से टकरा जाने के कारण चार लोगों की मौत हो गई। मृतक बृजेंद्र जाट (33), हरिराम यादव (60), मुकेश यादव (28) और हवा सिंह गुर्जर (25), राजस्थान के कोटपुतली के निवासी थे। यह दुर्घटना कलितलाई गांव के पास रात करीब एक बजे उस समय की है, जब कार में सवार लोग ग्वालियर से राजस्थान के कोटपुतली जा रहे थे। अचानक गाय के रास्ते में आ जाने से चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया।

### तीन स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी अफवाह निकली



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में दो स्कूल और एक 'नेवी चिल्ड्रन स्कूल' को बम से उड़ाने की धमकी मिली। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ने गहन जांच के बाद अधिकारियों ने 'अफवाह' घोषित कर दिया। प्रशांत विहार और द्वारका सेक्टर-16 स्थित केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल विद्यालयों और चाणक्यपुरी स्थित 'नेवी चिल्ड्रन स्कूल' को धमकी भरे ईमेल मिले।

### तिरुपति में ट्रेन के खाली डिब्बे में आग

**तिरुपति।** आंध्र प्रदेश के तिरुपति रेलवे स्टेशन पर रखरखाव के लिए खड़ी एक ट्रेन के एक खाली डिब्बे में आग लग गई, जिसे तुरंत बुझा दिया गया। अपराह्न करीब दो बजे केवल एक डिब्बे में आग लगी। इसे बहुत जल्दी काबू में कर लिया गया। दमकल विभाग ने आकर तुरंत आग पर नियंत्रण कर लिया। दक्षिण मध्य रेलवे (एससीआर) जोन की एक विज्ञप्ति में ट्रेन की पहचान हिसार-तिरुपति स्पेशल (ट्रेन संख्या 04717) के रूप में की गई है।

### विमान के पंख को ट्रक ने मारी टक्कर



**मुंबई।** मुंबई हवाई अड्डे पर खड़े अकासा एअर के एक विमान के पंख को सोमवार को 'बर्ड ग्रुप' के एक ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे विमान के दाहिने पंख को कुछ नुकसान पहुंचा है। इस घटना में यात्रियों या कर्मचारियों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। यह घटना उस समय हुई जब एयरलाइन का विमान क्यूपी-1736 बेंगलुरु से यहां पहुंचा।

### शून्यकाल में नेता प्रतिपक्ष ने लाया स्थगन प्रस्ताव, स्पीकर ने किया नामंजूर

# खाद-बीज संकट पर हंगामा, कांग्रेस के 22 विधायक निलंबित, मंत्री बोले- कारण वैश्विक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र की शुरुआत सोमवार को हुई। विपक्ष ने राज्य में खाद और बीज संकट को लेकर मोर्चा खोल दिया। विपक्ष के विधायकों ने सरकार पर तीखा प्रहार किया। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने शून्यकाल में इस मुद्दे को उठाया। उन्होंने सरकार पर हमला करते हुए कहा, राज्य में खाद की भारी किल्लत है, जिससे किसानों को बेहद परेशानी हो रही है, इस वजह से प्रदेश के किसान गुस्से में हैं। नेता प्रतिपक्ष ने स्थगन प्रस्ताव के जरिए चर्चा की मांग रखी।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी इस मुद्दे पर सरकार को घेरते हुए कहा, छत्तीसगढ़ में खाद संकट गहराता जा रहा है। किसान दोगुने दामों पर खाद खरीदने को मजबूर हैं। सरकार पूरी तरह विफल है। पूर्व मंत्री उमेश पटेल ने भी डीएपी खाद की कमी को लेकर चिंता जताई और कहा, किसान आंदोलित हैं, ऐसे में इस विषय पर गंभीर चर्चा होनी चाहिए। सोसाइटियों में डीएपी नहीं है। बाहर दुकानों में खाद दो हजार रुपए में बिक्री ⏭ शेष पेज 6 पर

### विस का मानसून सत्र



डॉ. चरणदास महंत
नेता प्रतिपक्ष

- पहले ही दिन सरकार पर विपक्ष ने किया तीखा प्रहार
- नेता प्रतिपक्ष ने स्थगन के जरिए रखी चर्चा की मांग



भूपेश बघेल
पूर्व मुख्यमंत्री

### किसानों को उर्वरकों के संतुलित उपयोग के लिए कर रहे जागरूक : नेताम



इस पर कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा, किसानों को उर्वरकों के संतुलित उपयोग के लिए जागरूक कर रहे हैं और वैकल्पिक खाद के उपयोग की भी जानकारी प्रशिक्षण के जरिए दी गई है। फास्फेटिक खाद की आपूर्ति प्रभावित हुई है, इसलिए हमने बहुत पहले से वैकल्पिक व्यवस्था की। ⏭ शेष पेज 6 पर


**विपक्ष के 22 सदस्य निलंबित:** कृषि मंत्री के सदन में खाद संकट पर वक्तव्य के बाद विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने विपक्ष का स्थगन प्रस्ताव नामंजूर कर दिया। अध्यक्ष ने कहा, मंत्री के वक्तव्य के बाद प्रस्ताव की आवश्यकता नहीं रह ⏭ शेष पेज 6 पर

## आरआई परीक्षा में धांधली, भाजपा विधायक ने ही मंत्री को घेरा, विपक्ष ने की नारेबाजी

*मंत्री ने कहा- जांच के बाद होगी कार्रवाई, विपक्ष ने किया बहिर्गमन सीबीआई जांच की मांग*

छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र के पहले ही दिन प्रश्नकाल के दौरान विधायक राजेश मूणत ने राजस्व मंत्री को घेरा। उन्होंने राजस्व निरीक्षक की विभागीय परीक्षा में अनियमितता का मुद्दा उठाया। सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच इस दौरान जमकर हंगामा भी हुआ। विपक्ष ने सरकार पर दोषियों को बचाने का आरोप लगाया लगाते हुए नारेबाजी भी की। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा, मामले में जांच के बाद दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी। पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने इस मामले में सीबीआई जांच की मांग की, इसके बाद विपक्ष ने सदन से वॉकआउट किया।

प्रश्नकाल में भाजपा विधायक मूणत ने पूछा, राजस्व निरीक्षक प्रमोशन परीक्षा में कुल कितने अभ्यर्थी सम्मिलित हुए और प्रक्रिया क्या थी? जवाब में राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने ⏭ शेष पेज 6 पर



राजेश मूणत
विधायक



टंकराम वर्मा
राजस्व मंत्री

### सीबीआई से कराएं जांच : भूपेश

पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि 2024 में परीक्षा ली गई है और सत्ता पक्ष आरोप लगा रहा है कि पिछली सरकार में परीक्षा हुई, जिसपर टंक राम वर्मा ने कहा, जनवरी 2024 में परीक्षा हुई। इस पर विपक्ष ने कहा, इस समय भाजपा सरकार थी, इसे लेकर विपक्ष ने जमकर हंगामा किया और सरकार ⏭ शेष पेज 6 पर

## डीएपी की कमी पूरी करने एनपीके-एसएसपी और नैनो डीएपी का भरपूर स्टॉक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राज्य में रासायनिक उर्वरक की कोई कमी नहीं है। चालू खरीफ सीजन के लिए सभी प्रकार की रासायनिक उर्वरक सहकारी समितियों एवं निजी विक्रय केंद्रों में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। वैश्विक परिस्थिति के चलते डीएपी खाद के आयात में कमी को देखते हुए प्रदेश सरकार द्वारा इसके विकल्प के रूप में अन्य रासायनिक उर्वरकों की भरपूर आपूर्ति एवं वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

- राज्य में 1,79,000 बॉटल नैनो डीएपी भंडारित, निरंतर आपूर्ति जारी

राज्य में डीएपी की आपूर्ति में कमी से किसानों को किसी भी तरह की दिक्कत न हो, इसे ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार द्वारा इसके विकल्प के रूप में 179000 बॉटल नैनो डीएपी, ⏭ शेष पेज 6 पर



### किसानों को परेशान होने की जरूरत नहीं : साय

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, डीएपी खाद की कमी को लेकर किसानों को परेशान होने की जरूरत नहीं है। इसके विकल्प के रूप में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा अन्य रासायनिक उर्वरक जैसे नैनो डीएपी, एनपीके ⏭ शेष पेज 6 पर

### 62 प्रतिशत डीएपी की उपलब्धता


चालू खरीफ सीजन के लिए डीएपी उर्वरक के निर्धारित 3.10 लाख मीट्रिक टन लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 1 लाख 63 मीट्रिक टन से अधिक का भंडारण हो चुका है। डीएपी की आपूर्ति निरंतर जारी है। अभी जुलाई माह में 48 हजार मीट्रिक टन डीएपी उर्वरक की आपूर्ति राज्य को होगी। राज्य के सहकारी क्षेत्र में उर्वरकों का भंडारण प्राथमिकता के आधार पर कराया गया है। राज्य के सहकारी क्षेत्र में डीएपी उर्वरक की उपलब्धता राज्य की कुल उपलब्धता का 62 प्रतिशत है।

## लाइव सीन बन गया आखिरी पल शूटिंग के दौरान स्टंटमैन की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

साउथ सिनेमा से एक दुखद खबर सामने आई। डायरेक्टर पा. रंजीत और एक्टर आर्या की अपकमिंग फिल्म के सेट पर बड़ा हादसा हो गया है। सेट पर कार स्टंट करते हुए एक फेमस स्टंट आर्टिस्ट राजू (मोहनराज) की मौत हो गई है। साउथ एक्टर विशाल ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए स्टंटमैन राजू के निधन की पुष्टि की है, साथ ही उनकी मौत पर दुख भी जताया है। डायरेक्टर पा. रंजीत, नागपट्टिनम में अपनी नई फिल्म 'वेट्टूवम' की शूटिंग कर रहे थे। सेट पर स्टंट करते हुए एक बड़ा हादसा हो गया।

- अपकमिंग फिल्म 'वेट्टूवम' के सेट पर बड़ा हादसा



### स्टंट आर्टिस्ट की मौत से दुखी एक्टर विशाल

स्टंट आर्टिस्ट राजू (मोहनराज) के निधन से तमिल एक्टर विशाल को गहरा दुख पहुंचा है। उन्होंने इस मुश्किल वक्त में स्टंट आर्टिस्ट के परिवार की मदद करने का वादा किया है।

**वायरल वीडियो में दिखा स्टंट :** स्टंटमैन राजू उर्फ मोहनराज एक एसयूवी गाड़ी चला रहे थे, जो रैंप से गुजरी और फिर पलट गई। गाड़ी सीधे नीचे गिरी और उसका आगे का हिस्सा जोर से जमीन से टकराया। वीडियो में देखा जा सकता है कि राजू को गाड़ी से निकाला जा रहा है।

## हाईवे में खड़े ट्रक को बस ने मारी टक्कर, दो की मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर/बस्तर

रायपुर से जगदलपुर आ रही निजी ट्रेव्हल्स की बस हाईवे में खड़े ट्रक से सोमवार सुबह टकरा गई। इस हादसे में बस के चालक व परिचालक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा इतना जबरदस्त था कि बस का चालक स्टेयिरिंग में फंस गया था। मौके पर पहुंची पुलिस ने बस को कटर से काटकर चालक को बाहर निकाला। इस हादसे में बस में सवार कुछ यात्रियों को भी चोटें आई है। ⏭ शेष पेज 6 पर

- स्टेयरिंग में फंसे चालक को कटर से काटकर निकालना पड़ा

## व्यापमं में नकल के बाद सिस्टम हुआ सख्त अब मेटल डिटेक्टर से जांच अनिवार्य

बिलासपुर नकल प्रकरण के बाद सख्त हुआ व्यापम, 24 घंटे के भीतर बदले गए नियम

- व्यापम अध्यक्ष ने सभी जिला कलेक्टर को जारी किया आदेश, पहली बार ड्रेस कोड लागू
- 20 जुलाई को होने वाली जल संसाधन इंजीनियर भर्ती परीक्षा से लागू होंगे नए नियम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बिलासपुर में नकल प्रकरण सामने आने के बाद व्यापम सख्त हो गया है। 24 घंटे के भीतर ही व्यापम ने अपने नियम बदल दिए हैं। अब व्यापम की सभी परीक्षाओं में मेटल डिटेक्टर से जांच अनिवार्य कर दी गई है। अब तक केवल हाथों से ही तलाशी ली जाती थी। इसके कारण परीक्षार्थियों के अंतःवस्त्र में छिपे हुए उपकरण ⏭ शेष पेज 6 पर

### पीएससी में भी नहीं है ड्रेसकोड

व्यापम की परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को भी अब नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं की तर्ज पर ड्रेसकोड का पालन करना होगा। परीक्षार्थी केवल आधे बांह के कपड़ों में ही परीक्षा दिलाने जा सकते हैं। किसी भी तरह के आभूषण भी बैन कर दिए गए हैं। नकल प्रकरण के बाद व्यापम पीएससी से भी अधिक सख्त हो गया है। व्यापम से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों से भी नियमों का सख्ती से पालन करने कहा गया है।

### नीट की तर्ज पर व्यवस्था

नकल रोकने व्यापम नए सिरे से व्यवस्था कर रहा है। नीट की तरह आधी बांह के कपड़ों और स्लीपर में अभ्यर्थी पर्चे हल करेंगे।

-केदार पटेल, सह परीक्षा नियंत्रक, व्यापम

### परीक्षार्थियों के लिए भी निर्देश जारी

नकल प्रकरण के बाद व्यापम ने अपनी व्यवस्थाओं में बदलाव करने के साथ ही परीक्षार्थियों के लिए भी दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। व्यापम परीक्षार्थियों को अब नए बदलाव का सामना करना होगा। व्यापम ने इन्हें अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है। जल संसाधन विभाग के अंतर्गत 20 जुलाई को होने वाली इंजीनियर भर्ती परीक्षा से ये नए नियम लागू होंगे।

- चूंकि अब मेटल से जांच होगी इसलिए छात्रों को कम से कम 2 घंटे पहले परीक्षा केंद्र में पहुंचना होगा।
- परीक्षा शुरू होने के 15 मिनट पूर्व मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा। अब तक परीक्षा शुरू होने के 5 मिनट पहले द्वार बंद किए जाते थे।
- हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनने होंगे।
- घड़ी, पर्स, बेल्ट, टोपी आदि पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है।
- जूता या सैंडिल पहनकर आने पर परीक्षार्थियों को प्रवेश नहीं मिलेगा। केवल चप्पल या स्लीपर पहने जा सकते हैं।
- कानों में किसी भी तरह के आभूषण पहनने पर पाबंदी लगा दी गई है।
- परीक्षा प्रारंभ होने के शुरुआती आधे घंटे और अंतिम के आधे घंटे में वॉशरूम जाने की इजाजत नहीं होगी।


AMITY UNIVERSITY CHHATTISGARH

AMITY RAIPUR BIOTECH

The Science of Innovation & Life

- 217 Companies visited for placement (2024) including Nestle, Strand Life Science, Artemis, Amul, Pfizer, Himalaya...; Highest CTC Rs. 19 LPA
- Research collaborations with ICAR-NISBM, AIIMS-Raipur, NBAIM, UNICEF, Research Lab-DRDO...
- 6 Centres of Excellence including Ayurvedic Medicines & Research, Climate Energy & Environment, Tribal Development, Gender Studies, IPR...
- 70 Labs with hi-end equipment like HPLC, -80°C Deep Freezer, Animal Cell Culture, Nanodrop, ELISA Reader, UV Spectrophotometer, Brookfield Viscometer...
- Faculty credited with 67 patents & 1,028 research papers including 323 scopus indexed
- 35 Scopus H-index of the university
- A Faculty listed in the World's Top 2% Scientists (2024) by Stanford-Elsevier
- 88 Research projects from CSIR, ICMR, DST, BRNS...
- Students' innovation like Formulation of Sustainable Fly-ash based Dish Soap with Botanical Extracts, Fly-ash based Sustainable Paint for Versatile Applications...
- 4 Student startups incubated by Amity Incubator
- THE Impact Ranking 2025 rank 1501+ (Overall) & 801-1000 (Quality Education)
- Week-Hansa Research Survey 2025 rank 51 (Best Multi-disciplinary University-All India)
- India Today MDRA Best Colleges 2025 rank 10 in East Zone (Emerging Biotechnology Institutes)



Amity University Chhattisgarh Campus

Apply at: amity.edu/raipur
By: 19th July, 2025
7303-396-666

BIOTECHNOLOGY
- B.Sc-Biotech/Microbiology (Hons/Hons with Research)
- B.Tech-Biotechnology
- M.Sc- Biotechnology/ Microbiology
- M.Tech-Biotechnology

OTHER PROGRAMMES OFFERED UNDER SCIENCE (BIOLOGY) STREAM

PHARMACY
- B.Pharm

- Student special interest clubs like ASSPIRE, Piratage, Lens, Marketing Mania, Indriya...
- Foreign language (optional) offered to enhance global career prospects
- 7-Day military training
- Lateral entry & Ph.D programmes also offered

MERIT SCHOLARSHIPS

| PROG LEVEL | Agg% | SCH 100% | SCH 50% | SCH 25% |
|---|---|---|---|---|
| UG | 12th | 93 | 88 | 70 |
| PG (Non-MBA) | 12th | 93 | 88 | - |
| | UG | 80 | 75 | - |

Check website for details

Amity University Chhattisgarh, Manth (Kharora), Raipur | E: admissions@rpr.amity.edu

## चिंतन

# सोशल मीडिया पर नफरती बोल अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता नहीं

राजनीति के बाद अब सोशल मीडिया पर नफरती बोल सामाजिक ताने-बाने को बिगाड़ रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने दो टूक नसीहत दी है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का मतलब कुछ भी बोलना नहीं है। नफरत भरे भाषण को बोलने की आजादी नहीं समझा जा सकता है। सभी नागरिकों को भाषण एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार की अहमियत समझनी चाहिए और आत्म-नियमन का पालन करना चाहिए। अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर हिंदू देवी-देवता के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट करना बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। सोशल मीडिया पोस्ट में सांप्रदायिक टिप्पणी करना भी गलत है। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि, 'वैसे तो कोई नहीं चाहता कि राज्य हस्तक्षेप करे, लेकिन उल्लंघन की स्थिति में सरकार कदम उठा सकती है, सोशल मीडिया पर इन सभी विभाजनकारी प्रवृतियों पर रोक लगानी होगी।' शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि 'सरकार के एक्शन का मतलब सेंसरशिप नहीं है'। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें हेट स्पीच यानी नफरत फैलाने वाले भाषणों को रोकें, लेकिन इस बात का ध्यान रखें कि नागरिकों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का उल्लंघन न हो। लोगों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को लेकर जागरूक करने की जरूरत है, ताकि सरकार को इसे नियंत्रित करने की जरूरत न पड़े। लोगों को हेट स्पीच कंटेंट को लाइक, शेयर नहीं करना चाहिए। यह पहली बार नहीं है जब सुप्रीम कोर्ट ने हेट स्पीच पर कड़ा निर्देश दिया है। वर्ष 2022 और 2023 में सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने सरकार, नेताओं और मीडिया को सख्त हिदायत दी थी कि हेट स्पीच कतई स्वीकार्य नहीं है। हेट स्पीच को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कहा था- यह 21वीं सदी है। हम धर्म के नाम पर कहां आ पहुंचे हैं? हमें एक धर्मनिरपेक्ष और सहिष्णु समाज होना चाहिए, लेकिन आज घृणा का माहौल है। सामाजिक ताना-बाना बिखरा जा रहा है। हमने ईश्वर को कितना छोटा कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने हेट स्पीच से भरे टॉक शो और रिपोर्ट टेलीकास्ट करने पर टीवी चैनलों को जमकर फटकार लगाई थी। केंद्र सरकार 5 साल के लंबे परामर्श के बाद सोशल मीडिया पर नफरत भरे कंटेंट रोकने के लिए एंटी हेटस्पीच कानून बनाने की तैयारी पिछले तीन साल से कर रही है, लेकिन अभी तक ऐसे कानून का ड्राफ्ट तक नहीं आया है। इस कानून से हेट स्पीच की परिभाषा स्पष्ट होगी, ताकि लोगों को भी यह पता रहे कि जो बात वे बोल या लिख रहे हैं, वह कानून के दायरे में आती है या नहीं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और नेशनल इलेक्शन वॉच (एनईडब्ल्यू) के वर्ष 2023 के विश्लेषण से पता चलता है कि भारत में बड़ी संख्या में सांसदों के खिलाफ नफरत फैलाने वाले भाषण के मामले दर्ज हैं। करीब 107 सांसदों और विधायकों के खिलाफ नफरत फैलाने वाले भाषण के मामले दर्ज हैं। ऐसे निष्कर्ष सत्ता के पदों पर बैठे लोगों के बीच नैतिक आचरण की आवश्यकता को उजागर करते हैं। विधि आयोग की 267वीं रिपोर्ट में घृणास्पद भाषण को मुख्य रूप से नस्ल, जातीयता, लिंग, यौन अभिविन्यास, धार्मिक विश्वास और इसी तरह के संदर्भ में परिभाषित व्यक्तियों के एक समूह के खिलाफ नफरत को उकसाने वाला बताया गया है। हेट स्पीच के दोषियों के खिलाफ देश में पहले से ही कई कानून मौजूद हैं। जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 व नागरिक अधिकारों का संरक्षण अधिनियम, 1955 भी हैं। आज एआई के दौर में बहुत जरूरी है कि लोग सोच समझ कर बोलें, अपनी बातों से घृणा न फैलाएं। सोशल मीडिया नफरत फैलाने का मंच नहीं है।



## विश्लेषण
राव इन्द्रजीत सिंह

# मानव संसाधन में निवेश की क्रांति

मानव पूंजी अर्थात हमारी शिक्षा, कौशल, स्वास्थ्य और उत्पादकता सिर्फ़ एक आर्थिक संपत्ति नहीं है, बल्कि एक नैतिक अनिवार्यता भी है। पिछले दस वर्षों में, भारत के प्रमुख नीति थिंक टैंक, नीति आयोग के नेतृत्व में एक शांत लेकिन जबरदस्त क्रांति ने आकार लिया है, जिसने देश के सबसे मूल्यवान संसाधनः अपने नागरिकों में निवेश करने के तरीके को एक नया रूप दिया है। नीति आयोग ने विकास के बारे में चर्चा को आगे बढ़ाया है, हमें याद दिलाया है कि सच्ची प्रगति को सबसे ऊंची इमारतों या सबसे बड़ी फैक्ट्रियों से नहीं मापा जाता है, बल्कि लोगों की ताकत, स्वास्थ्य और गरिमा से मापा जाता है। यह एक युवा, महत्वाकांक्षी भारत की नब्ज बन गया है।

भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में, प्रगति का सही मापदंड सिर्फ़ जीडीपी के आंकड़ों या बुनियादी ढांचे की उपलब्धियों में नहीं है, बल्कि इस बात में है कि कोई राष्ट्र अपने लोगों का कितने अच्छे तरीके से पोषण करता है। मानव पूंजी अर्थात हमारी शिक्षा, कौशल, स्वास्थ्य और उत्पादकता सिर्फ़ एक आर्थिक संपत्ति नहीं है, बल्कि एक नैतिक अनिवार्यता भी है। पिछले दस वर्षों में, भारत के प्रमुख नीति थिंक टैंक, नीति आयोग के नेतृत्व में एक शांत लेकिन जबरदस्त क्रांति ने आकार लिया है, जिसने देश के सबसे मूल्यवान संसाधनः अपने नागरिकों में निवेश करने के तरीके को एक नया रूप दिया है।

एक ऐसे देश में जहां 65% से ज़्यादा आबादी 35 वर्ष से कम उम्र की है, जनसांख्यिकी लाभांश एक पीढ़ी में एक बार मिलने वाला अवसर है। इस युवा आबादी का विशाल आकार बहुत बड़ी ज़िम्मेदारी लेकर आता है। चुनौती युवा ऊर्जा को आर्थिक वृद्धि और राष्ट्रीय विकास के लिए एक कारक में बदलने की है। यहीं पर नीति आयोग एक दूरदर्शी उत्प्रेरक के रूप में उभरा है - जो न केवल आज की प्रगति के लिए बल्कि कल की समृद्धि के लिए भी एक रोडमैप तैयार कर रहा है। पिछले दशक में, नीति आयोग एक थिंक टैंक से एक सुधारवादी इंजन और क्रियान्वयन भागीदार के रूप में उभरा है, जो डेटा, सहयोग और मानव-केंद्रित डिजाइन से समर्थित साहसिक विचारों के लिए जाना जाता है। इसने नीति निर्माण को शीर्ष-स्तरीय अभ्यास से राज्यों, निजी भागीदारों, वैश्विक संस्थानों और नागरिक समाज के साथ सह-निर्माण की एक गतिशील प्रक्रिया में बदल दिया है। इसकी ताकत सिर्फ योजना बनाने में नहीं है, बल्कि सुनने में है और उन अंतर्दृष्टि को कार्रवाई में बदलने में है। शिक्षा, जो मानव पूंजी का आधार है, इसके मार्गदर्शन में पूरी तरह से पुनः कल्पना की साक्षी रही है।

यह मानते हुए कि केवल अधिगम ही पर्याप्त नहीं है, नीति आयोग ने गुणवत्ता और समानता पर जोर दिया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, जहां इसने एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, ने एक नए युग की शुरुआत की, रटने की शिक्षा से आलोचनात्मक सोच, लचीलेपन और व्यावसायिक एकीकरण की ओर बदलाव। इसने प्रारंभिक बाल्य शिक्षा, मातृभाषा में शिक्षा और विषयों के बीच निर्बाध पारगमन पर जोर दिया। अटल नवाचार मिशन जैसी पहलों के माध्यम से, इसने जवाबदेही और कल्पनाशक्ति अर्थात दोनों को सुनिश्चित किया। 10 हजार से अधिक अटल टिंकरिंग लैब्स में नवाचार को शामिल किया जो अब पूरे देश भर में फैले हुए हैं। 21वीं सदी के लिए भारत के युवाओं को कौशल प्रदान करना इसके मिशन की एक और आधारशिला रही है। कौशल भारत मिशन को समर्थन प्रदान करने से लेकर आकांक्षी जिला कार्यक्रम के माध्यम से वंचित जिलों के केंद्र तक व्यावसायिक कार्यक्रमों को पहुंचाने तक, नीति आयोग ने क्लास रूम और आजीविका के बीच की खाई को पाटने में मदद की है। स्किल इंडिया मिशन के तहत प्रौद्योगिकी, उद्योग संबंधों और मांग-संचालित पाठ्यक्रम को मिलाकर तैयार की गई पहलों के माध्यम से 1.5 करोड़ से अधिक युवाओं को प्रशिक्षित किया गया है। यह केवल प्रशिक्षण के प्रयोजन से नहीं था बल्कि इसने क्षेत्रीय जरूरतों और डिज़ाइन किए गए कार्यक्रमों का मानचित्रण




किया जिसने भारत के ग्रामीण और शहरी युवाओं के लिए समान रूप से वास्तविक आर्थिक अवसर खोले हैं। इसने 44 केंद्रीय श्रम कानूनों को चार सरलीकृत संहिताओं - मजदूरी, सामाजिक सुरक्षा, औद्योगिक संबंधों और व्यावसायिक सुरक्षा को तर्कसंगत बनाने का समर्थन किया। इन सुधारों ने श्रमिकों की सुरक्षा के साथ नियोक्ता अनुकूलन को संतुलित किया। अनुपालन को सरल बनाकर और औपचारिकता को प्रोत्साहित करके, कार्यस्थल न केवल अधिक उत्पादक बल्कि अधिक मानवीय भी बन गया। स

वास्थ्य सेवा, जिसे प्रायः लागत के रूप में देखा जाता है, को पुनः निवेश के रूप में तैयार किया गया। नीति आयोग द्वारा समर्थित और निगरानी की गई प्रमुख आयुष्मान भारत योजना ने 50 करोड़ से अधिक भारतीयों को स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया, जबकि 1.5 लाख से अधिक स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों ने जमीनी स्तर पर प्राथमिक देखभाल की। इन कार्यक्रमों ने पोषण, मातृ और बाल स्वास्थ्य, मानसिक चिकित्सा और गैर-संचारी रोगों को न केवल उपचार करने के लिए, बल्कि लोगों को स्वस्थ रखने के लिए लक्षित किया। नीति आयोग उद्यमिता और नवाचार के लिए एक प्रकाश स्तंभ साबित हुआ है। स्टार्ट-अप इंडिया, स्टैंड-अप इंडिया और अटल नवाचार मिशन जैसे कार्यक्रमों ने विचारों के फलने-फूलने के लिए एक उर्वर ईकोसिस्टम का निर्माण किया। आज हजारों स्टार्ट-अप्स फिनटेक, एजटेक, एग्रीटेक, हेल्थ-टेक और स्वच्छ ऊर्जा में सफल हो रहे हैं क्योंकि उन्हें नीतिगत समर्थन, इंक्यूबेशन और महत्वपूर्ण चरणों पर मार्गदर्शन मिला। ये केवल व्यवसाय नहीं हैं; ये नौकरी पैदा करने वाले और समस्याओं को हल करने वाले हैं, जो एक मजबूत और आत्मनिर्भर भारत में योगदान दे रहे हैं। इसकी सबसे बड़ी उपलब्धि इस बात में निहित है कि इसने साक्ष्य आधारित नीति निर्माण की परम्परा को संस्थागत बनाया है।

बड़े डेटा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रियल-टाइम डैशबोर्ड और कठोर निगरानी ढांचे का लाभ उठाकर, इसने सुनिश्चित किया कि नीतियां अनुकूलित, जवाबदेह और वास्तविकता के अनुसार हों। चाहे यह भारत का पहला एसडीजी इंडेक्स लॉन्च करना हो, राज्यों के प्रदर्शन मैट्रिक्स पर मार्गदर्शन करना हो, या नीतिगत डिजाइन के लिए व्यवहार संबंधी अंतर्दृष्टियों का उपयोग करना हो, नीति आयोग ने शासन के केंद्र में वैज्ञानिक सोच स्थापित करने का काम किया है। मंत्रालयों और क्षेत्रों में समन्वय स्थापित करने की इसकी क्षमता ने इसे एक सलाहकार निकाय से कहीं अधिक बना दिया है। न केवल लक्ष्य प्राप्त करने से कहीं अधिक, नीति आयोग ने ऐसी प्रणालियां बनाने पर ध्यान केंद्रित किया है जो टिकाऊ, समावेशी और भविष्य के लिए तैयार हों।

सतत विकास लक्ष्यों के प्रति इसकी प्रतिबद्धता हर पहल में स्पष्ट है - स्वच्छ ऊर्जा संक्रमण से लेकर हरित गतिशीलता तक, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना से लेकर कार्यस्थलों में लैंगिक समानता तक। ज्ञान अर्थव्यवस्था के रूप में भारत का उदय अब कोई दूर का सपना नहीं है। यह कार्य प्रगति पर है, जो लोगों को देश की सबसे बड़ी संपत्ति के रूप में देखने वाली नीतियों द्वारा प्रेरित है। नीति आयोग ने विकास के बारे में चर्चा को आगे बढ़ाया है, हमें याद दिलाया है कि सच्ची प्रगति को सबसे ऊंची इमारतों या सबसे बड़ी फैक्ट्रियों से नहीं मापा जाता है, बल्कि लोगों की ताकत, स्वास्थ्य और गरिमा से मापा जाता है। यह एक युवा, महत्वाकांक्षी भारत की नब्ज बन गया है, एक ऐसा भारत जो सपने देखता है, हिम्मत करता है और कार्य को सम्पूर्ण करता है। यह शांत विश्वास है कि जब आप लोगों में निवेश करते हैं, तो आप न केवल एक बेहतर अर्थव्यवस्था बनाते हैं, बल्कि एक बेहतर राष्ट्र भी बनाते हैं।

(लेखक राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) योजना मंत्रालय हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।



## डिजिटेक
सुनील कुमार महला

# अब बुलेट इंटरनेट से स्पीड क्रांति की तैयारी में जापान

जापान, पूर्वी एशिया में स्थित एक द्वीपसमूह देश है, जो प्रशांत महासागर में स्थित है। यह देश 6,852 द्वीपों से मिलकर बना है, जिनमें होक्काइडो, होंशू, शिकोकू, क्यूशू और ओकिनावा मुख्य द्वीप हैं। अपनी शक्तिशाली अर्थव्यवस्था, उन्नत प्रौद्योगिकी व नवाचारों, दुनिया के सबसे बड़े वाहन निर्माताओं में से एक, जिसकी ट्रेनें दुनिया में सबसे सटीक समय पर चलने वाली मानी जाती हैं तथा जो अपनी अद्वितीय व अनूठी संस्कृति के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध रहा है; ऑटोमोबाइल, रोबोटिक्स, इलेक्ट्रॉनिक्स, विनिर्माण और शिक्षा के क्षेत्र में जापान आज एक वैश्विक नेता है। हाल ही में जापान के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन एंड कम्युनिकेशंस टेक्नोलॉजी (एनआईसीटी) के रिसर्चर्स ने 1.02 पेटाबिट्स (पेटाबाइट) प्रति सेकेंड की अविश्वसनीय इंटरनेट स्पीड हासिल करके विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया है, जो अपने आप में एक मिसाल है। जापान के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इन्फॉर्मेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी (एनआइसीटी) ने सुमितोमो इलेक्ट्रिक और यूरोपीय पार्टनर के साथ मिलकर यह रिकॉर्ड बनाने वाली उपलब्धि हासिल की है। उनके यूनिक 19 कोर ऑप्टिकल फाइबर केबल ने 1,808 किलोमीटर से ज्यादा की दमदार स्पीड से डाटा ट्रांसमिट किया, जो कि करीब लंदन से रोम की दूरी के बराबर है। एक रिपोर्ट के अनुसार, 1.02 मिलियन गीगाबाइट (जीबी) डाटा एक सेकंड में डाउनलोड किया गया है। यह स्पीड इतनी ज्यादा है कि इसके बारे में सोच पाना भी मुश्किल है। जापान की इस तकनीक को वैश्विक रूप से डाटा ट्रांसफर, स्ट्रीमिंग और कनेक्टिविटी के क्षेत्र में एक उज्जवल भविष्य के रूप में देखा जा रहा है। जापान की लेटेस्ट इंटरनेट नेटवर्क की स्पीड 1.02 पेटाबाइट पर सेकंड है। यह इंटरनेट स्पीड इतनी फास्ट है कि इसका इस्तेमाल करके कुछ ही सेकंड्स में फिल्म ही नहीं, बल्कि पूरी लाइब्रेरी तक डाउनलोड की जा सकती है। वास्तव में, जापान की यह उपलब्धि डेटा ट्रांसमिशन तकनीक में एक महत्वपूर्ण व बड़ा कदम है। जापान की यह स्पीड अमेरिका की एवरेज इंटरनेट स्पीड से 3.5 गुना है। दूसरे शब्दों में कहें तो यह स्पीड अमेरिका के औसत इंटरनेट कनेक्शन से 35 लाख गुना ज्यादा है। भारत की औसत इंटरनेट गति से यह 1.6 करोड़ गुना तेज बताई जा रही है। आज भारत जैसे देश में बफरिंग, नेटवर्क डाउन और स्लो इंटरनेट एक बड़ी समस्या है, ऐसे में जापान द्वारा हाई स्पीड इंटरनेट तकनीक का विकास आने वाले समय में 6जी नेटवर्क, क्लाउड सिस्टम्स, अंडरसी डेटा केबल्स और एआई जैसे उभरते क्षेत्रों में नई क्रांति लेकर आएगा। बहरहाल, पाठकों को बताता चलूं कि जापान ने सिंगल कोर के बजाय 19 कोर ऑप्टिकल फाइबर सिस्टम व उन्नत एम्प्लीफायर तकनीक की मदद से इतनी तेज इंटरनेट स्पीड को हासिल करने में सफलता मिली है। जानकारी के अनुसार इन स्पेशल केबल का इस्तेमाल कर शोधकर्ताओं की टीम ने बिना किसी स्पीड लॉस के 1800 किलोमीटर से भी अधिक की दूरी तक भारी मात्रा में डेटा भेजने में सक्षम रही है। उन्होंने ट्रांसमीटर, रिसीवर और लूपिंग सर्किट के सेटअप का उपयोग किया जिससे डेटा फुल पॉवर से फ्लो रखने में मदद मिली। इस ऐतिहासिक उपलब्धि का अर्थ है कि एक सेकंड में 10,000 से अधिक 4K फिल्में डाउनलोड की जा सकती हैं। मार्च 2024 में भी जापान ने ही 402 टेराबिट्स प्रति सेकंड (यानी 50,250 जीबीपीएस) की स्पीड का रिकॉर्ड बनाया था, लेकिन इस बार नई तकनीक ने इस आंकड़े को दोगुना से अधिक कर दिया। जैसे-जैसे एआई, 8K स्ट्रीमिंग, क्लाउड गेमिंग और ऑगमेंटेड रियलिटी जैसे सेक्टर आगे बढ़ेंगे, ऐसे ब्रेकथ्रू तकनीकों की जरूरत और भी बढ़ेगी। वास्तव में यह तकनीक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आइओटी) और वैश्विक डिजिटलीकरण की बढ़ती मांगों को पूरा करने में मदद करेगी। ज्यादा तेज इंटरनेट, ज्यादा तेज विकास भी लेकर आएगा। स्मार्ट सिटी, रिमोट हेल्थ केयर और ऑनलाइन शिक्षा जैसे क्षेत्रों में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। बता दें कि इंटरनेट की स्पीड के मामले में भारत टॉप-10 के देशों में भी शामिल नहीं है। इस डिजिटल युग में, इंटरनेट लगभग सभी के लिए एक बुनियादी ज़रूरत बन गया है। उत्पादकता बढ़ाने के अलावा, हाई-स्पीड इंटरनेट नेटवर्क विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार विकास को भी बढ़ावा देते हैं। हमें जरूरत इस बात की है कि हम वैश्विक सहयोग को मजबूत करें, ताकि हम भी जापान जैसी तकनीकी क्रांति का हिस्सा बन सकें और अपने देश को लगातार ऊंचाइयों व उन्नयन की ओर अग्रसर कर सकें।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार व साहित्यकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# हमारा वास्तविक स्वभाव क्या है?



संकलित
## दर्शन

जीवन क्या है? इसका उद्देश्य क्या है? ये प्रश्न जितने सरल लगते हैं, उतने ही रहस्यमय भी हैं। इन्हें जितना समझने की कोशिश करते हैं, वे उतने ही उलझते जाते हैं। दरअसल, जानना हृदय का विषय नहीं है, जीना हृदय का विषय है। रहस्य समझने के लिए नहीं, बल्कि जीने के लिए हैं। जीवन के रहस्य को जीना ही आनंद है। ज्ञान प्राप्त होने से पहले लगता है कि हममें अज्ञान नहीं है। लेकिन जैसे-जैसे ज्ञान बढ़ता है, तो लगता है हममें काफी अज्ञान है। एक कहावत है, आत्मज्ञान होने से पहले लकड़ी काटो और पानी भर कर लाओ। आत्मज्ञान के बाद भी, लकड़ी काटो और पानी भर कर लाओ। अंतर इतना है कि पहले हम दुखी रहकर काम करते थे। लेकिन आत्मज्ञान के बाद वही कार्य आनंद से करते हैं। हमारा जीवन कितना उत्तम है, यह हमारे मन की अवस्था पर निर्भर करता है। हम वही सुनना पसंद करते हैं, जिसमें हमारी रुचि होती है। जब हमारा जीवन प्रेम में केंद्रित होता है, तो हम प्रेम के बारे में जानना चाहते हैं। जब जीवन बच्चों के इर्द-गिर्द घूमता है, तो हम बच्चों के बारे में ही सुनना चाहते हैं। जो हमारी इच्छा हो, हमें वही सुनना पसंद है और हमारी इच्छाओं का कभी अंत ही नहीं होता।

*-श्री श्री रविशंकर*

# संतान गुस्सा हो तो शांत करने की कोशिश जरूर करें



संकलित
## प्रेरणा

पुराने समय में एक दिन शिव जी और पार्वती जी ने विचार किया कि अब गणेश और कार्तिकेय का विवाह कर देना चाहिए। ये विचार करने के बाद उन्होंने कार्तिकेय स्वामी और गणेश जी को बुलाया और दोनों से कहा कि आप दोनों में से जो इस संसार की परिक्रमा करके पहले आएगा, हम उसका विवाह पहले कराएंगे। कार्तिकेय स्वामी तो अपने वाहन मोर पर बैठकर तुरंत उड़ गए, लेकिन गणेश जी अपने वाहन चूहे पर बैठे हुए थे। गणेश जी ने ने तुरंत ही माता-पिता की परिक्रमा कर ली और कह दिया कि आप दोनों ही मेरे लिए संसार हैं। दूसरी ओर, कार्तिकेय स्वामी को संसार की परिक्रमा करके लौटने में थोड़ा समय लग गया। जब कार्तिकेय स्वामी परिक्रमा करके लौटे तो उन्होंने देखा कि गणेश का विवाह हो गया है। गणेश जी को विवाहित देखकर कार्तिकेय स्वामी नाराज हो गए। उन्होंने शिव-पार्वती से कहा कि आपने ये सही नहीं किया है। क्रोधित होकर कार्तिकेय स्वामी क्रौंच पर्वत पर चले गए। ये क्रौंच पर्वत आज दक्षिण भारत में कृष्णा जिले में कृष्णा नदी के तट पर स्थित है। इसे श्रीपर्वत भी कहते हैं। शिव जी और देवी पार्वती ने कार्तिकेय स्वामी को समझाने की बहुत कोशिशें कीं, लेकिन कार्तिकेय शांत नहीं हुए। शिव-पार्वती समझ गए कि कार्तिकेय बहुत ज्यादा गुस्से में है और ये वापस भी नहीं आएगा। तब दोनों ने तय कि वे ही कार्तिकेय से मिलने जाते रहेंगे। इसके बाद हर अमावस्या पर शिव जी और पूर्णिमा पर देवी पार्वती कार्तिकेय से मिलने श्रीपर्वत पर आती हैं। ऐसी मान्यता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### क्रोध में की गई नासमझी महंगी पड़ती है

हम अपने को हर परिस्थिति में संयमित रख सकते हैं तो बड़ी बात है। उसे ही शिक्षित कह सकते हैं। इसके विपरीत अगर मन में उठने वाली उत्तेजनाओं और आवेगों पर हम कंट्रोल नहीं कर सकते हैं तो यह असंयमित जीवन है। आवेगों को नहीं रोक पाना नासमझी है। आवेग में आदमी इतना उत्तेजित हो जाता है कि अपना आपा खो देता है। आवेग में परिवार उजड़ते जा रहे हैं। उसके बाद में पश्चाताप से कोई फायदा नहीं है। आत्महत्या के कारणों के पीछे भी लोगों की नासमझी ही है। इस तरह की मानसिकता वालों के लिए हर तरह की शिक्षा व्यर्थ है। कोई भी किसी भी कार्य में आदमी सफल नहीं हो सकता है जब तक वह अपना स्वामी स्वयं नहीं है। आत्मसंयम के अभाव में हजारों लोगों का जीवन नष्ट हो जाता है। उनकी अनेक उपलब्धियां इसलिए व्यर्थ हो गई कि उनमें अपने आपको वश में रखने की क्षमता नहीं थी।

*-कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## करंट अफेयर

# ऑस्ट्रेलिया में अब तक का सबसे बड़ा सैन्य अभ्यास


ऑस्ट्रेलिया में अब तक का सबसे बड़ा युद्ध अभ्यास 'टैलिसमैन सेबर' शुरू हो चुका है। इस सैन्य अभ्यास के दौरान चीनी जासूसी जहाजों द्वारा निगरानी किए जाने की संभावना जताई जा रही है। 'टैलिसमैन सेबर' अभ्यास की शुरुआत 2005 में अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया के बीच एक द्विवार्षिक संयुक्त सैन्य अभ्यास के रूप में हुई थी। ऑस्ट्रेलिया के रक्षा विभाग ने रविवार को बताया कि इस वर्ष यह अभ्यास पहले से कहीं अधिक व्यापक होगा, जिसमें 19 देशों के 35,000 से अधिक सैन्यकर्मी भाग ले रहे हैं और यह अभ्यास तीन सप्ताह तक चलेगा। इन देशों में कनाडा, फिजी, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, जापान, नीदरलैंड, न्यूजीलैंड, नॉर्वे, पापुआ न्यू गिनी, फिलीपीन, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर, थाईलैंड, टोंगा और ब्रिटेन शामिल हैं। मलेशिया और वियतनाम भी इस अभ्यास में पर्यवेक्षक के रूप में भाग ले रहे हैं। यह अभ्यास ऑस्ट्रेलिया के निकटतम पड़ोसी देश पापुआ न्यू गिनी में भी आयोजित किया जाएगा। और यह पहली बार है जब 'टैलिसमैन सेबर' का आयोजन ऑस्ट्रेलिया के बाहर होगा। ऑस्ट्रेलिया के रक्षा उद्योग मंत्री पैट कॉनरॉय ने कहा कि पिछले चार 'टैलिसमैन सेबर' अभ्यासों के दौरान चीनी निगरानी जहाजों ने ऑस्ट्रेलियाई तट के पास नौसैनिक अभ्यासों पर नजर रखी है।



## ऑफ बीट

# शराब से दूरी : केवल एक दिन के परहेज़ से भी होता है फायदा

शराब का हमारे स्वास्थ्य पर कई तरह से नकारात्मक प्रभाव पड़ता है और इनमें से कुछ दुष्प्रभाव तो हैरान कर देने वाले भी हो सकते हैं। इनमें सिरदर्द, चिंता जैसे तात्कालिक प्रभावों से लेकर कैंसर जैसी गंभीर दीर्घकालिक बीमारियां शामिल हैं। शरीर से शराब को पूरी तरह बाहर निकलने में लगभग 24 घंटे लगते हैं। इसके बाद से ही आपको कुछ सुधार महसूस होता है। शराब पीने से बार-बार पेशाब आता है और शरीर में पानी की कमी हो जाती है। लेकिन एक गिलास पानी तुरंत असर करता है, जिससे पाचन, मस्तिष्क कार्य और ऊर्जा स्तर बेहतर होने लगता है। शराब के कारण यकृत रक्त शर्करा को नियंत्रित नहीं कर पाता। जैसे ही शराब शरीर से बाहर निकलती है, ब्लड शुगर सामान्य होने लगता है। रोज शराब पीने वालों को शुरुआत में पसीना आना, मूड में बदलाव, नींद में गड़बड़ी या कंपकंपी जैसी समस्याएं हो सकती हैं, जो आमतौर पर एक सप्ताह में ठीक हो जाती हैं। शराब भले ही शुरुआत में नींद लाती है, लेकिन यह नींद को धीरे धीरे खत्म कर देती है। एक हफ्ते के अंदर आप सुबह ज्यादा तरोताजा महसूस कर सकते हैं। यकृत शराब को डिटॉक्स करने वाला मुख्य अंग है जो हल्की क्षति को जल्दी ठीक कर सकता है। शराब पीना बंद करने से केवल सात दिनों में यकृत की चर्बी कम हो सकती है।



## ट्रेंड

### सुरक्षा के कदम

सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने के लिए रेलवे का बड़ा कदम। देशभर के 74000 कोच और 15000 इंजनों में हाई-टेक सीसीटीवी कैमरे लगेंगे। यह पहल अपराध पर निगरानी, महिला सुरक्षा के लिए कारगर सिद्ध होगी।
**-अन्नपूर्णा देवी, महिला एवं बाल विकास मंत्री**



### भारत का समर्थन

बीजिंग पहुँचने पर उपराष्ट्रपति हान झेंग से मिलकर मुझे खुशी हुई। चीन की एससीओ अध्यक्षता के लिए भारत का समर्थन व्यक्त किया। हमारे द्विपक्षीय संबंधों में सुधार पर ध्यान दिया। विश्वास व्यक्त किया कि चर्चाएँ इसी सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ेंगी।
**-एस जयशंकर, विदेश मंत्री**



### किसानों की खुशहाली

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में अन्नदाता किसानों की खुशहाली के लिए जो कदम बढ़ाए गए हैं, वह अत्यंत महत्वपूर्ण एवं सराहनीय हैं। आज उसी का परिणाम है कि डबल इंजन सरकार की ऊर्जा का लाभ उत्तर प्रदेश ले रहा है।
**-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**



### कांवड़ यात्रा की आस्था

कांवड़ यात्रा आस्था का वह पावन संगम है, जो दिल्ली की सड़कों को तीर्थ बना देता है। यह परंपरा हमारे जीवंत सांस्कृतिक संस्कारों की प्रतीक है। इस यात्रा को सहज, सुलभ, सम्मानजनक और भव्य बनाने का अवसर हमें प्राप्त हो रहा है। यह हमारी संस्कृति की सेवा है और सेवा ही हमारा पुण्य है।
**-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली**



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

बिलासपुर, मंगलवार 15 जुलाई 2025 | श्रावण कृष्ण पक्ष पंचमी | वर्ष: 25, अंक: 114 | पृष्ठ : 12+6+8 = 26 मूल्य: 5.00*** | haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

सावन का पहला सोमवार



रायपुर के महादेव घाट स्थित हटकेश्वर महादेव में सावन के पहले सोमवार पर भक्तों की भीड़ रही। यहां शिवलिंग का गणेश स्वरूप श्रृंगार किया गया।



छत्तीसगढ़ के भक्त ने किया था गुप्त दान

# छग के भक्त से मिली नई पालकी में निकली महाकाल की सवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उज्जैन/ भिलाई

सावन महीने के पहले सोमवार को उज्जैन में बाबा महाकाल की सवारी निकाली गई। भगवान महाकाल राजसी ठाठ बाट के साथ नगर भ्रमण पर निकले। महाकाल चांदी की नई पालकी में सवार होकर नगर भ्रमण पर निकले। करीब 10 साल बाद सवारी में नई पालकी को शामिल किया गया है। नवंबर में छत्तीसगढ़ के एक भक्त ने गुप्तदान के रूप में मंदिर समिति को यह पालकी भेंट की थी। बाबा की एक झलक पाने के लिए लोगों का हुजूम सड़कों पर देखा गया।



### भिलाई के भक्त ने भेंट की थी पालकी

पालकी महाकाल मंदिर के पुरोहित भावेश व्यास और लोकेश व्यास की प्रेरणा से छत्तीसगढ़ भिलाई के भक्त ने दान दी है। भक्त की तरफ से दान दी गई पालकी में चांदी का वजन 23 किलो है, जिसकी लागत 25 लाख बताई जा रही है। यह रजत पालकी उज्जैन के ही कारीगर द्वारा 100 दिनों में तैयार की गई।



### काशी में गूंजे 'हर हर महादेव और बम बोले' के जयकारे

*वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है, जिसमें झमाझम बारिश और कड़कती बिजली के बीच श्रद्धालु मंदिर परिसर में डटे रहे। श्रद्धालु 'हर हर महादेव और बम बोले' के जयकारे लगा रहे हैं। शिव भक्तों का जोश हाई नजर आ रहा है। फिलहाल, सावन के सोमवार पर काशी में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### अमरनाथ यात्रा के लिए एक और जत्था रवाना




**जम्मू।** दक्षिण कश्मीर हिमालय में अमरनाथ मंदिर के दोनों आधार शिविरों के लिए 6,100 से अधिक तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था जम्मू से रवाना हुआ। अब तक दो लाख से अधिक तीर्थयात्री इस मंदिर में दर्शन कर चुके हैं। घाटी के दो मार्ग से तीन जुलाई को 38 दिवसीय तीर्थयात्रा शुरू हुई थी।

### शिवसेना चुनाव चिह्न विवाद पर अगले माह सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष द्वारा एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना के गुट को 'धनुष-बाण' चुनाव चिन्ह देने के फैसले के खिलाफ उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले धड़े की याचिका पर सुनवाई के लिए अगस्त की तारीख तय की। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि यह मुद्दा काफी समय से लंबित है और अनिश्चितता को जारी नहीं रहने दिया जा सकता।

### बोरवेल में गिरी दोनों लड़कियों के शव बरामद



**सतना।** सतना जिले के एक गांव में खेत में बने बोरवेल में गिरी दोनों नाबालिग लड़कियों की मौत हो गई है। यह घटना नागौद तहसील के हिलौंधा गांव में फसल की रोपाई के दौरान हुई। छग्गू की बेटी सोमवती (16) और संतोष अहिरवार की बेटी दुर्गा (12) भी खेत में पहुंचीं। खेत में पानी होने के कारण उन्हें बोरवेल का पता नहीं चल सका।

### कार-बाइक की टक्कर, दो छात्रों सहित तीन की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के बीकानेर जिले में सड़क हादसे में दो नर्सिंग छात्र समेत तीन युवकों की मौत हो। यह हादसा रविवार देर रात करीब एक बजे जयपुर-जोधपुर बाईपास पर हुआ था। इसके अनुसार एक कार ने मोटरसाइकिल को सामने से टक्कर मार दी जिससे दोपहिया वाहन पर सवार नर्सिंग छात्र खुमाराम (21) और इंद्र कुमार (21) तथा राहगीर अरविंद कुमार की मौत हो गई। हादसे के बाद कार चालक मौके से भाग गया।

### आयकर विभाग ने फर्जी कर कटौती मामले में छापे मारे



**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने उन संस्थाओं के खिलाफ कर चोरी की जांच के तहत छापेमारी की, जो कुछ व्यक्तियों को विभिन्न प्रकार की छूटों का दावा करके उनके रिटर्न में फर्जी कटौती का लाभ उठाने में मदद करती हैं। पंजीकृत या अपंजीकृत राजनीतिक दलों को राजनीतिक चंदा देने, चिकित्सा बीमा का दावा शामिल है।

हेट स्पीच पर शीर्ष न्यायालय का केंद्र और राज्यों को सख्त निर्देश

# सुप्रीम कोर्ट ने कहा-नफरत फैलाने वाले कंटेंट बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे, तुरंत लगाएं लगाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

*सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकारों को हेट स्पीच पर सख्त निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने कहा है कि नफरत फैलाने वाले भाषणों को गंभीरता से लिया जाना चाहिए और इस पर लगाम लगाने के लिए तत्काल कार्रवाई की जानी चाहिए। कोर्ट ने यह भी कहा कि शिकायत दर्ज होने का इंतजार किए बिना, पुलिस को स्वतः संज्ञान लेकर एफआईआर दर्ज करनी चाहिए और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए।*

सुप्रीम कोर्ट ने भाषण एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के संबंध में दिशा-निर्देशों पर विचार करते हुए कहा कि नागरिकों को भाषण एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की अहमियत समझनी चाहिए और आत्म-नियमन का पालन करना चाहिए। न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ वजाहत खान नामक व्यक्ति की याचिका पर सुनवाई कर रही है। खान के खिलाफ पश्चिम बंगाल समेत कई राज्यों में प्राथमिकी दर्ज हैं। उस पर 'एक्स' पर एक हिंदू देवता के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट करने का आरोप है। शीर्ष अदालत ने 23 जून को खान को 14 जुलाई तक किसी भी दंडात्मक कार्रवाई से अंतरिम संरक्षण प्रदान किया था। खान ने एक अन्य 'सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर' शर्मिष्ठा पनोली के खिलाफ एक वीडियो में कथित तौर पर सांप्रदायिक टिप्पणी करने के लिए शिकायत दर्ज कराई थी। उसके वकील ने शीर्ष अदालत में कहा कि ऐसे पोस्ट के जवाब में आपत्तिजनक टिप्पणियां नहीं की जानी चाहिए। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा, नागरिकों को भाषण एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार की अहमियत समझनी चाहिए।

- नफरत फैलाने वाले भाषणों को गंभीरता से लिया जाना चाहिए
- सोशल मीडिया पर फैल रहे नफरती भाषण चिंताजनक
- शिकायत का इंतजार किए बिना दर्ज करनी चाहिए एफआईआर



### हेट स्पीच को लाइक नहीं करना चाहिए

*सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र, राज्यों और वजाहत खान के वकील से सुझाव मांगे कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को नुकसान पहुंचाए बिना हेट स्पीच को कैसे नियंत्रित किया जा सकता है। कोर्ट कहा- लोगों को हेट स्पीच क्यों अटपटे और गलत नहीं लगते हैं। ऐसे कंटेंट पर नियंत्रण होना चाहिए। साथ ही लोगों को भी ऐसे नफरत भरे कंटेंट को शेयर करने और लाइक करने से बचना चाहिए। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा कि अब पोस्ट डिलीट करने का कोई मतलब नहीं है, एक बार जो इंटरनेट पर चीजें डल जाती हैं, वो हमेशा के लिए रहती हैं।*

### वजहात को कोर्ट से मिली राहत

याचिकाकर्ता वजहात खान के वकील ने कोर्ट में पुराने ट्वीट्स के लिए माफी मांगी। वकील ने कहा कि मेरी शिकायत ही मेरे लिए मुश्किल बनते जा रही है। मैंने इसके लिए माफी मांग ली है, लेकिन मैं बस यही चाहता हूं कि कोर्ट देखे कि एफआईआर वाकई उन्हीं ट्वीट्स से जुड़ी है या नहीं। कोर्ट ने कहा कि हर बार नया एफआईआर और जेल में डालने का क्या मतलब है? इससे कोई समाधान नहीं निकलेगा।

### पिछली सुनवाई में क्या हुआ?

*24 जून को हुई पिछली सुनवाई में, सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस एजी विश्वनाथन और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की बेंच ने केंद्र सरकार और असम, दिल्ली, हरियाणा और पश्चिम बंगाल की राज्य सरकारों को नोटिस जारी किया था। यह नोटिस वजाहत खान की याचिका पर दिया गया था, जिसमें उन्होंने अपने खिलाफ दर्ज सभी एफआईआर को एक साथ जोड़ने की मांग की गई।*

### छात्रों की आत्महत्या की जांच पर तीन राज्यों से मांगी रिपोर्ट

इधर, सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को तीन राज्यों की पुलिस से आईआईटी-दिल्ली, आईआईटी-खड़गपुर के विद्यार्थी और राजस्थान के कोटा में नीट की एक अभ्यर्थी द्वारा आत्महत्या की जांच पर स्थिति रिपोर्ट मांगी। न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने उच्च शिक्षण संस्थानों में आत्महत्याओं पर चिंता व्यक्त की तथा गृह मंत्रालय को इस मामले में पक्षकार बनाया। न्याय मित्र वरिष्ठ अधिवक्ता अपर्णा भट्ट ने इस मुद्दे पर मंत्रालय से सहायता मांगी थी। पीठ ने दिल्ली पुलिस से पूछा कि आईआईटी-दिल्ली में पढ़ाई के दौरान 2023 में आत्महत्या करने वाले दो विद्यार्थियों के परिवार के सदस्यों की शिकायतों पर 24 मार्च को प्राथमिकी दर्ज करने को जो आदेश अदालत ने दिया था, उसकी जांच की स्थिति क्या है।

# कन्वेंशन हॉल की फाल सिलिंग गिरी, हाउसिंग बोर्ड के दो अफसर सस्पेंड



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरबा

रिसदी रोड में 17 करोड़ की लागत से बने रानी अहिल्याबाई कन्वेंशन हॉल का सीलिंग के गिर जाने की घटना को राज्य शासन ने गंभीरता से लेते हुए निर्माण एजेंसी हाउसिंग बोर्ड के दो अधिकारियों के खिलाफ निलंबन की कार्यवाही करते हुए इस घटना के जांच के आदेश दिये गये हैं। निलंबित दोनों अधिकारियों को आयुक्त छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल रायपुर में जगदलपुर में अटैच कर दिया है।

- एक माह पूर्व मुख्यमंत्री ने किया था लोकार्पण
- रिस्दी रोड में डीएमएफ की राशि से किया गया था निर्माण

रिस्दी रोड में कन्वेंशन हाल का निर्माण किया गया था। जून महीने में ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के द्वारा लोकार्पण कर जनता को सौंपा गया था। लोकार्पण को एक माह ही बीता होगा कि बारिश के कारण कन्वेंशन हाल की फाल सिलिंग गिर गई इससे निर्माण एजेंसी के द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्य की पोल खुल गई। लोकार्पण के दौरान मुख्यमंत्री ने कन्वेंशन हाल का नाम अहिल्यादेवी के नाम से किया था। फाल सिलिंग ▶▶|शेष पेज 6 पर

### जांच प्रतिवेदन में तकनीकी खामी का उल्लेख

सस्पेंशन ऑर्डर में उल्लेख किया है कि 11 जुलाई को पत्र के माध्यम से पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होलकर कन्वेंशन हॉल में फॉल्स सीलिंग के गिरने के संबंध में जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस जांच प्रतिवेदन में कहा गया है कि भवन का निर्माण 23 अप्रैल 2024 को पूर्ण किया गया है और 8 जुलाई को अल्प समय में फॉल सीलिंग का गिरना गंभीर तकनीकी खामी और गुणवत्ता में कमी को प्रमाणित करता है।

# राहुल ने आदिवासी विधायकों के साथ किया मंथन, लीडरशिप यूथ को जोड़ने पर बात



प्रदेश अध्यक्ष बैज, मरकाम, फूलो देवी समेत अन्य नेता हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने दिल्ली में महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ के पार्टी के आदिवासी विधायकों के साथ बैठक की। बैठक में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज समेत अन्य नेता शामिल हुए।

बैठक में जल, जंगल, जमीन, धर्मांतरण, शिक्षा और आदिवासी धर्म कोड जैसे विषयों पर चर्चा हुई। कांग्रेस नेताओं ने आदिवासी नेतृत्व को सशक्त करने और सरगुजा-बस्तर जैसे आदिवासी बहुल क्षेत्रों में विशेष ट्रेनिंग कार्यक्रम चलाने की मांग ▶▶|शेष पेज 6 पर

### आदिवासियों के लीडरशिप को लेकर चर्चा हुई : बैज

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र के आदिवासी नेताओं के साथ दिल्ली में बैठक आयोजित हुई। दोनों राज्यों के आदिवासी नेताओं के साथ एक घंटे की बैठक में सभी नेताओं से चर्चाएं हुई हैं। छत्तीसगढ़ और देश में आदिवासियों के लीडरशिप को कैसे आगे लाया जाए, कैसे मजबूत किया जाए। जल, जंगल, जमीन और खनिज संसाधन बीजेपी लूट रही है, उससे कैसे निपटा जाए, इस विषय पर भी चर्चा हुई है।

### राहुल की मीटिंग से कोई फर्क नहीं पड़ेगा : साव

राहुल गांधी देशभर के आदिवासी नेताओं से मुलाकात करेंगे। इसे लेकर डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा, राहुल गांधी की मीटिंग से कोई फर्क नहीं पड़ेगा। सत्ता में रहकर कांग्रेस तो संविधान का दुरुपयोग करती है। सत्ता में रहते आदिवासी समाज के लिए कुछ नहीं किया। कांग्रेस को कुछ लाभ नहीं होने वाला है।

*केंद्र सरकार ने कोर्ट को दी जानकारी*

# केंद्र ने कहा- यमन में भारतीय नर्स को फांसी से बचाने की कोशिश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने सोमवार को उच्चतम न्यायालय को बताया कि यमन में हत्या के जुर्म में फांसी की सजा का सामना कर रही एक भारतीय नर्स से जुड़े मामले में भारत सरकार हरसंभव कोशिश कर रही है, लेकिन यमन की स्थिति को देखते हुए ज्यादा कुछ नहीं किया जा सकता। केरल निवासी नर्स निमिषा प्रिया को अपने यमनी व्यापारिक साझेदार मेहदी की हत्या करने के मामले में 16 जुलाई को फांसी की सजा दी जानी है।



### साझेदार की हत्या की दोषी

केरल के पलक्कड़ जिले की नर्स प्रिया को 2017 में अपने यमनी कारोबारी साझेदार की हत्या का दोषी ठहराया गया था। उसे 2020 में मौत की सजा सुनाई गई और उसकी अंतिम अपील 2023 में खारिज कर दी गई। वह वर्तमान में यमन की राजधानी सना की एक जेल में कैद है।

### प्रिया को बचाने आगे आए मुस्लिम धर्मगुरु

सुन्नी मुस्लिम धर्मगुरु कंथापुरम ए. पी. अबूबकर मुसलियार यमन में फांसी की सजा का सामना कर रही भारतीय नर्स को बचाने के पक्ष में आगे आए हैं और उसे बचाने के लिए 'हर संभव प्रयास' कर रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि मुसलियार (94) ने यमन में धर्मिक नेतृत्व के साथ बातचीत की है और वह मृतक तलाल अब्दो मेहदी के परिजनों के संपर्क में हैं।

असीम घोष हरियाणा के राज्यपाल

# गजपति गोवा के राज्यपाल कविंद्र लद्दाख के एलजी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



पूर्व नागर विमानन मंत्री पी. अशोक गजपति राजू को सोमवार को गोवा का नया राज्यपाल नियुक्त किया गया। प्रोफेसर असीम कुमार घोष को हरियाणा का राज्यपाल और जम्मू-कश्मीर के पूर्व उपमुख्यमंत्री कविंद्र गुप्ता को लद्दाख का उपराज्यपाल नियुक्त किया गया। विज्ञप्ति में कहा गया है कि उनकी नियुक्तियां उनके कार्यभार संभालने की तिथि से प्रभावी होंगी। इसमें कहा ▶▶|शेष पेज 6 पर

### यह चुनौतीपूर्ण जिम्मेदारी : कविंद्र

उपमुख्यमंत्री और जम्मू-कश्मीर विस अध्यक्ष समेत कई अहम पदों पर आसीन रहने के बाद अब लद्दाख के उपराज्यपाल के रूप में नई पारी शुरू करने जा रहे भाजपा के वरिष्ठ नेता कवींद्र गुप्ता ने सोमवार को कहा कि यह एक चुनौतीपूर्ण जिम्मेदारी है। वह क्षेत्र के विकास के लिए सभी के साथ मिलकर काम करेंगे।

सरकारी दफ्तरों में लगेगा बोर्ड, मोटापे के खिलाफ केंद्र का अभियान

# समोसा-कचौड़ी, चाय में बतानी होगी तेल-चीनी की मात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी मंत्रालयों, विभागों और स्वायत्त निकायों से आग्रह किया है कि वे समोसा, कचौड़ी, फ्रेंच फ्राइज़ और वड़ापाव समेत अन्य खाद्य सामग्री में चीनी और तेल की मात्रा का उल्लेख करें। तेल और चीनी बोर्ड प्रदर्शित करें ताकि स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा दिया जा सके। मोटापे और गैर-संचारी रोगों से निपटा जा सके। मंत्रालय ने मोटापे से मुकाबले के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सभी आधिकारिक स्टेशनरी जैसे लेटरहेड, लिफाफे, नोटपैड, फ़ोल्डर पर स्वास्थ्य संदेश मुद्रित करने का भी आह्वान किया है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने 21 जून को लिखे पत्र में ▶▶|शेष पेज 6 पर

### क्या की गई है अपील?

- ऑयल और शुगर बोर्ड लगाना
- स्वास्थ्य संदेशों को स्टेशनरी में शामिल करना
- दफ्तरों में हेल्दी फूड उपलब्ध कराना – इसमें कम वसा वाला खाना, फल और सब्जियां ज्यादा, मीठे पेय और हाई फैट स्नैक्स की उपलब्धता सीमित करना शामिल है।
- शारीरिक गतिविधियों को बढ़ावा देना – इसमें सीढ़ियों के उपयोग को बढ़ाना, छोटे-छोटे एक्सरसाइज ब्रेक लेना और दफ्तर में वॉकिंग रूट बनाना शामिल है।



### क्या है ऑयल और शुगर बोर्ड योजना?

स्वास्थ्य मंत्रालय चाहता है कि दफ्तरों, स्कूलों और सार्वजनिक संस्थानों में खाने की वस्तुओं में छुपे हुए तेल और चीनीकी मात्रा की जानकारी दी जाए। इसके लिए एक बोर्ड या डिजिटल पोस्टर लगाया जाए जो लोगों को यह जानकारी दे और उन्हें स्वस्थ विकल्प चुनने के लिए प्रेरित करे।

### कहां लगेगा यह हेल्थ बोर्ड?

स्वास्थ्य मंत्रालय के निर्देश के अनुसार, ये बोर्ड कैफेटेरिया, लॉबी, मीटिंग रूम और अन्य सार्वजनिक स्थान लगाए जाएं। इसका मकसद यह है कि कर्मचारी और आम नागरिक रोजमर्रा की आदतों को सुधारें और हेल्दी खाना अपनाएं।

### सरकारी स्टेशनरी पर भी स्वास्थ्य संदेश

इसके साथ ही स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि सभी मंत्रालय अपने लेटरहेड, लिफाफे, नोटपैड, फोल्डर आदिपर भी स्वास्थ्य संबंधी संदेश छापें, जैसे- 'कम तेल, कम चीनी - सेहत के लिए अच्छी जिंदगी।' 'रोज चलें कुछ कदम, सेहत रहे हरदम।' यह रोजाना याद दिलाने का एक तरीका होगा कि लोग मोटापे से बचने के लिए सजग रहें।

# महादेव का जलाभिषेक

## सावन के पहले सोमवार को देशभर में आस्था का सैलाब

## काशी, उज्जैन, हरिद्वार सहित अनेक शहरों के शिवालयों में पूजा-अर्चना

नई दिल्ली। सावन के पहले सोमवार को देशभर के शिवालयों में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। भगवान भोलेनाथ को भक्तों ने जल चढ़ाया। पूजा अर्चना की। काशी, देवघर, उज्जैन के मंदिरों में बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे। मंदिरों में सुबह से ही शिवजी का दर्शन कर महिलाओं-पुरुषों ने जलाभिषेक किया। दिल्ली जैसे कई शहरों में बारिश के बावजूद भक्तों का उत्साह कम नहीं हुआ। हरिद्वार में हर की पौड़ी पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु गंगा में डुबकी लगाकर महादेव को जल अर्पित किया। गंगाजल लेने के लिए कांवड़ियों की भी भारी भीड़ नजर आई।













## खबर संक्षेप

### एकतरफा मोहब्बत नहीं हो सकती : ओवैसी

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने इंडिया ब्लॉक को लेकर कहा कि एकतरफा मोहब्बत नहीं हो सकती है। बिहार की जनता को यह समझना चाहिए कि हमारे खिलाफ जो आरोप लगाए गए थे, वे झूठ पर आधारित थे। ये आरोप इसलिए लगाए गए, क्योंकि वे नहीं चाहते कि कमजोर वर्गों का कोई नेता उनकी राजनीतिक अगुवाई करे। वे बिहार की जनता को अपना गुलाम बनाए रखना चाहते हैं।



### राज ठाकरे पर लगाया जाए एनएसए : हाईकोर्ट वकील

**मुंबई।** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) के प्रमुख राज ठाकरे के हालिया भाषणों पर विवाद गहराता जा रहा है। बॉम्बे हाई कोर्ट के तीन वरिष्ठ वकीलों ने महाराष्ट्र के डीजीपी को एक चिट्ठी लिखकर शिकायत की है और राज ठाकरे के खिलाफ FIR दर्ज करने और उनके कथित भड़काऊ भाषण की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है, और उनके 'भड़काऊ' बयानों के लिए उनपर एनएसए लगाने की मांग की गई है।



## एटीएस को सीक्रेट जानकारी देने वाले शख्स ने किए कई और खुलासे

# 'धर्मांतरण की रची जा रही हैं बड़ी साजिशें विदेशों तक फैला है छांगुर बाबा का नेटवर्क'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

छांगुर बाबा के कथित काले कारनामों के राज रोज उजागर हो रहे हैं। एक न्यूज चैनल की रिपोर्ट के अनुसार, विनय पांडे नाम के शख्स ने सामने आकर दावा किया है कि एटीएस (एंटी टेररिज्म स्क्वाड) को छांगुर बाबा के नेटवर्क की असली जानकारी उसी ने दी थी।

पांडे के मुताबिक, उसके पास बाबा के खिलाफ 'पुख्ता सबूत' थे, जिनके आधार पर ये बड़ी गिरफ्तारी मुमकिन हो पाई। पांडे ने दावा किया कि एटीएस को छांगुर बाबा के पूरे नेटवर्क और उसके खतरनाक लिंक की जानकारी मैंने ही दी। मेरे पास जो सबूत थे, वो पूरी तरह से ठोस थे, और उसी से यह कार्रवाई संभव हो सकी। विनय पांडे ने कहा, इस कहानी का दूसरा पहलू और भी चौंकाने वाला है। पांडे का दावा है कि छांगुर बाबा का नेटवर्क सिर्फ भारत तक सीमित नहीं, बल्कि यह कई देशों में फैला है।

वहां कथित तौर पर धर्मांतरण की बड़ी साजिशें रची जा रही हैं। पांडे ने बताया, ये नेटवर्क सिर्फ छांगुर बाबा तक सीमित नहीं है। इसके पीछे एक पूरा गिरोह काम कर रहा है जो संगठित रूप से धर्मांतरण और अन्य संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त है।

### अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क और खतरनाक गतिविधियों का दावा

### पूरे मामले की एनआईए जांच की हो रही मांग



### भारत को इस्लामी मुल्क बनाने की चाहत

धर्मांतरण के मामले में छांगुर पीर बाबा उर्फ जमालुद्दीन का जाल औरैया तक फैला था। अजीतमल कोतवाली क्षेत्र की एक महिला ने छांगुर बाबा पर उनके गुर्गे के जरिए धर्मांतरण करवाने का आरोप लगाया है। उसी महिला ने बताया कि महिला ने बताया कि वह लखनऊ में एफआईआर लिखाने गई थी। एटीएस ने मामला दर्ज किया। उसका बयान भी कोर्ट में हो चुका है, लेकिन अभी तक आरोपियों को पकड़ा नहीं गया है। पीड़िता ने एक और खुलासा करते हुए कहा कि छांगुर बाबा जब वीडियो कॉल करता था तो वह भारत को इस्लामी मुल्क बनाने की बातें कहता था।

### दोषियों को मिले कड़ी सजा

इस सनसनीखेज खुलासे के बाद सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के प्रवक्ता ने कैमरे के सामने वे दस्तावेज दिखाए हैं, जिनमें बाबा के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है। पार्टी का कहना है कि इस पूरे मामले की एनआईए जांच होनी चाहिए और दोषियों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए।

### ध्वस्तीकरण का खर्चा भी वसूला जाएगा छांगुर बाबा से

जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा की आलीशान कोठी पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई के बाद अब एक और कदम उठाया जा रहा है। बलरामपुर जिला प्रशासन ने फैसला किया है कि कोठी को गिराने में आया पूरा खर्च बाबा से ही वसूला जाएगा। इस संबंध में जल्द ही वसूली का नोटिस कोठी पर चस्पा किया जाएगा। प्रशासन के अनुसार, यह कोठी सरकारी जमीन पर अवैध रूप से बनाई गई थी। बुलडोजर चलाकर जिस हिस्से को जमींदोज किया गया, उसमें जेसीबी मशीनों का किराया, पुलिस बल की तैनाती और तीन दिन का वेतन समेत कुल खर्च 8.55 लाख रुपये से अधिक आया है। अब ये पूरी रकम छांगुर बाबा से वसूली जाएगी। जिस कोठी पर बुलडोजर चला, वह अपने आप में एक किले जैसी सुरक्षा व्यवस्था से लैस थी। कोठी में प्राइवेट पावर प्लांट, दर्जनों सोलर पैनल, हर कोने में सीसीटीवी कैमरे, बाउंड्री वॉल पर कटीले तार और उन तारों में करंट तक दौड़ता था ताकि कोई अंदर दाखिल न हो सके. यह सब कुछ छांगुर बाबा की कथित गतिविधियों के लिए एक सुरक्षित गढ़ की तरह तैयार किया गया था।

## सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला

# पति-पत्नी की गुप्त रूप से रिकॉर्ड फोन कॉल अब सबूत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने वैवाहिक विवादों को लेकर एक अहम फैसला दिया है। इसके तहत पति या पत्नी की गुप्त रूप से रिकॉर्ड की गई टेलीफोन बातचीत सबूत के तौर पर स्वीकार्य होगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि फैमिली कोर्ट में इसे सबूत के तौर पर माना जा सकता है। इसके साथ ही सर्वोच्च न्यायालय ने पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट का फैसला रद्द कर दिया है। हाईकोर्ट ने पत्नी की जानकारी के बिना उसकी टेलीफोन बातचीत को रिकॉर्ड करना उसकी निजता के मौलिक अधिकार का 'स्पष्ट उल्लंघन' बताया था। हाईकोर्ट ने कहा था कि इसे फैमिली कोर्ट में सबूत के रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता।



### यह है मामला

दरअसल यह मामला पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के एक फैसले को चुनौती देने से संबंधित है। हाईकोर्ट के फैसले में कहा गया था कि पत्नी की जानकारी के बिना उसकी टेलीफोन पर बातचीत रिकॉर्ड करना 'याचिकाकर्ता-पत्नी के मौलिक अधिकार, यानी उसकी निजता के अधिकार का स्पष्ट उल्लंघन' है और इसे फैमिली कोर्ट में साक्ष्य के रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता। दरअसल हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 की धारा 13 के तहत तलाक की कार्यवाही से जुड़े एक मामले में हाईकोर्ट ने ये फैसला सुनाया था।

### रिश्ते खतरे में पड़ने वाला तर्क खारिज

जस्टिस बी वी नागरत्ना और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच की तरफ से यह फैसला सुनाया गया है। बेंच ने कहा कि पति या पत्नी की गुप्त रूप से रिकॉर्ड की गई टेलीफोन बातचीत वैवाहिक कार्यवाही में साक्ष्य के रूप में स्वीकार्य है। बेंच ने कहा, 'कुछ तर्क दिए गए हैं कि इस तरह के साक्ष्य की अनुमति देने से घरेलू सौहार्द और वैवाहिक संबंध खतरे में पड़ सकते हैं क्योंकि इससे पति-पत्नी पर जासूसी को बढ़ावा मिलेगा जिससे साक्ष्य अधिनियम की धारा 122 का उल्लंघन होगा। हमें नहीं लगता कि ऐसा तर्क मान्य है।अगर शादी उस मुकाम पर पहुंच गई है जहां पति-पत्नी सक्रिय रूप से एक-दूसरे पर जासूसी कर रहे हैं तो यह अपने आप में एक टूटे हुए रिश्ते का लक्षण है और उनके बीच विश्वास की कमी को दर्शाता है।'

## राशिफल

**मेष** मन परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पिता का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्च अधिक रहेंगे।

**मिथुन** कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध से बचें।

**कर्क** किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते है। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। पारिवारिक समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**सिंह** परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। सम्मान में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**कन्या** संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त हो सकते हैं। अफसरों से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**तुला** नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

**वृश्चिक** मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**धनु** सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। परिवार में व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**मकर** किसी भवन या सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। भाई-बहनों का साथ मिलेगा।

**कुंभ** आय में वृद्धि तो होगी, परन्तु अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते हैं।

**मीन** शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा।

## सड़कों पर कलाकार...



बेंगलुरु। कर्नाटक के बेंगलुरु स्थित रवींद्र कलाक्षेत्र में सोमवार को कलाकारों ने भुगतान मांगने पर अधिकारियों द्वारा कथित तौर पर दुर्व्यवहार किए जाने के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

## बिल को मिली मंजूरी


# पंजाब में बेअदबी करने वालों को अब उम्रकैद

**चंडीगढ़।** पंजाब कैबिनेट में बेअदबी बिल को मंजूरी दे दी गई है। मंजूरी मिलने के बाद बिल को विधानसभा में पेश किया गया। इस कानून से धार्मिक ग्रंथों और स्थलों की बेअदबी करने वालों को उम्रकैद मिलेगी।



पंजाब में लंबे समय से बेअदबी कानून की मांग चली आ रही है। बेअदबी के मामलों में विशेष अदालतें गठित की जा सकेंगी। वहीं बेअदबी के दोषियों को पैरोल नहीं मिलेगा। वहीं, पंजाब के नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस विधायक प्रताप सिंह बाजवा ने कहा पंजाब पवित्र धर्मग्रंथों के विरुद्ध अपराधों की रोकथाम विधेयक 2025 पर कल बहस होगी। बेअदबी की घटनाओं पर मुख्यमंत्री को गंभीरता दिखाने की जरूरत है। विधानसभा में सीएम मान ने बेअदबी को लेकर बिल पेश किया। विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने कहा कि बेअदबी बिल पर चर्चा के लिए समय दिया जाना चाहिए। मौके पर ही हमें बिल मिला हैं, इसलिए कल इस बिल पर चर्चा करवाई जानी चाहिए। इसके बाद सदन को 15 मिनट के लिए फिर से स्थगित कर दिया गया। बाजवा के बेअदबी बिल पर चर्चा कल के लिए आयोजित किए जाने को स्पीकर ने मंजूरी दे दी है। पंजाब में बेअदबी करने वालों को सजा दिलाने के लिए अभी कोई सख्त कानून नहीं है।

## शब्द पहेली - 5928



**बाएँ से दाएँ**
1.सहयोग की भावना-5
4.अकस्मात,एकाएक-4
7.पराजय-2
8.नाव चलाने वाला-3
9.भीगा हुआ-2
10.अनुवाद-4
11.बेल-2
13.योग्य,सही-3
14.घोड़ा गाड़ी-2
15.काव्य,गजल-3
17.अद्वैतभाव,कुर्बान-2
19.नामकरण-2,3
22.राजा का महल-5
25.प्रेम,ममता-2
26.कपड़े की दीवार-3
28.रास्ता,मार्ग-2
29.सिर,खोपड़ी-3
30.माप-2
32.गुस्सा करना-4
34.व्यंग,चुटीली बात-2
36.नायक,नेता-3
37.एक आंख वाला-2
38.रचनाकार-4
39.कृष्ण का एक नाम-3,2

**ऊपर से नीचे**
1.महोदय (अंग्रेजी-2)
2.डरपोक,भीरू-3
3.व्यंग कसना -5
4.बुद्धि-3
5.झुका हुआ-2
6.कर देने वाला-4
7.चोरी करना,छीनना (मु.-2,3)
10.तहखाना-4
12.एकटक देखना-2
16.वियोग,जुदाई-3
17.आमिर,काजोल की नई फिल्म-2
18.खुजली-2
20.घोटना,मंथन करना-3
21.पत्र,चिट्ठी-2
22.रास्ता-2
23.सुगंधित होना-4
24.बिजली का कौंधना-5
25.कुलीन स्त्री,देवी (उर्दू-5)
26.भगवान,ईश्वर-4
27.पेड़ का मध्य भाग-2
31.पटाखे की बाती,-3
33.अभिव्यक्ति-3
35.नृत्य,डांस-2
37.छोटी सवारी गाड़ी-2

### शब्द पहेली- 5927 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | व | र | दा | न | ■ | म | क | स | द | ■ |
| म | ■ | ■ | न | ■ | अ | ■ | ल | ■ | ■ | नि |
| न | ■ | व्य | व | हा | र | कु | श | ल | ■ | य |
| मा | न | व | ■ | ■ | दा | ■ | ■ | कि | म | त |
| नी | ■ | था | ■ | आ | स | न | ■ | र | न | ■ |
| ■ | र | ■ | हा | थ | ■ | ह | त्या | ■ | का | ■ |
| ■ | क | वि | ■ | म | क | र | ■ | क | ■ | श |
| ह | म | ला | ■ | ■ | ल | ■ | ■ | म | वे | शी |
| वे | ■ | प | र | व | र | दि | गा | र | ■ | फ |
| ली | ■ | ■ | स | ■ | व | ■ | य | ■ | ■ | ल |
| ■ | र | ह | म | त | ■ | घ | ब | रा | ना | ■ |

## सूडोकु नवताल - 5938

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | 8 | 5 | | |
| | 1 | | | | | | 2 | |
| | | 2 | | | | | | 8 |
| | | | 4 | | | | | 9 |
| 6 | | | | 5 | | | | 1 |
| 2 | | | | | 3 | | | |
| 5 | | | | | | 3 | | |
| | 8 | | | | | | 6 | |
| | | 4 | 9 | 1 | | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5937 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 6 | 7 | 9 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 3 | 1 | 5 | 2 | 8 | 6 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 6 | 1 | 5 | 4 | 2 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 4 | 2 |
| 9 | 3 | 1 | 4 | 7 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 2 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 9 | 3 |
| 1 | 9 | 2 | 3 | 4 | 7 | 6 | 5 | 8 |
| 5 | 7 | 3 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 4 |
| 8 | 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 3 | 1 | 7 |




MARUTI SUZUKI
NEXA
साल की सबसे जबरदस्त डील।
New Age Baleno पर अपग्रेड करने के इस सीमित अवधि वाले मौके को हाथ से न जाने दें। जल्द से जल्द इसका लाभ उठाएं।
घर लाएं BALENO बस
₹4 999#
प्रति माह में.
BALENO
THE NEW AGE
BALENO
TECH GOES BOLD
श्रेणी में पहला
360 व्यू कैमरा
श्रेणी में पहला
हेड अप डिस्प्ले
हर मॉडल में 6 एयरबैग^
इन-बिल्ट सुज़ुकी कनेक्ट
3 years 100 000 km WARRANTY*
EXTENDABLE UPTO 6 YEARS
₹ 77 500** तक के लाभ
मान्य प्रमाणपत्र जमा करने पर अतिरिक्त स्क्रैपेज बोनस उपलब्ध है
स्कैन करें और निकट के शोरूम से जुड़ें
आज ही ई-बुक करें @ WWW.NEXAEXPERIENCE.COM
संपर्क करें
1800-200-[6392]
1800-102-[6392]
विस्तृत नियम और शर्तों के लिए कृपया अपने नज़दीकी डीलरशिप पर जाएं. ऑफर खरीदे गए मॉडल और वेरिएंट के आधार पर भिन्न हो सकते हैं. **सभी ऑफर केवल NEXA डीलरों द्वारा ही उपलब्ध कराए जाते हैं. मारुति सुज़ुकी बिना किसी पूर्व सूचना के किसी भी समय ऑफर वापस लेने का अधिकार सुरक्षित रखती है. रचनात्मक प्रस्तुति. ^एयरबैग सहित सुरक्षा सुविधाओं के कामकाज के विवरण के लिए, कृपया उपयोगकर्ता पुस्तिका देखें. *3 साल या 100000 किमी, जो भी पहले हो. #EMI @ ₹4999 ग्राहक अपग्रेड (पुरानी कार का एक्सचेंज मूल्य 3.40 लाख रुपये) बलेनो सिग्मा वेरिएंट में करने के लिए एक स्कीम है. बैलून फाइनेंस EMI की गणना 9.5% ब्याज दर पर की जाती है. बैलून EMI कुल लोन राशि का 30% और 5 वर्ष की लोन अवधि है. बैलून फाइनेंस स्कीम चुनिंदा फाइनेंसरों द्वारा प्रदान की जाती है. फाइनेंसर के निर्णय पर फाइनेंस किया जाता है और ग्राहक की प्रोफाइल के आधार पर भिन्न हो सकता है. अधिक जानकारी के लिए कृपया अपने निकटतम नेक्सा डीलर या टोल-फ्री नंबर पर संपर्क करें.

मंदिर से बाबा के मुकुट, कुंडल, हार, छत्तर व नकदी पार

# श्याम के दरबार से 25 लाख की चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़



शहर के बीच स्थित श्याम मंदिर में रवि और सोमवार की दरमियानी रात अज्ञात चोर ने धावा बोलते हुए बाबा के दरबार से सोने का मुकुट, कुंडल, हार, चांदी का छत्तर व नकदी सहित कुल 25 लाख रुपए के आभूषणों को पार कर दिया है। इस घटना के बाद कोतवाली पुलिस की रात्रि गश्त पर सवाल उठने लगे हैं। अज्ञात चोर द्वारा 10 मिनट के भीतर इस वारदात को अंजाम दिया गया है। हालांकि आरोपी की पतासाजी के लिए पुलिस टीम जुटी हुई है।

दरअसल श्याम मंदिर के सहायक पुजारी अमित शर्मा सोमवार की सुबह मंदिर आए तो देखा कि बाहर के स्टील गेट में ताला लगा हुआ था। ताला खोलकर अंदर प्रवेश किए तो देखा कि मेन गेट में लगा लोहे और लकड़ी का ताला टूटा हुआ था। ऐसे में किसी अनहोनी की आशंका से उन्होंने श्याम मंडल कमेटी प्रबंधन को इसकी सूचना दी। इसके बाद समिति के पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और अंदर जाकर देखा तो श्याम बाबा के सोने का मुकुट, कुंडल, स्वर्णजड़ित हार, चांदी के चार बड़े-बड़े छत्तर गायब थे और दानपेटी टूटा हुआ था। इसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस, एसपी, सीएसपी दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और डॉग स्क्वायड को भी बुलाया गया। पुलिस का कहना है कि नकदी और आभूषण मिला कर करीब 25 लाख की चोरी हुई है, जबकि श्याम मंडल प्रबंधन इसे करीब 40 लाख की चोरी बता रहा है। फिलहाल पुलिस अज्ञात आरोपी की पतासाजी में जुटी हुई है।

### कैमरे से बचने खुद को प्लास्टिक से ढका

यह पूरी वारदात श्याम मंदिर में लगे सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई है। एक पतला-दुबला सा चोर रात करीब 1.25 बजे मंदिर में प्रवेश करता है।लोहे के सब्बल के सहारे चोरी की वारदात को अंजाम देता है। सीसीटीवी से पहचान छिपाने के लिए वह अपने ऊपर एक सफेद रंग का प्लास्टिक ढका हुआ है। साथ ही मुंह पर भी मास्क की तरह कपड़ा बंधा हुआ है। अज्ञात चोर 10 मिनट में मंदिर से हाथ साफ कर करीब 1.35 बजे आराम से भाग निकलता है।

### आरोपियों की तलाश जारी

श्याम मंदिर में चोरी की घटना सामने आई है। जिसमें दान पेटी व मंदिर से सोने-चांदी का आभूषण पार हुआ है। पुलिस की विशेष टीम गठित कर आरोपियों की लगातार पतासाजी की जा रही है।

-दिव्यांग पटेल, एसपी, रायगढ़

---

### कुंडल सहित अन्य सामान पार

रात करीब डेढ़ बजे मंदिर में चोरी की घटना घटित हुई है। अज्ञात चोर द्वारा श्याम बाबा का मुकुट, कुंडल, हार, चांदी के छत्र, नकदी सहित अन्य सामान पार कर दिया गया है। मंदिर से करीब 40 लाख की चोरी हुई है। आरोपी को पकड़ने पुलिस टीम लगी हुई है।

-बजरंग अग्रवाल, अध्यक्ष, श्याम मंडल।

# बीज बोने के बाद 4 नमूने फेल, 25 की रिपोर्ट लंबित, किसानों की बढ़ी चिंता

## हर साल देर से आती है सैंपल की रिपोर्ट, बोआई के बाद असमंजस में किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खरीफ सीजन में बोए गए बीजों के लिए गए सैंपल की जांच रिपोर्ट ने रायपुर जिले के कई किसानों की चिंता बढ़ा दी है। जांच में 196 में 167 मानक एवं 4 नमूनों के बीज अमानक पाए गए हैं, वहीं 25 नमूनों की रिपोर्ट अभी लंबित है। बचे हुए नमूनों की रिपोर्ट आने पर ही पता चल पाएगा कि इनमें कितने मानक और अमानक हैं। जांच में जिन नमूनों के बीच अमानक पाए गए हैं, उस लॉट के बीज कई किसान अपने खेतों में बो चुके हैं। ऐसे में इन बीजों के अमानक मिलने से किसानों को चिंता सताने लगी है कि उनकी फसल कैसी होगी।



### बीज, उर्वरक, कीटनाशक और जैव उर्वरकों की गुणवत्ता जांच में तेजी

जिले में कृषि विभाग ने बीज, उर्वरक, कीटनाशक और जैव उर्वरकों की गुणवत्ता की जांच तेज कर दी है। हालांकि विभाग की जांच रिपोर्ट ने किसानों की चिंता भी बढ़ा दी है। किसानों ने जो बीज बो दिए हैं, उनमें से चार बीज जांच में फेल हो गए हैं। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, जांच में फेल हुए ऐसे बीज लॉट की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया गया है, लेकिन यह प्रतिबंध तब लगाया गया है, जब खरीफ सीजन में किसान इस बीजों की बोआई कर चुके हैं। इस मामले में अधिकारियों का यह भी तर्क है कि लैब से जांच रिपोर्ट देर से आती है। रिपोर्ट आने के बाद ही अमानक बीज की बिक्री पर रोक लगाई जा सकती है।

### कीटनाशक के 25 सैंपल में 1 अमानक 14 की जांच रिपोर्ट नहीं आई

विभाग ने कीटनाशक के 25 नमूने लिए हैं। इनमें से केवल 10 नमूने मानक स्तर के मिले हैं, वहीं एक अमानक पाया गया। शेष 14 नमूनों की जांच रिपोर्ट नहीं आई है। इसी प्रकार रासायनिक उर्वरकों के 102 नमूने लिए गए हैं। इनमें 50 नमूने अमानक पाए गए हैं, वहीं जैव उर्वरकों के 20 नमूने लिए गए, जिनमें से 3 मानक स्तर के पाए गए, बाकी 17 नमूनों की रिपोर्ट अभी बाकी है।

### हर बार इस्तेमाल देर से आती है जांच रिपोर्ट

खरीफ हो या फिर रबी का सीजन, हर बार बीज नमूनों की जांच रिपोर्ट इनके इस्तेमाल के बाद ही आती है। किसान विभिन्न लॉट के बीज की खरीदी कर यह सोचकर उसकी बोआई करते हैं कि बीज की क्वालिटी अच्छी है और फसल भी अच्छी होगी, लेकिन जब इन बीजों की जांच रिपोर्ट आती है तो किसानों की न केवल चिंता बढ़ जाती है, बल्कि अमानक बीज की बोआई के कारण कई किसानों की फसलों पर भी प्रभाव पड़ता है। अच्छी फसल नहीं होने से किसानों को नुकसान उठाना पड़ता है। यहां तक की इस नुकसान की भरपाई भी नहीं की जाती है, या यूं कहें कि नमूने लेने से लेकर जांच तक होने वाली देर के कारण किसानों को नुकसान सहन करना पड़ता है।

लक्ष्य के विरुद्ध लिए गए नमूनों की जांच रिपोर्ट

| | लक्ष्य | लिए गए | मानक | अमानक | लंबित |
|---|---|---|---|---|---|
| बीज | 220 | 196 | 167 | 4 | 25 |
| कीटनाशक | 137 | 25 | 10 | 1 | 14 |
| रसायनिक खाद | 224 | 102 | 50 | 0 | 52 |
| जैविक खाद | 48 | 20 | 3 | 0 | 17 |

# प्रदेश की पहली चोरी...स्मार्ट मीटर से छेड़ खानी भारी पड़ी, लगा 87 हजार का जुर्माना



रायपुर। प्रदेश में सभी वर्गों के बिजली उपभोक्ताओं के पुराने मीटर बदलकर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। इन मीटरों में बिजली चोरी करना संभव नहीं है। अगर कोई मीटर से छेड़छाड़ करता है तो इसका पता गुढ़ियारी के कंट्रोल रूम में बैठे-बैठे चल जाएगा।

प्रदेश का ऐसा ही बिजली चोरी का पहला मामला सामने आया है। राजधानी रायपुर के ब्राह्मणपारा वार्ड के उपभोक्ता आलोक शर्मा स्मार्ट मीटर से छेड़छाड़ कर बिजली चोरी कर रहे थे। इसकी जानकारी होने पर उपभोक्ता के घर पर पॉवर कंपनी की विजिलेंस टीम ने छापा मारा और उपभोक्ता से 87349 रुपए का न सिर्फ बिल वसूला, बल्कि उनके खिलाफ एफआईआर भी दर्ज करा दी गई है। प्रदेश के 60 लाख से ज्यादा बिजली उपभोक्ताओं के मीटरों को स्मार्ट मीटर में बदला जा रहा है, क्योंकि आने वाले समय में इन मीटरों से उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन प्रीपैड किए जाएंगे। ऐसा होने से उपभोक्ताओं को मोबाइल की तरह की स्मार्ट मीटर को रीचार्ज कराने पर ही बिजली मिलेगी। स्मार्ट मीटरों में कई फंक्शन हैं। इन मीटरों से छेड़छाड़ करना और बिजली चोरी किसी भी हाल में संभव नहीं है। स्मार्ट मीटरों के लिए गुढ़ियारी में एक कंट्रोल रूम बनाया गया है। यहां से हर उपभोक्ता की निगरानी की जाती है। इसी कंट्रोल रूम से रीचार्ज न कराने वाले उपभोक्ताओं की जहां बिजली कट हो जाएगी, वहीं रीचार्ज कराने पर फिर से बिजली भी प्रारंभ हो जाएगी।

## कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, दन्तेवाड़ा

(फोन / फैक्स नं. 07856-252362, ई मेल eedan-phe-cg@nic.in)

**ऑनलाईन निविदा निरस्तीकरण सूचना**

जी क्रमांक-252601853

इस कार्यालय द्वारा नीचे दर्शित कॉलम अनुसार निम्नलिखित ऑनलाईन निविदा में कोई भी निविदाकार द्वारा भाग नही लेने के कारण निरस्त किया जाता हैं। विवरण निम्नानुसार है।

| स.क्र | निविदा सिस्टम क्रमांक |
|---|---|
| 1 | system no- 170892 |

जी क्रमांक-252601853

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड दंतेवाड़ा

जी.-252602163/4

### बाइक चोरी करने वाला देवार गिरोह पकड़ाया

भिलाई। पद्मनाभपुर पुलिस ने कोतवाली दुर्ग, मोहन नगर, पद्मनाभपुर सहित अन्य थाना क्षेत्र में मोटर साइकिल चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मामले में 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 14 बाइक जब्त की गई है। आरोपी शराब भट्टी के पास मोटर साइकिल बेचने के फिराक में घूम रहे थे।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद मुंगेली, जिला-मुंगेली (छ.ग.)

क्र. 551/न.पा./ लो.नि.वि./2025-26 मुंगेली, दिनांक 14/07/2025

**प्रथम ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पालिका परिषद मुंगेली द्वारा निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु निम्नानुसार ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| सिस्टम निविदा क्र. | कार्य का नाम | अनु.व्यय राशि (लाख में) | अमानत राशि | कार्य अवधि | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 171939 | अधिकारी/कर्मचारी आवास निर्माण कार्य | 80.63 | 60474.00 | 08 माह | सक्षम श्रेणी |
| 171953 | विभिन्न 05 स्थानों पर चौक सौंदर्यीकरण कार्य | 25.94 | 19455.00 | 04 माह | सक्षम श्रेणी |

टीप-1. निविदा प्रपत्र चिप्स के वेबसाईट Http:/eproc.cgstate.gov.in में अवलोकन किया जा सकता है।2 सिस्टम टेंडर नंबर 171953 ई-प्रोक्यूरमेंट बीड समिट करने की अंतिम तिथि 01.08. 2025 को समय सुबह 5.30 बजे तक एवं फिजिकल डाक्यूमेंट सम्मिट करने की अंतिम तिथि 05.08.2025 समय शाम 4:00 बजे तक तथा निविदा खोलने की तिथि 05.08.2025 समय दोपहर 5:00 बजे निर्धारित की गई है।3. सिस्टम टेंडर नंबर 171939 ई-प्रोक्यूरमेंट बीड समिट करने की अंतिम तिथि 04.08.2025 को समय सुबह 5:30 बजे तक एवं फिजिकल डाक्यूमेंट सम्मिट करने की अंतिम तिथि 06.08.2025 समय शाम 5:30 बजे तक तथा निविदा खोलने की तिथि 07.08.2025 समय दोपहर 12:00 बजे निर्धारित की गई है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद मुंगेली

## कार्यालय - कृषि उपज मण्डी समिति, नैला, नया बस स्टैण्ड के पास, केरा रोड, जांजगीर, जिला जांजगीर-चाम्पा (छ. ग.) 495668

e-mail:- mandi-naila.cg@gov.in, mandi.naila.cg@gmail.com

क्रमांक/मण्डी/से.शा.नी./2025-26/276 नैला, दिनांक : 11/07/2025

**विज्ञप्ति**

कृषि उपज मण्डी समिति नैला, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) के मण्डी प्रांगण में 10 नग सेण्ड्रीशाप का निर्माण किया गया है। छ.ग. राज्य कृषि विपणन मण्डी बोर्ड रायपुर के कार्यालयीन पत्र क्रमांक 6590 दिनांक 23.01.2020 के द्वारा मण्डी प्रांगण में निर्मित सेण्ड्रीशाप के आबंटन / नीलामी के संबंध में मार्गदर्शी निर्देश दिये गये है जिसके आधार पर नीलीमी उपसमिति द्वारा सर्वसम्मति से सेण्ड्रीशाप के नीलामी हेतु शर्ते निर्धारित की गई है। उक्त 10 नग सेण्ड्रीशाप में से 04 नग सेण्ड्रीशाप (01 से 04) को एग्री बिजनेस गौ उत्पाद/ जैविक उत्पाद/परम्परागत रूप से उत्पादित धान्य के सुगंधित किस्म एवं लघु धान्य फसलो के व्यवसाय का जीवित एवं वैध पंजीयन होना अनिवार्य है साथ ही उपरोक्त व्यवसाय का दो वर्ष का अनुभव रखने वाले व्यक्ति को पहले आओ एवं पहले पाओ के आधार पर आबंटित किया जायेगा। जिसका पंजीयन दिनांक 18.07.2025 से 26.07.2025 तक किया जाएगा। इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के अंतर्गत शासकीय/निजी एवं मान्यता प्राप्त महाविद्यालय से कृषि स्नातक को एवं मैनेज (राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंध संस्थान) के अंतर्गत एग्री क्लीनिक एवं एग्री बिजनेस प्रमाण पत्र धारी को प्राथमिकता दी जाएगी। शेष 06 नग सेण्ड्रीशाप (05 से 10) अनारक्षित रहेंगी, जिसका आबंटन नीलामी के माध्यम से किया जावेगा। जिसके लिए प्रकाशन दिनांक से 26.07.2025 तक कार्यालयीन समय में निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाएंगे। नीलामी दिनांक 29. 07.2025 दिन मंगलवार को प्रातः 11:00 बजे से कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति नैला जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) में नियत की गई है। नीलीमी हेतु अनारक्षित सेण्ड्रीशाप का विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र. | अनारक्षित सेण्ड्रीशाप क्रमांक | आकार (मीटर में) | सेण्ड्रीशाप की निर्माण लागत राशि (रूपये में) | पंजीयन राशि (लागत का 10 प्रतिशत) रूपये में | आफसेट प्राईज (लागत का न्यूनतम 25 प्रतिशत) रूपये में | मासिक किराया (लागत का 0.75 प्रतिशत) रूपये में |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 05 | 3.65X4.80 | 3,41,936 | 35,000 | 86,000 | 2,600 |
| 2 | 06 से 10 | 3.65X6.70 | 6,43,623 | 65,000 | 1,61,000 | 4,900 |

टीप:- 1. पंजीयन राशि, आफसेट प्राईज व किराये की राशि 100 के निकटतम गुणक में है।2. विस्तृत जानकारी एवं शर्ते कार्यालयीन दिवस व समय में इस कार्यालय में उपस्थित होकर देखी जा सकती है।

(अध्यक्ष महोदय द्वारा अनुमोदित)

( श्रीमती नीलम आजाद)
भारसाधक अधिकारी / सदस्य
कृषि उपज मण्डी समिति नैला,
जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

(श्री विवेक कुमार जायसवाल)
सचिव/सदस्य
कृषि उपज मण्डी समिति नैला
जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

संवाद 44527

### भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव में प्रदेश के राष्ट्रीय परिषद के सदस्य भी बनेंगे प्रस्तावक, समर्थक

रायपुर। भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की तैयारी प्रारंभ हो गई है। संभावना है, इसी माह नए अध्यक्ष का चुनाव होगा। इस बार नए अध्यक्ष के चुनाव में छत्तीसगढ़ को भी भागीदारी निभाने का पूरा मौका मिलेगा। प्रदेश में इस बार भाजपा प्रदेश संगठन के चुनाव पूरे होने के साथ राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों का भी चुनाव हो गया है। प्रदेश के राष्ट्रीय परिषद के सदस्य ही राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के नामांकन में प्रस्तावक और समर्थक बनेंगे। कई राज्यों की तरफ से नामांकन भरा जाएगा। छत्तीसगढ़ की तरफ से भी एक नामांकन भरे जाने की संभावना है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव से पहले देशभर के राज्यों में भाजपा संगठन के चुनाव कराए गए। छत्तीसगढ़ में ही सबसे पहले इस साल 17 जनवरी को प्रदेश संगठन के चुनाव पूरे हुए, तब यहां पर भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष के साथ ही राष्ट्रीय परिषद के 17 सदस्यों का चुनाव कराया गया। पूरे देश में छत्तीसगढ़ संगठन चुनाव पूरा कराने वाला पहला राज्य बना। इसके बाद दूसरे राज्यों के चुनाव पूरे हुए। देश के 22 राज्यों में संगठन के चुनाव हो चुके हैं। ऐसे में अब राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होना आसाना हो गया है।

## न्यायालय कलेक्टर, जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)

**-:: सूचना पत्र ::-**

क्रमांक/354/ रीडर/2025 सारंगढ़, दिनांक 01-07-2025

प्रति,

श्री हुकलेश्वर साहू पिता महेश्वर साहू, उम्र-25 वर्ष
निवासी ग्राम-टेंगनाकछार, थाना सलिहा,
जिला- सारंगढ-बिलाईगढ़ (छ.ग.)

**विषय :-प्रकरण की सुनवाई हेतु उपस्थित होने बाबत। पेशी दिनांक 21-07-2025**

आपको पेपर प्रकाशन के जरिये सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय के लंबित आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण क्रमांक 202411321300019/अ-47/2024-2025 पक्षकार छ.ग. शासन बनाम हुकलेश्वर साहू, साकिन धनसीर में आगामी पेशी दिनांक 21-07-2025 को नियत है। उक्त तिथि में आपकी उपस्थिति अनिवार्य है। निर्धारत तिथि को उपस्थित नहीं होने की दशा में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही कर दी जावेगी।

आज दिनांक 01-07-2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील, मुहर अंकित कर जारी किया गया।

कलेक्टर,
सारंगढ़-बिलाईगढ़

जी.-252602153/1

## NAVA RAIPUR ATAL NAGAR VIKAS PRADHIKARAN

Paryavas Bhawan, North Block, Sector- 19,
Nava Raipur Aatal Nagar-492 002, Chhattisgarh.
Tel No: +91 771 2512000; Fax No.: +91 771 2512400.
Website: www.navaraipuratalnagar.com http://eproc.cgstate.gov.in

नवा रायपुर अटल नगर

**E-Procurement Tender Notice**

The Chief Executive Officer, NRANVP invites tender for following works:

NIT No: 31./Road-Jungle Safari/EEC-III/CE/NRANVP/2025-26, Nava Raipur Atal Nagar, Dist. Raipur, Dated: 10/07/2025 Name of Work: "Infrastructure Development Works in inner and outer area of Jungle Safari (Sector-39) of Nava Raipur Atal Nagar, Dist. Raipur (C.G.)"

Estimated cost: INR 30.67 Crs., EMD: INR 31.67 Lakhs, Period of Completion: 15 Months

Last Time & Date of Online Submission: 15:00 hrs on ..31/07/2025

The E-Procurement

tender documents can be downloaded from the portal (Website) http://eproc.cgstate.gov.in directly and shall be submitted online on the same website only after making on payment of bid participation fees online.

Amendment in tender, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper.

Chief Engineer,
NRANVP

सं.-44529

## कार्यालय कलेक्टर, जिला-बस्तर, जगदलपुर (आदिवासी विकास शाखा)

Email: actd.jdp@gmail.com Phone/Fax No. 07782222520

क्रमांक / 2831 / आ.वि./स्व.तन- स्व.मन / 2025-26/ जगदलपुर, दिनॉक 11/07/2025

**-:: मानदेय पर निजी प्रेक्टिसनर चिकित्सक हेतु विज्ञापन ::-**

छत्तीसगढ़ शासन, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग, मंत्रालय रायपुर के आदेश क्र./एफ-15-4/2007/25-2/6464/ दिनांक 16.08.2007 एवं पत्र क्रमांक /छा.आ./40/2013-14/6660/ रायपुर, दिनांक 29.08.2013 द्वारा ''स्वस्थ तन-स्वस्थ मन'' (स्वास्थ्य सुरक्षा) योजना 2007 अंतर्गत विभागीय छात्रावास / आश्रमों में अध्ययनरत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु स्थानीय स्तर पर अनुबंध के आधार पर निजी प्रेक्टिशनर चिकित्सकों (एम.बी.बी.एस./बी.ए.एम.एस.) से एक अथवा एक से अधिक संस्थाओं के लिए दिनांक 18.07.2025 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। अधिक जानकारी एवं नियम तथा शर्तो के अवलोकन के लिए कार्यालयीन समय में कार्यालय कलेक्टर, आदिवासी विकास शाखा, जिला-बस्तर, जगदलपुर से संपर्क करें।

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास जगदलपुर

जी 252602162/1

## कार्यालय जिला बाल संरक्षण अधिकारी, जिला रायगढ़ (छ.ग.)

**दावा-आपत्ति**




1. बच्चे का नाम :- जॉन
2. बच्चे का प्राप्ति दिनांक :- 29.05.2019
3. संस्था :- विशेष आवश्यकता वाले बच्चे का गृह नई उम्मीद रायगढ़ (छ.ग.)
4. रंग :- सांवला
5. उम्र :- 13 वर्ष लगभग

बाल कल्याण समिति रायगढ़ के आदेश कमांक 220 दिनांक 29/05/2019 के द्वारा उक्त दिव्यांग बालक को अस्थाई संरक्षण हेतु विशेष आवश्यकता वाले बच्चे का गृह नई उम्मीद रायगढ़ (छ.ग.) में रखा गया हैं।

सर्व संबंधित को जो बालक के वैधानिक पालक/अभिभावक होने का दावा आपत्ति दर्ज कराना चाहते हैं वो प्रकाशन दिनांक से 30 दिवस के भीतर जिला बाल संरक्षण अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग जिला रायगढ़ अथवा विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण रायगढ़ (छ.ग.) में दावा आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। उक्त समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्तियों पर विचार नहीं किया जायेगा तथा दत्तक ग्रहण की कार्यवाही की जावेगी।

यह विज्ञापन मेरे द्वारा जारी किया गया।

जिला बाल संरक्षण अधिकारी
जिला बाल संरक्षण इकाई
जिला-रायगढ़ (छ.ग.)
दूरभाष क्रं 8824939141

जी 252602171/1

### कोल घोटाले की जांच ईडी-ईओडब्लू के बाद अब सीबीआई के सुपुर्द

रायपुर। राज्य के चर्चित 570 करोड़ रुपए के कोल घोटाले की जांच दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना अधिनियम (डीएसपीई एक्ट) की धारा-6 के तहत सीबीआई से कराने राज्य शासन ने विधिवत स्वीकृति दे दी। जांच एजेंसियों की रिपोर्ट के मुताबिक, 2020 से 2022 के बीच छत्तीसगढ़ में कोल परिवहन के नाम पर 570 करोड़ रुपए की अवैध वसूली की गई। हर टन कोयले पर 25 रुपए की दर से यह वसूली की जाती थी। कोल घोटाले का मास्टरमाइंड कारोबारी सूर्यकांत तिवारी को माना जा रहा है। ईडी के अनुसार, सूर्यकांत तिवारी ने अफसरों, ट्रांसपोर्टरों और दलालों की मदद से यह पूरा तंत्र खड़ा किया था। सूर्यकांत तिवारी इस वक्त न्यायिक हिरासत में है और उसकी जमानत याचिकाएं कई बार खारिज हो चुकी हैं।

## कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, दन्तेवाड़ा

(फोन / फैक्स नं. 07856-252362, ई मेल eedan-phe-cg@nic.in)

निविदा सू. क्र./07/ले.शा./का.अ./लो.स्वा.यां. /2025 दन्तेवाड़ा, दिनॉक: 11/07/2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

एकीकृत पंजीयन व्यवस्था प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र आईटम दर पर निम्नलिखित कार्य हेतु (Online) निविदा आमंत्रित की गयी है।

कार्य का नाम :- Empanelment of the Third Party Inspection Agencies (TPIs) under Jal Jeevan Mission work

| क्र. | सिस्टम टेण्डर क्रमॉक | कार्य का विवरण/ग्राम/ विकासखण्ड | निविदा आमंत्रण | अनुमानित लागत (करोड़ में |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 171916 | The submission of proposal by a consultant /organization/agency as Third Party Inspection Agencies (TPIs) for inspection of different works under rural water supply which includes in-village infrastructure works in:-(1) Retrofitting of 53 Villages, (2) New single village schemes in 172 Villages (3) Solar based schemes as a part of SVS or Retrofitting schemes. It implies that consultant/organization/agency has read the detailed EoI. District Dantewada (CG) | छटवा काल | 113.33 |
| | | कुल योग | | 113.33 |

निविदा की सामान्य शर्ते एवं अन्य जानकारी वेबसाईट पोर्टल http://eproc.egstate.gov.in पर दर्शित है।

टीप :-निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनॉक 21.07.2025 है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड दंतेवाड़ा

जी.-252602166/4

## कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

क्र. /स्व./2025 दिनांक 08.07.2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित सफाई व्यवस्था कार्य हेतु (Online) आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 19, 20, 22, 23, 24 ख 34 कोसाबाड़ी जोन क्षेत्र की सफाई कार्य (निगम मद) (प्रथम निविदा) | 122.86 | 29.07.2025 (T.No. 171705) |
| 2 | वार्ड क्र. 03, 04, 15, 16, 17, 18 परिवहन नगर जोन क्षेत्र की सफाई कार्य (निगम मद) (प्रथम निविदा) | 135.76 | 29.07.2025 (T.No. 171706) |
| 3 | वार्ड क्र. 08, 09, 10, 11, 13, 14 कोरबा जोन क्षेत्र की सफाई कार्य (निगम मद) (प्रथम निविदा) | 117.79 | 29.07.2025 (T.No. 171707) |
| 4 | वार्ड क्र. 01, 02, 05, 06, 07, 12 कोरबा जोन क्षेत्र की सफाई कार्य (निगम मद) (प्रथम निविदा) | 124.07 | 29.07.2025 (T.No. 171752) |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेब साईट www.korbamunicipal.in पर भी देखी जा सकती है।

।। स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें ।।

सहायक स्वास्थ्य अधिकारी
नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)

## कार्यालय नगरपालिक निगम, जगदलपुर, जिला - बस्तर (छ.ग.)

शांतिनगर, वार्ड क्र. 25, बस स्टैण्ड रोड, जगदलपुर E-Mail - jagdalpurnagarnigam@yahoo.com, Website-nagarnigamjagdalpur.in, Phone No. - 07782-221055

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

**Main Protal: http://eproc.cgstate.gov.in**

कमांक /944/ नपानि / लोनिवि / 2025 जगदलपुर दिनांक 04.07.2025

नगरपालिक निगम जगदलपुर द्वारा निम्नांकित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा कार्य क्र. 06 का प्रपत्र "C" में आयटम दर एवं शेष कार्य का प्रपत्र "A" में कम / अधिक प्रतिशत दर पर ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

| S. No. | S.T. No. | कार्य का विवरण | नि. राशि (लाख में) | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 171535 | Construction of Shed in Muktidham Parisar at Praveer ward o 01 Jagdalpur (IInd Call) (ब.वि.प्रा.) | 10.00 | 8000.00 |
| 2 | 171542 | Construction of Interlocking/Paver Block work at Hata Ground to Aauyushi Book depo Jagdalpur (IInd Call) (ब.वि.प्रा.) | 15.00 | 12000.00 |
| 3 | 171543 | Paver Block work from Jamaal Mil to Bhawani Chowk at Dr. Syama Prasad Mukharji ward No. 39 Jagdalpur (IInd Call) (ब.वि.प्रा.) | 10.00 | 8000.00 |
| 4 | 171544 | Paver Block work from Car Garage fo Aayapaa Mandir both side of road at Baliram Kashyp Ward No. 43 Jagdalpur (IInd Call ) (ब.वि.प्रा.) | 15.00 | 12000.00 |
| 5 | 171545 | Repair work in Veer Savarkar Bhawan (Community Hall) Pt. Shyama Prasad Mukherjee Ward No. 39 Jagdalpur (ब.वि.प्रा.) | 25.00 | 21000.00 |
| 6 | 171546 | Repair work of Town Hall Bhawan (Community Bhawan) Shanti \|Nagar Ward No. 25 Jagdalpur (ब.वि.प्रा.) | 15.00 | 12000.00 |
| 7 | 171557 | Rate contract tender for Providing and Fixing of tent equipment and material including all the electric and mechanical fitting on rent Municipal Corporation Jagdalpur | 50.00 | 50000.00 |
| 8 | 171548 | Paver block work from Bangiya Samaj to Shahid Park \|Maharani Ward No. 14 Jagdalpur (ब.वि.प्रा.) | 25.00 | 21000.00 |
| 9 | 171549 | Paver block work from Airport Chowk to Shahid Park Jagdalpur (ब.वि.प्रा.) | 15.00 | 12000.00 |
| 10 | 171550 | Paver block work from Airport to Fire Brigade Station Jagdalpur (ब.वि.प्रा.) | 15.00 | 12000.00 |
| 11 | 171551 | Paver block work from Kendriya Vidyalaya to NMDC Chowk Jagdalpur (ब.वि.प्रा.) | 15.00 | 12000.00 |
| 12 | 171552 | Repair and painting work of dividers of main roads Jagdalpur (ब.वि.प्रा.) | 15.00 | 12000.00 |
| 13 | 171553 | Construction work of public toilets in Indira Priyadarshini Stadium, Shanti Nagar Ward No. 25, Jagdalpur (ब.वि.प्रा.) | 10.00 | 8000.00 |
| 14 | 171554 | Jagtu Mahara Government Higher Secondary School, Jagdalpur Additional room and roof repair work (वि.नि.) | 10.00 | 8000.00 |
| 15 | 171556 | Construction of Upper Primary School at Aghanpur (School Code No. 22153320203) (DMFT) | 20.17 | 16000.00 |

निविदा प्रपत्र पर ऑनलाइन वेबसाईट (Main Protal: http://eproc.cgstate.gov.in) पर दिनांक 29.07.2025 को सांय 5.30 बजे तक देखे / क्रय एवं निविदा की कार्यवाही किये जा सकते हैं। अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा विवरण उपरोक्त वेबसाईट एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के वेबसाईट http://uad.cg.gov.in मे भी देखी जा सकती है। निविदा शर्ते, बी.ओ. क्यू, सूचना में किसी प्रकार का संशोधन किये जाने पर उपरोक्त वेवसाईट मे भी देखी जा सकती है। संशोधन सूचना, समाचार पत्र पर प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

**टीप :- निविदा प्रपत्र ऑनलाईन कय करने हेतु सक्षम श्रेणी पंजीकृत ठेकेदारों को उक्त वेबसाईट में पंजीकरण अनिवार्य है।**

*"स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत निर्माण में योगदान दे"*

कार्यपालन अभियंता
नगरपालिक निगम, जगदलपुर

संवाद 44525

## खबर संक्षेप

### टाटा टेक्नोलॉजीज का लाभ पांच प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** टाटा टेक्नोलॉजीज लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही (जून) का एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर पांच प्रतिशत बढ़कर 170.28 करोड़ रुपये रहा है। टीटीएल ने शेयर बाजारों को यह जानकारी दी। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी ने 162.03 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था।

### एनएसई ने मासिक बिजली वायदा अनुबंध किया शुरू




**नई दिल्ली।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया ने सोमवार को मासिक बिजली वायदा अनुबंध शुरू किए। बिजली खरीदारों, विक्रेताओं, खुदरा कारोबारियों को मूल्य जोखिमों का प्रबंधन करने में मदद मिलेगी। अनुबंधों में दोपहर दो बजे तक 4,000 से अधिक लॉट के लिए कारोबार हुआ था, जो 20 करोड़ यूनिट से अधिक बिजली के बराबर है।

### ट्रैवल फूड का शेयर दो फीसदी बढ़कर सूचीबद्ध

**नई दिल्ली।** ट्रैवल फूड सर्विसेज लिमिटेड का शेयर अपने निर्गम मूल्य 1,100 रुपये से दो प्रतिशत से अधिक बढ़त के साथ सोमवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर 2.38 प्रतिशत की बढ़त के साथ 1,126.20 रुपये सूचीबद्ध हुआ। एनएसई पर यह 2.27 प्रतिशत की चढ़कर 1,125 रुपये पर पहुंच गया। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 14,222.04 करोड़ रुपये रहा।

### बिट्स पिलानी नए परिसर विस्तार पर करेगा निवेश

**नई दिल्ली।** प्रतिष्ठित शिक्षा संस्थान बिट्स पिलानी आंध्र प्रदेश के अमरावती में एक 'एआई+ कैंपस'' सहित विस्तार योजनाओं पर 2,200 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करेगा। बिट्स पिलानी के कुलाधिपति और उद्योगपति कुमार मंगलम बिड़ला ने यह जानकारी दी। यह निवेश पांच साल में किया जाएगा।

### कोस्टा कॉफी की भारत में बिक्री 30 प्रतिशत बढ़ी




**नई दिल्ली।** ब्रिटेन के कॉफी श्रृंखला ब्रांड कोस्टा कॉफी की भारत में परिचालन आमदनी पिछले वित्त वर्ष (2024-25) में 30.76 प्रतिशत बढ़कर 198.5 करोड़ रुपये हो गई। इस दौरान उसका लाभ 28.4 प्रतिशत बढ़कर 149.7 करोड़ रुपये हो गया। यह वृद्धि स्टोर विस्तार के कारण हुई, पिछले वर्ष में उसके आउटलेट की संख्या 179 से बढ़कर 220 हो गई।

### ओला इलेक्ट्रिक के राजस्व में 35.5 फीसदी का इजाफा



**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रिक दोपहिया विनिर्माता ओला इलेक्ट्रिक का राजस्व तिमाही आधार पर अप्रैल-जून में 35.5 प्रतिशत बढ़कर 828 करोड़ रुपये हो गया। जनवरी-मार्च तिमाही में यह 611 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी ने सोमवार को बयान में कहा, वित्त वर्ष 2025-26 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में कुल 68,192 वाहनों की आपूर्ति की जबकि वित्तवर्ष 2024-25 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में 51,375 इकाइयों की आपूर्ति की थी। यह तिमाही आधार पर 32.7 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है।

# चांदी 5,000 रुपए की छलांग लगा 1.15 लाख रुपए के नए शिखर पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिकी शुल्क धमकियों को लेकर अनिश्चितताओं के बीच डॉलर की कमजोरी के बाद निवेशकों के सुरक्षित निवेश विकल्पों की ओर रुख करने से सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में चांदी की कीमतें 5,000 रुपये के जोरदार उछाल के साथ 1,15,000 रुपये प्रति किलोग्राम के नए शिखर पर पहुंच गईं। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। शनिवार को चांदी 4,500 रुपये बढ़कर 1,10,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंची थी। संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 200-200 रुपये बढ़कर क्रमशः 99,570 रुपये और 99,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर पहुंच गया।

- सोना 200 रुपए की मामूली बढ़त के साथ 99,570 रुपए प्रति दस ग्राम

## अनिश्चितताओं के बीच निवेशकों का सुरक्षित विकल्पों की ओर रुख

### चांदी 14 साल के उच्चतम स्तर पर

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, "चांदी की कीमतें बढ़कर घरेलू बाजार में नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई हैं। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में चांदी लगभग 14 साल के उच्चतम स्तर पर है। यह तेजी सोने के विकल्पों के प्रति निवेशकों की रुचि में बदलाव के कारण है।"

*चांदी वायदा में भी तेजी कायम : जिंस एक्सचेंज में चांदी वायदा 2,135 रुपये या 1.88 प्रतिशत की तेजी के साथ 1,15,136 रुपये प्रति किलोग्राम के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में अगस्त डिलिवरी वाले सबसे अधिक कारोबार वाला सोने का अनुबंध 518 रुपये या 0.53 प्रतिशत बढ़कर 98,336 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया।*



### बैंकों के विविधीकरण की मांग से सोने में फिर तेजी

जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड में उपाध्यक्ष, ईबीजी (जिंस और मुद्रा) प्रणव मेर ने कहा, "बढ़ती शुल्क संबंधी अनिश्चितता, रूस-यूक्रेन युद्ध के बढ़ने की संभावना और ईटीएफ निवेशकों व केंद्रीय बैंकों की विविधीकरण की बढ़ती मांग के कारण सोने में फिर से तेजी आई है और कीमतें अपने सर्वकालिक उच्चस्तर की ओर बढ़ने के लिए तैयार हैं।"

### डॉलर के इंडेक्स में आई कमी

एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष, शोध विश्लेषक (जिंस और मुद्रा) जतिन त्रिवेदी ने कहा, "वैश्विक शुल्क को लेकर तनाव के नए सिरे से बढ़ने से सोने की कीमतों में सकारात्मक रुख देखा गया। अमेरिका द्वारा यूरोपीय संघ, कनाडा और मेक्सिको सहित व्यापारिक साझेदारों पर अतिरिक्त शुल्क लगाने और डॉलर इंडेक्स में व्यापक कमजोरी के कारण सोना एक पसंदीदा सुरक्षित निवेश गंतव्य बन गया है।"

## खाने का सामान सस्ता होने से खुदरा महंगाई हुई कम

# खुदरा महंगाई दर छह साल के निचले स्तर 2.1 प्रतिशत पर, थोक मुद्रास्फीति शून्य से नीचे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बेहतर मानसून के साथ सब्जियों समेत अन्य खाने का सामान सस्ता होने से खुदरा मुद्रास्फीति जून में छह साल के निचले स्तर 2.1 प्रतिशत पर रही है। यह भारतीय रिजर्व बैंक के संतोषजनक स्तर से काफी नीचे है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति मई में 2.82 प्रतिशत और जून, 2024 में 5.08 प्रतिशत थी। नवंबर, 2024 से महंगाई दर में लगातार गिरावट आ रही है।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने एक बयान में कहा कि इस साल जून में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति सालाना आधार पर 2.1 प्रतिशत रही। इसमें कहा गया, ''इस साल मई की तुलना में जून की सकल मुद्रास्फीति में 0.72 प्रतिशत की गिरावट आई है। यह जनवरी, 2019 के बाद महंगाई की सबसे कम दर है। इससे पहले जनवरी, 2019 में मुद्रास्फीति का निचला स्तर 1.97 प्रतिशत था।

### सब्जियों की कीमतों में भी गिरावट आई



*सब्जियों की कीमतों में भी भारी गिरावट आई है। एनएसओ के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आंकड़ों के अनुसार, जून, 2025 में खाद्य वस्तुओं की सालाना महंगाई दर शून्य से नीचे 1.06 प्रतिशत रही। मासिक आधार पर जून, 2025 में खाद्य मुद्रास्फीति में 2.05 प्रतिशत की भारी गिरावट आई है। जून में खाद्य मुद्रास्फीति भी जनवरी, 2019 के बाद सबसे कम रही।*

### खाद्य पदार्थ, खनिज तेल व गैस की कीमतें घटी

उद्योग मंत्रालय ने एक बयान में कहा, "मुद्रास्फीति में जून महीने में गिरावट का कारण मुख्य रूप से खाद्य पदार्थों, खनिज तेलों, मूल धातुओं के विनिर्माण, कच्चे पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस आदि की कीमतों में कमी है। थोक मूल्य सूचकांक के आंकड़ों के अनुसार, जून में खाद्य पदार्थों की महंगाई में 3.75 प्रतिशत की गिरावट आई जबकि मई में इसमें 1.56 प्रतिशत की गिरावट आई थी।

- खुदरा मुद्रास्फीति जून में छह साल के निचले स्तर पर
- महंगाई रिजर्व बैंक के संतोषजनक स्तर से काफी नीचे है
- नवंबर 2024 से महंगाई दर में लगातार गिरावट आ रही

### दालों, मांस, मछली, अनाज और चीनी के दाम घटे

एनएसओ ने कहा कि जून, 2025 में मुद्रास्फीति और खाद्य महंगाई में उल्लेखनीय गिरावट मुख्य रूप से अनुकूल तुलनात्मक आधार और सब्जियों, दालों और उसके उत्पादों, मांस और मछली, अनाज और उत्पादों, चीनी और मिष्ठान्न, दूध और उसके उत्पादों तथा मसालों की कीमतों में गिरावट के कारण है।

### ग्रामीण क्षेत्रों में महंगाई कम रही

ग्रामीण क्षेत्रों में मुद्रास्फीति राष्ट्रीय औसत से कम 1.72 प्रतिशत रही, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह अधिक 2.56 प्रतिशत थी। सबसे कम मुद्रास्फीति तेलंगाना (-0.93 प्रतिशत) में और सबसे अधिक केरल (6.71 प्रतिशत) में रही। अखिल भारतीय स्तर पर, सब्जियों (-19 प्रतिशत), मांस और मछली (-1.62 प्रतिशत), 'दालें और उसके उत्पाद' (-11.76 प्रतिशत) और मसालों (-3.03 प्रतिशत) में सालाना महंगाई में गिरावट आई है।

### खाद्य और पेय पदार्थ खंड में आई नरमी

इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने खुदरा मुद्रास्फीति के बारे में कहा कि नरमी का मुख्य कारण खाद्य और पेय पदार्थ खंड है। इसमें 75 महीनों के बाद 0.2 प्रतिशत की गिरावट देखी गई, जबकि पिछले महीने इसमें महंगाई 1.5 प्रतिशत रही थी। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति लगातार आठवें महीने उम्मीद से अधिक कम होकर जून, 2025 में 2.1 प्रतिशत पर आ गई।

# जून में भारत का कच्चे तेल का आयात 15.49 लाख टन पर स्थिर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- कच्चे खाद्य तेलों के आयात में 25 फीसदी की वृद्धि
- कच्चे पाम, सोया व सूरजमुखी पर से बीसीडी कम की गई

भारत का वनस्पति तेल आयात जून में पिछले साल के इसी महीने की तुलना में 15.49 लाख टन पर स्थिर रहा है, जबकि कच्चे खाद्य तेलों की खेप में 25 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। उद्योग निकाय सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन (एसईए) ने सोमवार को यह जानकारी दी।

कच्चे तेल के आयात में यह वृद्धि सरकार द्वारा कच्चे पाम तेल, कच्चे सोयाबीन तेल और कच्चे सूरजमुखी तेल सहित कच्चे खाद्य तेलों पर मूल सीमा शुल्क (बीसीडी) को 31 मई से 20 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत करने के बाद हुई है। जून, 2024 में खाद्य और अखाद्य दोनों प्रकार के वनस्पति तेलों का कुल आयात 15.50 लाख टन रहा था। खाद्य तेल श्रेणी में, कच्चे सूरजमुखी तेलों को छोड़कर, अन्य कच्चे खाद्य तेलों आयात जून, 2025 में 25.64 प्रतिशत बढ़कर 11.51 लाख टन हो गया, जो एक साल पहले जून में 9.16 लाख टन था। हालांकि, कच्चे सूरजमुखी तेल का आयात जून में एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 53.58 प्रतिशत घटकर 2.61 लाख टन रह गया। एसईए के आंकड़ों के अनुसार, जून, 2025 में कच्चे पाम तेल (सीपीओ) का आयात एक साल पहले के 6.37 लाख टन से 23.55 प्रतिशत बढ़कर 7.88 लाख टन हो गया।

### एजेंसियों के पास 14 लाख टन सोया व रैपसीड

एसईए ने कहा कि नैफेड, हाफेड और एनसीडीईएक्स सहित एजेंसियों के पास वर्तमान में लगभग 14 लाख टन सोयाबीन और इतनी ही मात्रा में रैपसीड है। एसईए ने कहा, ''खाद्य तेलों की बढ़ती कीमतों को देखते हुए केंद्र सरकार आगामी फसल से पहले, अगले तीन महीनों में स्टॉक को पर्याप्त मात्रा में बाजार में जारी करने पर विचार कर सकती है।

# शेयर बाजार में लगातार चौथे दिन रही गिरावट

एजेंसी ▶▶| मुंबई



- सेंसेक्स 247 अंक टूटा, निफ्टी 68 अंक के नुकसान में
- आईटी शेयरों में बिकवाली व विदेशी निवेशकों की पूंजी

स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 247 अंक टूट गया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 68 अंक के नुकसान में रहा।

आईटी शेयरों में बिकवाली और विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी से बाजार नुकसान में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 247.01 अंक यानी 0.30 प्रतिशत की गिरावट के साथ 82,253.46 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 490.09 अंक टूटकर 82,010.38 अंक तक आ गया था। निफ्टी भी 67.55 अंक यानी 0.27 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,082.30 अंक पर बंद हुआ। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने शुक्रवार को 5,104.22 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। मझोली कंपनियों से संबंधित मिडकैप और छोटी कंपनियों से जुड़े स्मॉलकैप सूचकांक में क्रमशः 0.71 प्रतिशत और 1.04 प्रतिशत तक की तेजी रही।

### टीसीएस में रही गिरावट

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में एशियन पेंट्स में सबसे अधिक 1.58 प्रतिशत की गिरावट आई। इसके अलावा टेक महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, इन्फोसिस, एचसीएल टेक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, लार्सन एंड टुब्रो और टाटा मोटर्स के शेयर भी नुकसान में रहे।

### टाइटन रहा लाभ में

दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में इटर्नल (पूर्व में जोमैटो), टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा और आईटीसी शामिल है।

## टीटागढ़ रेल ने विस्तार के लिए की जमीन अधिग्रहित



**कोलकाता।** टीटागढ़ रेल सिस्टम्स लिमिटेड ने पश्चिम बंगाल सरकार से 126 करोड़ रुपये में लगभग 40 एकड़ जमीन पट्टे पर ली है। एक अधिकारी ने बताया कि इस कदम से कंपनी को हुगली जिले में स्थित अपने उत्तरपाड़ा संयंत्र में वंदे भारत कोच और मेट्रो कोच का उत्पादन बढ़ाने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि कोटरुंग और भद्रकाली मौजा में स्थित यह जमीन टीटागढ़ के उत्तरपाड़ा स्थित मौजूदा 34 एकड़ के संयंत्र से सटी हुई है। इससे यह कंपनी की विस्तार योजनाओं के लिए एक महत्वपूर्ण अतिरिक्त जगह बन गई है। उन्होंने बताया कि राज्य के साथ 12 जुलाई, 2025 को हस्ताक्षरित 99 साल के पट्टे समझौते के तहत यह जमीन 126.63 करोड़ रुपये में ली गई है।

## रुपया 22 पैसे टूटकर 86.02 प्रति डॉलर

**मुंबई।** वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी और अमेरिकी मुद्रा के मजबूत होने से रुपया सोमवार को 22 पैसे टूटकर 86.02 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि विदेशी पूंजी की निकासी तथा भारत-अमेरिका व्यापार समझौते में किसी भी प्रकार की सफलता में देरी से स्थानीय मुद्रा पर दबाव बढ़ा है।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 85.96 प्रति डॉलर पर खुला। दिन में 85.92 से 86.05 प्रति डॉलर के सीमित दायरे में कारोबार के बाद अंत में यह 86.02 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। यह पिछले बंद भाव से 22 पैसे की गिरावट है। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.80 पर बंद हुआ था।

# पीरामल परिवार वीआईपी में 32 फीसदी हिस्सेदारी बेचेगा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




- कंपनी बैग, सूटकेस, ट्रोली बैग, ब्रीफकेस बनाती है

बैग, सूटकेस, ट्रोली बैग, ब्रीफकेस आदि बनाने वाली वीआईपी इंडस्ट्रीज के प्रवर्तक दिलीप पीरामल और उनका परिवार कंपनी में अपनी 32 प्रतिशत तक हिस्सेदारी वैकल्पिक परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनी मल्टीपल्स को बेचेंगे। मल्टीपल्स कंसोर्टियम द्वारा भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के अधिग्रहण नियमों के अनुसार, इस कदम से खुले बाजार से 26 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने के लिए खुली पेशकश भी शुरू हो जाएगी। दोनों कंपनियों द्वारा जारी संयुक्त बयान के अनुसार, दिलीप पीरामल और उनके परिवार ने कंपनी में 32 प्रतिशत तक हिस्सेदारी बेचने के लिए मल्टीपल्स कंसोर्टियम के साथ एक निर्णायक समझौता किया है।

# हीरो मोटोकॉर्प जर्मनी, फ्रांस, स्पेन और ब्रिटेन के बाजार में उतरेगी

- सन 2025-26 की दूसरी तिमाही में अपनी उपस्थिति बढ़ाने जा रही

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



दोपहिया वाहन बनाने वाली कंपनी हीरो मोटोकॉर्प तेजी से वैश्विक विस्तार कर रही है और उसकी योजना 2025-26 की दूसरी तिमाही में जर्मनी, फ्रांस, स्पेन और ब्रिटेन के बाजार में अपनी उपस्थिति बढ़ाने की है। कंपनी के चेयरमैन पवन मुंजाल ने यह बात कही है।

मुंजाल ने कंपनी की 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट में शेयरधारकों को संबोधित करते हुए कहा कि हीरो मोटोकॉर्प ''भविष्य में निवेश कर रही है - भारत और उससे आगे।'' उन्होंने आगे कहा कि कंपनी अपने मंच, जिसमें 'स्टार्टअप के लिए हीरो' पहल भी शामिल है, के जरिये अगली पीढ़ी के उद्यमियों को प्रोत्साहन दे रही है।

*यूरोप और ब्रिटेन में प्रवेश का फैसला : मुंजाल ने कहा, ''वित्त वर्ष 2024-25 में, हमने ग्राहक अनुभव, गुणवत्ता और पैमाने पर विशेष ध्यान देकर दक्षिण एशिया से लेकर लातिनी अमेरिका तक के अंतरराष्ट्रीय बाजारों में 43 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि हासिल की। मुंजाल ने आगे कहा कि इस साल के अंत में यूरोप और ब्रिटेन में प्रवेश करने का फैसला कंपनी की इंजीनियरिंग उत्कृष्टता और नवोन्मेषण समर्थित वैश्विक महत्वाकांक्षा को दर्शाता है।*

# रूस देगा भारत के 10 लाख कुशल श्रमिकों को रोजगार

एजेंसी ▶▶| मॉस्को

रूस अपने औद्योगिक क्षेत्रों में श्रमिकों की कमी को दूर करने के लिए इस साल के अंततक भारत से करीब 10 लाख कुशल कार्यबल को अपने यहां काम करने का मौका देगा। रूस के एक दिग्गज कारोबारी ने यह जानकारी दी है। रूसी उद्योग मंडल 'यूराल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री' के प्रमुख आंद्रेई बेसेदिन ने समाचार एजेंसी रॉसबिजनेसकंसल्टिंग (आरबीसी) के साथ बातचीत में भारत से कुशल कामगारों को मंगाने की योजना की जानकारी दी।

### येकातेरिनबर्ग में नया दूतावास खुल रहा

बेसेदिन ने कहा, ''जहां तक मुझे पता है, साल के अंततक भारत से 10 लाख विशेषज्ञ कामगार रूस आएंगे। इनमें रूस का स्वेर्दलोव्स्क क्षेत्र भी शामिल है। इससे संबंधित मामलों को देखने के लिए येकातेरिनबर्ग में एक नया महावाणिज्य दूतावास खुल रहा है।'

## रूस अपने औद्योगिक क्षेत्र में श्रमिकों की कमी दूर करेगा

### श्रीलंका व उ. कोरिया से भी श्रमिक बुलाने पर विचार



आंद्रेई ने कहा कि रूस, श्रीलंका और उत्तर कोरिया से भी श्रमिकों को बुलाने पर विचार कर रहा है, लेकिन यह एक जटिल मुद्दा है। रूसी क्षेत्रों के उद्यमों में भारत से श्रमिकों के आने का सिलसिला 2024 में ही शुरू हो गया था। इन श्रमिकों को कैलिनिनग्राद मछली प्रसंस्करण परिसर 'जा रोदिनू' ने आमंत्रित किया था।

### रूसी युवाओं का रूझान कारखानों की और नहीं

बेसेदिन ने कहा कि इस क्षेत्र में स्थित औद्योगिक उद्यमों को उत्पादन की मात्रा बढ़ाने की जरूरत है, लेकिन यहां पर समुचित मात्रा में कुशल श्रमिकों की कमी है। उन्होंने इसके पीछे कुछ श्रमिकों के यूक्रेन में जारी रूसी सैन्य अभियान में तैनात होने और रूसी युवाओं के कारखानों में नहीं जाने की प्रवृत्ति को अहम कारण बताया।

### 2030 तक 31 लाख लोगों की कमी का अनुमान लगाया

आरबीसी समाचार एजेंसी के मुताबिक, रूसी श्रम मंत्रालय ने वर्ष 2030 तक कार्यबल में 31 लाख लोगों की कमी का अनुमान लगाया है। इसने 2025 में योग्य विदेशी श्रमिकों के आमंत्रण का कोटा 1.5 गुना बढ़ाकर 2.3 लाख लोगों तक करने का प्रस्ताव रखा है।

**कार्यालय नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)**
**निरस्ती निविदा विज्ञप्ति**

नि.क्र.18/न.पा.नि./जोन क्र.08/2025-26 बिलासपुर दिनांक 10.07.2025
जोन क्र. 08 नगर पालिक निगम बिलासपुर अंतर्गत प्रथम निविदा क्र. 17 दिनांक 09.07.2025 द्वारा निम्नानुसार कार्य:-

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि राशि (लाखों में) | अमानत राशि (रु.) |
|---|---|---|---|
| 1 | जोन क्र. 08 अंतर्गत वार्ड क्र. 59 से 68 तक डब्ल्यू.एम.एम. प्रदाय कार्य। | 4.72 | 5000 |
| 2 | जोन क्र. 08 विभिन्न स्थानों पर आर.सी.सी. स्लैब/ प्रीकास्ट स्लैब निर्माण कार्य। | 4.00 | 5000 |
| 3 | वार्ड क्र. 60 के विभिन्न स्थानों के नालियों में स्लैब निर्माण कार्य। | 5.00 | 5000 |
| 4 | वार्ड क्र. 61 में सुभाष चौक का मरम्मत कार्य। | 0.80 | 2000 |

हेतु निविदा आमंत्रित कि गयी थी, उक्त निविदा को निरस्त किया जाता है।

कार्यपलन अभियंता
ज़ोन क्र.08 न.पा.नि.
बिलासपुर (छ.ग.)

वृक्षारोपण कार्य महान, एक वृक्ष सौ पुत्र समान

SBI
भारतीय स्टेट बैंक
केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉरपोरेट केंद्र, मुंबई
फोन: 022-22820427

आवेदन के लिए क्यूआर स्कैन करें

**नियमित/संविदा आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग अधिकारियों की भर्ती**

नियमित/संविदा आधार पर निम्नलिखित पद के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

**विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2025-26/05**

| क्र.सं. | पद का नाम | रिक्ति | प्रकार |
|---|---|---|---|
| 1 | महाप्रबंधक (आईएस ऑडिट) | 01 | संविदा |
| 2 | एवीपी (आईएस ऑडिट) | 14 | संविदा |
| 3 | उप प्रबंधक (आईएस ऑडिट) | 18 | नियमित |

पात्रता मानदंड (आयु, अनुभव, जॉब प्रोफाइल आदि), रिक्ति विवरण, आवश्यक शुल्क एवं अन्य विवरण के लिए बैंक की वेबसाइट **https://bank.sbi/web/careers/current-openings** पर लॉग ऑन करें और ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करें तथा आवेदन शुल्क ऑनलाइन जमा करें. आवेदन करने और शुल्क जमा करने से पहले अपनी पात्रता एवं अन्य विवरण सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत विज्ञापन पढ़ें. कोई अन्य जानकारी के लिए कृपया **"CONTACT US"→"Post Your Query"** लिंक के माध्यम से हमें लिखें, जो कि बैंक की अधिकृत वेबसाइट **(https://bank.sbi/web/careers/post-your-query)** पर उपलब्ध है.

- **आवेदन ऑनलाइन जमा करने और शुल्क का भुगतान करने की तिथि : 11.07.2025 से 31.07.2025 तक.**

स्थान: मुंबई
दिनांक: 11.07.2025
महाप्रबंधक (आरपी एंड पीएम)

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### खाद-बीज संकट...

की जा रही है। डीएपी के बिना खेती की शुरुआत करने में मुश्किल होगी और उत्पादन बहुत कम होगा।

### किसानों को उर्वरकों...

नैनो उर्वरकों के उपयोग की अनुशंसा की गई है। बड़ी तादाद में इसका भंडारण भी किया जा चुका है। उन्होंने आगे कहा कि वैश्विक कारणों से रासायनिक खाद की आपूर्ति प्रभावित हुई। एनपीके उर्वरक का भंडारण लक्ष्य से ज्यादा हुआ है। पोटाश सहित अन्य खाद का भी भंडारण हुआ है। 28 लाख हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में बोआई हो चुकी है, जो पहले से ज्यादा है।

### विपक्ष के 22 सदस्य...

जाती। इस फैसले से नाराज विपक्षी विधायकों ने सदन में जोरदार नारेबाजी शुरू कर दी और विरोध स्वरूप गर्भगृह तक पहुंच गए। सरकार पर किसान विरोधी होने के आरोप लगाए। विपक्ष के सदस्य विरोध करते हुए गर्भगृह में आ गए, इसके चलते विधानसभा अध्यक्ष ने 22 विपक्षी विधायकों को निलंबित कर दिया।

### आरआई परीक्षा में...

कहा, परीक्षा की प्रक्रिया विधानसभा चुनाव से पहले की है। परिणाम आने के बाद शिकायत आई जिसकी जांच कराई गई। जांच में पाया गया कि अनियमितता हुई है, रिश्तेदार एक साथ बैठे थे। मामले में ईओडब्ल्यू जांच कर रहा है। किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। सीजीपीएससी की तरह इसमें भी बड़ी जांच होगी। निचले स्तर तक जांच हो रही है। राजेश मूणत ने पूछा कि पत्नी, जीजा, साली सब साथ बैठे दिखे फिर भी विभागीय कार्रवाई क्यों नहीं हुई? मंत्री टंकराम ने कहा, दोषियों को सजा दिलाने के लिए जांच ईओडब्ल्यू को दी गई है। आने वाले सत्र से पहले इस पर कार्रवाई हो, ये सुनिश्चित करेंगे।

**घोटाले को पूर्व सरकार का बताने पर विपक्ष का हंगामा-**

राजेश मूणत ने कहा, पीएससी घोटाला समेत ये सब घोटाले पूर्व सरकार के हैं, इस पर विपक्ष ने हंगामा शुरू करते हुए परीक्षा की अन्य जानकारी साझा करने की मांग की। वहीं अजय चंद्राकर ने पूछा कि ईओडब्ल्यू को जांच करने का आदेश किसने दिया, जिस पर मंत्री टंक राम वर्मा ने कहा, विभाग ने ईओडब्ल्यू जांच के लिए कहा।

### सीबीआई से कराएं...

पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए नारेबाजी की। श्री बघेल ने कहा, पूरी प्रक्रिया में भ्रष्टाचार के दोषियों को बचाने की कोशिश है तो भ्रष्टाचार की जांच सीबीआई को सौंपें।

### डीएपी की कमी...

एनपीके उर्वरक का लक्ष्य से 25 हजार मीट्रिक टन अधिक तथा एसएसपी का निर्धारित लक्ष्य से 50 हजार मीट्रिक टन का अतिरिक्त भंडारण किया गया है। पोटाश के निर्धारित लक्ष्य 60 हजार मीट्रिक टन के विरुद्ध अब तक 77 हजार मीट्रिक टन से अधिक म्यूरेट ऑफ पोटाश का भंडारण किया गया है। नैनो डीएपी, जो कि ठोस डीएपी के विकल्प के रूप में बीज/थरहा, जड़ उपचार एवं बोआई/रोपाई के पश्चात खड़ी फसल में छिड़काव के लिए उपयोगी है। नैनो डीएपी की निरंतर आपूर्ति राज्य में सरकार द्वारा सुनिश्चित की गई है।

### किसानों को परेशान...

और एसएसपी की भरपूर व्यवस्था सुनिश्चित की है। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कृषि वैज्ञानिकों और कृषि विभाग के अधिकारियों के सुझाव के अनुरूप किसान डीएपी के बदले उक्त उर्वरकों का प्रयोग कर बेहतर उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं। सोसायटियों में किसानों की डिमांड के अनुसार खाद-बीज का पर्याप्त भंडारण किया गया है।

### हाईवे में खड़े ट्रक...

सुबह लगभग 4 बजे नेशनल हाईवे 30 स्थित माजीसा पेट्रोल पम्प के करीब मनीष ट्रेवल्स की बस खड़े ट्रक को जोरदार टक्कर मार दी। बताया जा रहा है कि रायपुर से मनीष ट्रेवल्स की बस 30 से अधिक यात्रियों को लेकर रात करीब 10 बजे जगदलपुर के लिए रवाना हुई थी। सोमवार की सुबह करीब चार बजे जैसे ही बस बस्तर थाना क्षेत्र में पहुंची। उसी समय माजीसा पेट्रोल पंप के पास सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई। घटना के दौरान बस में सवार अधिकतर यात्री सो रहे थे। अचानक से हुए इस हादसे में बस में सो रहे यात्रियों को भी बड़ा झटका लगा। बताया जा रहा है कि तेज रफ्तार बस के चालक को शायद झपकी आ गई थी। जब तक उसे कुछ समझ आता बस ट्रक से जा भिड़ी थी। हादसे की सूचना मिलते ही बस्तर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों का अस्पताल ले जाया गया। थाना प्रभारी सुरेश जांगड़े ने बताया कि इस सड़क हादसे में बस चालक सतेंद्र सिंह 35 वर्ष निवासी दुर्ग व हेल्पर पुष्पा 20 वर्ष निवासी बीजापुर की मौके पर ही मौत हो गई है। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शवों को पीएम के लिए अस्पताल भिजवा गया। वहीं कुछ यात्री हादसे में घायल हुए थे उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जगदलपुर रेफर किया गया है। हादसे में घायल सभी यात्रियों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

**सड़क पर खड़े ट्रकों और मवेशियों के चलते हादसा-**

गौरतलब है कि हाईवे में आए दिन तेज रफ्तार बस व ट्रक हादसे का शिकार हो रही है। हादसे की प्रमुख वजह तेज रफ्तार को बताया जा रहा है। इसके अलावा सड़क पर सोए मवेशियों के चलते भी हादसा लगातार हो रहा है। वहीं परिवहन विभाग द्वारा भी बसों को बेतहाशा परमिट जारी किया जा रहा है। सवारी के चलते बस के चालकों के रफ्तार पर लगाम नही लगाया जा रहा है। हाईवे में बिना रेडियम लगी हुई ट्रक, टिप्पर व अन्य वाहनें खड़ी रहती है जो हादसे की एक वजह भी बन रही है। हाइवे में खड़ी अधिकतर मालवाहक वाहनों के पीछे ना तो रेडियम लगा होता है और न ही पार्किंग लाईट होती है जिसके चलते जब तक तेज रफ्तार वाहन चालकों को कुछ समझ में आता है दुर्घटना हो चुका होता है।

### व्यापमं में नकल के...

पकड़ में नहीं आ सके। व्यावसायिक परीक्षा मंडल की अध्यक्ष डॉ.रेणु पिल्ले ने सभी जिला कलेक्टर को आदेश जारी कर व्यापम परीक्षा केंद्रों में मेटल डिटेक्टर की व्यवस्था करने कहा है। जारी निर्देश में कहा गया है कि हैंडडेल्ड मेटल डिटेक्टर के साथ हाथों से भी तलाशी ली जाए।

महिला अभ्यर्थियों की तलाशी महिला पुलिस कर्मी तथा पुरूष अभ्यर्थियों की तलाशी पुरूष पुलिस कर्मी से ही कराई जाएगी। परीक्षा प्रारंभ होने के 2.30 घंटे पूर्व ये पुलिस कर्मी अनिवार्य रूप से अपनी उपस्थिति केंद्र में देंगे। परीक्षा प्रारंभ होने के बाद इन दोनों पुलिस कर्मी में से एक-एक पुलिस कर्मी अंदर व बाहर का निरीक्षण करते रहेंगे ताकि कोई संदिग्ध गतिविधि ना हो।

**आईटी एक्ट के तहत अपराध दर्ज-**

इधर, मामले के तुल पकड़ने के बाद पुलिस पर जांच का दबाव बढ़ गया है। पुलिस ने मामले में दोनों युवतियों के खिलाफ धारा 112, बीएनएस, 67 आईटी एक्ट सहित चीटिंग और षड्यंत्र का केस दर्ज कर लिया है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि दोनों युवतियां आपस में बहन हैं, जो जशपुर की रहने वाली हैं। बड़ी बहन लोयला स्कूल में टीचर है। आर्थिक तंगी के कारण छोटी बहन की नौकरी लगाने के लिए उसने ऑनलाइन शॉपिंग के जरिए नकल के लिए इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स मंगाए थे। 10 दिन पहले उसकी डिलीवरी हुई थी। बिलासपुर एसएसपी ने मामले में आगे की जांच के लिए एडिशनल एसपी के नेतृत्व में टीम गठित कर दिया है। आगे पुलिस रिमांड लेकर युवतियों से विस्तृत पूछताछ की जाएगी। एसएसपी ने बताया कि, इस षड्यंत्र व रैकेट में जो भी शामिल होगा, उसे बख्शा नहीं जाएगा। हम कड़ी कार्रवाई की तैयारी कर रहे हैं।

### कन्वेंशन हॉल की...

गिरने से निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं। कन्वेंशन हॉल का नामकरण रानी अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर सीएम ने ही किया था। इस घटना को गंभीरता से लेते हुए छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के आयुक्त का आदेशः कोरबा जिला अपर आयुक्त, छत्तीसगढ़ के निर्माण मंडल बिलासपुर के अधीन है. अपर आयुक्त द्वारा प्रेषित पत्र के आधार पर ही कार्यपालन अभियंता (सिविल) आरके दंदेलिया और सहायक अभियंता (सिविल) कांशी प्रकाश पैकरा को सस्पेंड कर दिया गया है।

### राहुल ने आदिवासी...

भी रखी थी। बैठक में छत्तीसगढ़ की स्थितियों को लेकर चर्चा हुई। साथ ही प्रदेश के कई महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर भी चर्चा की गई, इसमें कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, सांसद फूलोदेवी नेताम समेत छत्तीसगढ़ के विधायक और नेता मौजूद रहे।

**केदार ने पूछा- ठोस मुद्दे पर बात हुई या औपचारिकता-**

मामले में प्रदेश के वन एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने कांग्रेस नेताओं पर तीखा हमला बोलते हुए पूछा है कि क्या इस मुलाकात के दौरान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने छत्तीसगढ़ के आदिवासियों के वास्तविक मुद्दों पर कोई ठोस बात रखी, या यह बैठक भी सिर्फ परंपरागत चरण वंदना और औपचारिकता बनकर रह गई? उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व पर आरोप लगाते हुए कहा, भूपेश सरकार के कार्यकाल में कांग्रेस ने राज्यसभा के लिए तीन सदस्य भेजे, लेकिन उनमें से एक भी छत्तीसगढ़ का आदिवासी नहीं था। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या दीपक बैज ने राहुल गांधी से यह पूछने की हिम्मत की कि आदिवासी नेताओं को कांग्रेस ने राज्यसभा भेजने लायक क्यों नहीं समझा? उन्होंने पूछा कि अगर कांग्रेस के ये आदिवासी नेता अपने ही शासनकाल में जनहित के मुद्दे नहीं उठा सके तो अब राहुल गांधी के सामने बोलने की अपेक्षा करना हास्यास्पद है।

### गजपति गोवा के...

गया है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख के उपराज्यपाल पद से ब्रिगेडियर बी. डी. मिश्रा (सेवानिवृत्त) का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। विज्ञप्ति के अनुसार राष्ट्रपति मुर्मू ने गुप्ता को लद्दाख का उपराज्यपाल, राजू को गोवा का राज्यपाल और प्रोफेसर घोष को हरियाणा का राज्यपाल नियुक्त किया है।

### समोसा-कचौड़ी, चाय...

कहा कि भारत में वयस्कों और बच्चों, दोनों में मोटापे में तेज़ी से वृद्धि देखी जा रही है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 (2019-21) के अनुसार, शहरी क्षेत्रों में पांच में से एक से ज़्यादा वयस्क अधिक वज़न या मोटापे से ग्रस्त हैं। बच्चों में मोटापे की व्यापकता खराब खान-पान की आदतों और कम शारीरिक गतिविधियों से प्रभावित होती है। उन्होंने कहा है कि 2025 में प्रकाशित 'लैंसेट जीबीडी 2021 मोटापा पूर्वानुमान अध्ययन' के अनुसार, भारत में अधिक वजन और मोटापे से ग्रस्त वयस्कों की संख्या 2021 में 18 करोड़ थी जो 2050 तक बढ़कर 44.9 करोड़ हो जाने का अनुमान है जिससे यह मोटापा से ग्रस्त लोगों के मामले में दुनिया में दूसरा देश बन जाएगा। उन्होंने कहा कि मोटापा मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग और कुछ कैंसर जैसी गैर-संचारी बीमारियों के जोखिम को काफी बढ़ा देता है। यह मानसिक स्वास्थ्य, गतिशीलता और जीवन की गुणवत्ता को भी प्रभावित करता है, और स्वास्थ्य देखभाल की बढ़ती लागत और उत्पादकता में कमी के माध्यम से भारी आर्थिक बोझ डालता है। इन प्रवृत्तियों को उलटने के लिए शीघ्र रोकथाम और स्वास्थ्य संवर्धन अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। पत्र में, श्रीवास्तव ने जीवनशैली में बदलाव के माध्यम से मोटापे से निपटने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान का उल्लेख किया। पत्र में कहा गया है, 28 जनवरी 2025 को देहरादून में 38वें राष्ट्रीय खेलों के उद्घाटन समारोह में प्रधानमंत्री ने फिट इंडिया अभियान का आह्वान किया और नागरिकों से स्वस्थ भारत के व्यापक दृष्टिकोण के तहत सक्रिय, स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का आग्रह किया। अपने 'मन की बात' रेडियो कार्यक्रम में उन्होंने तेल की खपत में 10 प्रतिशत की कमी लाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इस अपील के जवाब में, और गैर-संचारी रोगों की रोकथाम और नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम (एनपी-एनसीडी) के तहत मंत्रालय की प्रमुख पहल के तहत कार्यस्थलों पर स्थायी व्यवहार परिवर्तनों को बढ़ावा देना अनिवार्य है। श्रीवास्तव ने कहा कि इसमें तेल और चीनी के अत्यधिक सेवन को कम करना शामिल है, जो मोटापे, मधुमेह, उच्च रक्तचाप और अन्य जीवनशैली संबंधी विकारों के बढ़ते मामलों में प्रमुख योगदानकर्ता हैं। पत्र में कहा गया है, हम विभिन्न स्थानों पर स्वास्थ्यवर्धक आहार संबंधी आदतों को बढ़ावा देने के लिए चीनी और तेल बोर्ड पहल को प्रदर्शित किया जाना, प्रस्तावित कर रहे हैं। ये बोर्ड स्कूलों, कार्यालयों, सार्वजनिक संस्थानों में संकेतक के रूप में काम करेंगे, जो रोजमर्रा के खाद्य पदार्थों में छिपे वसा और शर्करा के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदर्शित करेंगे।

## 'समाज को ऐसे लोगों की जरूरत, जो सरकार के खिलाफ याचिकाएं दायर करें'

### केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का बयान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा, 'समाज में कुछ ऐसे लोग भी होने चाहिए, जो सरकार के खिलाफ केस दाखिल कर सकें। अगर सिस्टम में



अनुशासन चाहिए तो सरकार के खिलाफ अदालत का सहारा लेना जरूरी है।' उन्होंने कहा- कई बार अदालत का आदेश ऐसे काम भी करवा देते हैं, जो सरकार नहीं करवा पातीं। समाज में कुछ लोगों को सरकार के खिलाफ अदालत में याचिकाएं दाखिल करनी चाहिए। इससे नेताओं और सिस्टम में अनुशासन आता है। गडकरी ने कहा कि ऐसा इसलिए क्योंकि जनता को लुभाने की राजनीति नेताओं-मंत्रियों के आड़े आती है और वे जनहित में कदम नहीं उठा पाते। गडकरी ने कई उदाहरण दिए, जिनमें केंद्र-राज्य सरकारों को खिलाफ याचिका दाखिल की गई थी। 3 जुलाई को नितिन गडकरी नागपुर पहुंचे थे। वहां वहां 'प्रकाश देशपांडे स्मृति कुशल संगठक पुरस्कार समारोह' में उन्होंने ये बात कही थी।

#### जवाबदेही होती है तय

समाज में जागरूक-जुझारू लोगों की मौजूदगी जरूरी गडकरी ने कुशल संघटक के तौर पर सम्मानित लोगों की सराहना की। उन्होंने कहा- इन लोगों ने सरकार के खिलाफ कई कानूनी लड़ाइयां लड़ीं। समाज में ऐसे जागरूक और जुझारू लोगों की मौजूदगी जरूरी है जो सिस्टम की गलतियों को उजागर करें और जनता के हित में कदम उठाएं। केंद्रीय मंत्री ने कहा- ये लोग सिर्फ विरोध करने के लिए नहीं, बल्कि जनहित में काम कर रहे थे। इन लोगों ने अदालत के माध्यम से सरकार की जवाबदेही तय की और साबित किया कि लोकतंत्र में जागरूक नागरिकों की कितनी अहम भूमिका होती है। कई बार ऐसा हुआ कि जब लोग अदालत गए तो सरकार को अपने किसी फैसले से पीछे हटना पड़ा।

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
अष्टविनायक हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

HMS ARSH-RAHAT
आयुर्वेदिक हानिरहित बवासीर का दवा
अर्श-राहत
बवासीर की समस्त समस्याओं से 5 दिनों में छुटकारा दिलाता है व दुबारा होने से भी रोकता है।
आपरेशन के खर्च व तकलीफ से बचना चाहते हैं तो अर्श-राहत का इस्तेमाल करें
HMS देखकर खरीदें

असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
94060-21769

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100, 9754263022

### आवश्यकता है

आवश्यकता है-गिफ्ट और खिलौना दुकान में काम करने हेतु लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- हिन्दुस्तान टॉयज तेलीपारा बिलासपुर 9827186198 (38235)

आवश्यकता है-शाकाहारी खाना बनाने हेतु कुक, सुरक्षा गार्ड, हाउस कीपिंग हेतु अनुभवी लड़के चाहिए। सम्पर्क करें- सुबह 10बजे से 12बजे तक हॉटल शिवनेरी, सीएमडी कॉलेज ग्राउंड के सामने लिंक रोड, बिलासपुर (38233)

आवश्यकता है-होलसेल दवाई दुकान में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है वेतन 8000 से 10000 तक सम्पर्क करें- मेडिको पैलेस मेडिकल काम्पलेक्स तेलीपारा बिलासपुर (38237)

आवश्यकता है-Ordeal Company को 120 लड़के लड़कियों की आवश्यकता है आय 8500 से 18000 रहना खाना फ्री परमानेन्ट जॉब सम्पर्क करें- उस्लापुर ओव्हर ब्रिज के पास दीप सागर नगर बिलासपुर 8003402269 (38236)

आवश्यकता है-थोक दवाई दुकान हेतु अनुभवी कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं माल निकालने लड़के, लड़कियां चाहिए सम्पर्क करें- श्रीराम ट्रेडर्स अजीत होटल के पीछे मेडिकल काम्प्लेक्स तेलीपारा बिलासपुर (बायोडाटा व्हाट्सएप करें) 9425219248, 90397 76336 (38229)

आवश्यकता है-यश सुपर बाजार में कार्य करने हेतु लड़की, लड़के, राशन पैकिंग करने हेतु महिला चाहिए पता- रिंग रोड नं.-2, महाराणा प्रताप चौक एवं भारतीय नगर चौक, व्यापार विहार रोड बिलासपुर (38231)

आवश्यकता है- इलेक्ट्रीकल्स दुकान में कार्य हेतु लड़कों की आवश्यकता है रिपेरिंग, साईड कार्य वाईरिंग, फिटिंग हेतु। रहने की सुविधा सम्पर्क करें- अरूण इलेक्ट्रीकल्स चन्द्रा पार्क के सामने बृहस्पति बाजार बिलासपुर 7869102080 (38221)

आवश्यकता है-मशरूम स्पान (बीज) बनाने हेतु 5वीं, 10वीं पास 18 से 25वर्ष के लड़के एवं लड़कियां चाहिए। सम्पर्क करें- श्याम मशरुम एण्ड एग्रो, अशोक नगर चौक सीपत रोड, सरकंडा बिलासपुर 9893592323 (38215)

आवश्यकता है-कैफे में कार्य हेतु फ्रेशर युवक/ युवती चाहिए सैलरी योग्यतानुसार 6000 से 8000 सम्पर्क करें- 12बजे के बाद, ब्रूबेरी कैफे, एम्बियंस बिजनेस पार्क, CMD कॉलेज के सामने 79879 26453, 9131256249, 07752 490692 (193)

आवश्यकता है-स्पा एण्ड सेलून में काम करने के लिए तोरवा और व्यापार विहार में महिला टेलीकॉलर, महिला थैरेपिस्ट एवं महिला हाउस कीपिंग की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- 6399166000 (38220)

आवश्यकता है-बुकिंग में कार एवं इनोवा चलाने हेतु 5वर्ष अनुभवी ड्राइवर (वेतन 12000+ 100 भत्ता+ 100 नाईट) एवं यार्ड में सफाई हेतु कुली, चपरासी लड़के चाहिए। (समय सुबह 9 से शाम 7बजे) पता-सक्षम ट्रैवल्स बिलासपुर 62641 25145, 98271 92189 (38146)

आवश्यकता है-प्रॉपर्टी डीलिंग ऑफिस में ऑफिस ब्वॉय, सेल्स कार्य, टेलीकॉलिंग हेतु अनुभवी, फ्रेशर युवक, युवतियां चाहिए वेतन 8000 से 14000 सम्पर्क करें- श्री काली प्रॉपर्टीज रिंग रोड नं-2 बिलासपुर 9179116542, 6265497208 (38218)

आवश्यकता है-प्लाई दुकान में काम करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- आहुजा ट्रेडर्स, जैन मन्दिर के सामने नया सरकंडा बिलासपुर 7000484949 (38224)

आवश्यकता है-वेल्डर की आवश्यकता है वर्क शॉप और फील्ड वर्क करने के लिए अनुभवी ऑटोमोबाइल लाइन के वेल्डर, मिस्त्री और पेन्टर की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 9669211111, 9827175811 (38222)

आवश्यकता है-सुरक्षा गार्ड एवं सिक्युरिटी एजेन्सी में कार्य किया हुआ अनुभवी सुपरवाइजर चाहिए। वेतन योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- ए1 जीत सिक्युरिटीज प्राइवेट लिमिटेड मंगला चौक CLC प्लाजा बिलासपुर 72472 44800, 07752448013 (38194)

आवश्यकता है-ऑफिस कार्य कार्य हेतु 10वी 12वीं पास छात्रों की आवश्यकता है जो कानपुर में रहकर काम कर सके वेतन 10000+ कमीशन +बोनस+प्रमोशन+ रेल, ट्रेनिंग के बाद कमाए 15000 से 20000 महीना सम्पर्क करें- 8770508791, 72258 15090 (502)

आवश्यकता है-Fraud call से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घर बैठे पार्ट/ फुल टाईम SMS जॉब करके लड़के, लड़कियों, गृहणियां कमाए 15000- 45000/- महिना लैपटॉप+ मोबाइल मुफ्त Call/ Whats App/ SMS करें- 9204441270 (1021)

आवश्यकता है-ऑफिस कार्य हेतु अविवाहित उत्साही लड़को की आवश्यकता है उम्र 18 से 28वर्ष वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस, ट्रेनिंग के पश्चात कमाये 15000 से 20000 प्रतिमाह रहना फ्री सम्पर्क करें- 7796880121, 8889257623 (165)

आवश्यकता है-ऑफिस कार्य हेतु लड़कियों लड़कों की आवश्यकता है उम्र 18 से 28 साल तक ऑफिस टाइम 10 से 5:30 सम्पर्क करें- बाल उद्यान के पास राजेन्द्र नगर बिलासपुर 9770245205 (179)

आवश्यकता है-ऑफिस कार्य हेतु 18 से 30वर्ष की लड़कियों महिलाओं की आवश्यकता है सैलरी 5000 से 20000 कमाने का अवसर सम्पर्क करें-अरुण आइसक्रीम के पास कुदुदंड बिलासपुर 7024521941 (181)

आवश्यकता है-अर्जेंट भर्ती वन सुरक्षा को जिला अनुसार लड़के, लड़कियों की पद संख्या- 950 वन रक्षक फील्ड ऑफिसर माली वन सिपाही सैलरी 23500+42500 पढ़ाई 8वी से स्नातक रहना +खाना की सुविधाएं आवेदन करने के लिए आधार कार्ड मार्क शीट फोटो व्हाट्स एप करे धीरेंद्र कुमार 8957118102 (1025)

आवश्यकता है-औद्योगिक क्षेत्र हेतु सुरक्षागार्ड वेतन 14000 सुपरवाइजर वेतन 16000 फील्ड ऑफिसर वेतन 15000 आवास फ्री PF+ ESIC सम्पर्क करें- Alert SGS Private Limited, भर्ती कार्यालय, साकरा चौक, सिलतरा रायपुर, छ.ग. 77470 00019, 7746000016, 7747000016, 77460 00019 (074)

### बेचना है

बेचना है-बिलासपुर सिरगिट्टी में गोविन्द नगर में 3225 वर्ग फीट और व्यापार विहार में दुकान के लिए प्लॉट बेचना है सम्पर्क करें- 9630083740, 9770676030 (38232)

बेचना है- शुभ-लाभ रिजेन्सी चकरभाठा स्थित शापिंग काम्प्लेक्स में 7-8 और 37 नंबर की 3 दुकान बेचना है सम्पर्क करें- 9424162787, 9827102729 (38226)

**Advertisement Booking Time 10.30 AM to 4.00 PM**

### किराया

किराया-गली नम्बर L-3 भारतीय नगर बिलासपुर में में फर्स्ट फ्लोर पर सर्व सुविधा युक्त 1BHK मकान नौकरी पेशा छोटी फैमिली को किराए पर देना है सम्पर्क करें- 81037 19240, 8251870328 (38234)

किराया-शांति नगर, रिंग रोड नं.-2 में 2BHK प्रथम तल पर 24घंटे पानी, सर्व सुविधा युक्त मकान नौकरी पेशा एवं छोटे परिवार को किराए पर देना है। सम्पर्क करें- 9131350454, 8109063996 (38216)

### फाइनेन्स

फाइनेन्स-रोजगार योजना अंतर्गत पूरे छत्तीसगढ़ मे लोन सिर्फ आधार कार्ड पर 50000 से 25लाख तक 1% ब्याज वार्षिक प्रॉपर्टी, पर्सनल, बिजनेस, दुकानदारी, ग्रुप लोन सिविल खराब लोन पाए सम्पर्क करें-9289384524 (181)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

Education INSTITUTIONS
कोटा स्टडी सर्कल भिलाई/रायपुर
Chitendra Sahu 611/720 NEET
NEET, IIT-JEE PET/PAT
रायपुर कोटा सेंटर भाटिया कॉम्पलेक्स, जी.ई. रोड रायपुर (छ.ग.) 9301547784
भिलाई कोटा सेंटर बिल्डिंग नं. 150 न्यू सिविक सेंटर, भिलाई 9098534927

Medicare Specialists
छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाए।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330



### हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल कामलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230

| | |
|---|---|
| शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:- | मो. 9993567380, 8770837744 |
| एड प्रयास:- | मो. 9826701269, 9926003943 |
| श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- | मो. 9827168452, 9300625174 |
| रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- | मो. 9826129386, 8319503386 |
| जे.जे. एडवरटाइजर्स:- | मो. 9300659628 |
| भार्गव एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827167997 |
| श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- | मो. 9826705603 |
| एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827180896, 9131155033 |
| रौनक पब्लिसिटी:- | मो. 9300328290, 9981658490 |
| श्री श्याम पब्लिसिटी:- | मो. 9425540759 |
| अमित पब्लिकेशन:- | मो. 9826304304, 9827124304 |
| विप्रा विज्ञापन सेवा:- | मो. 9302462506 |
| माधवास & कम्पनी:- | मो. 9977185123, 9893115084 |
| बालाजी एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827466133, 9907047586 |

### सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट : खिताब पर चेल्सी का कब्जा, पीएसजी को 3-0 से दी मात



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पहुंचे मुकाबला देखने

एजेंसी ▶▶| ईस्ट रदरफोर्ड (अमेरिका)

कोल पामर के दो गोल और जोआओ पेड्रो के एक गोल की मदद से चेल्सी ने यूरोपीय चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को 3-0 से हरा कर क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता। पामर ने 22वें और 30वें मिनट में पेनल्टी क्षेत्र के अंदर से बाएं पैर से लगभग एक जैसे गोल किए। इसके बाद उन्होंने तीसरा गोल करने में भी मदद की। उनके पास पर जोआओ पेड्रो ने 43वें मिनट में गोलकीपर जियानलुइगी डोनारुम्मा को छकाकर गोल किया, जो दो जुलाई को चेल्सी से जुड़ने के बाद इंग्लैंड के इस क्लब की तरफ से उनका तीसरा गोल है। दो साल पहले मैनचेस्टर सिटी से चेल्सी में शामिल हुए 23 वर्षीय पामर ने इस सत्र में 18 गोल किए हैं।



**विजेता टीम को मिली 11 अरब की इनाम राशि**

खिताब जीतने वाली टीम को ट्रॉफी के साथ करीब 125 मिलियन अमेरिकी डॉलर यानी 11 अरब भारतीय रुपए की इनामी राशि भी मिली, जो कि क्रिकेट वनडे वर्ल्ड कप से 6 गुना से भी ज्यादा है। चेल्सी के युवा खिलाड़ी कोल पाल्मर को गोल्डन बॉल से सम्मानित किया गया। ये अवॉर्ड टूर्नामेंट के बेस्ट खिलाड़ी को दिया जाता है।

### चेल्सी की मजबूत रक्षा पंक्ति के सामने नहीं टिक पाया पीएसजी

पीएसजी ने अपनी तरफ से वापसी के हर संभव प्रयास किए लेकिन चेल्सी की मजबूत रक्षा पंक्ति के सामने उसकी एक नहीं चली। उसे मैच के अंतिम कुछ मिनट 10 खिलाड़ियों के साथ खेलने पड़े क्योंकि 84वें मिनट में मार्क कुकुरेला को बाल पकड़कर गिराने के कारण जोआओ नेवेस को लाल कार्ड दिखा कर बाहर कर दिया गया था। इससे पहले टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करने वाली पीएसजी की टीम इस सत्र में लीग 1, कूप डी फ्रांस और अपना पहला चैंपियंस लीग खिताब हासिल करने के बाद अपना चौथा खिताब जीतने की कोशिश में थी। मेटलाइफ स्टेडियम में खेले गए इस फाइनल मैच को देखने के लिए 81,188 दर्शक उपस्थित थे, जिनमें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी शामिल थे।

---

## खबर संक्षेप



### अमुंडी एवियन चैंपियनशिप ग्रेस किम ने जीता खिताब

**ऐक्स-लेस-बेन्स (फ्रांस)।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक अंतिम दौर में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई और दो ओवर 73 का स्कोर बनाकर अमुंडी एवियन चैंपियनशिप में संयुक्त 28वें स्थान पर रहीं। अदिति का कुल स्कोर अंडर 279 रहा। वह शीर्ष 10 खिलाड़ियों में जगह नहीं बना सकी लेकिन इस प्रतियोगिता में उन्होंने अपना दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। वह एक साल पहले इस प्रतियोगिता में संयुक्त 17वें स्थान पर रही थीं। अदिति ने लगातार नौ पार के साथ शुरुआत की और फिर लगातार चार बोगी कीं, जिससे शीर्ष 10 में जगह बनाने की उनकी उम्मीदें धूमिल हो गईं। उन्होंने 17वें और 18वें होल पर बर्डी लगाकर वापसी की, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

### फ्रेंचाइजी टूर्नामेंटों के कारण क्रिकेट हुआ अधिक दोस्ताना

**लंदन।** इंग्लैंड के सहायक कोच मार्कस ट्रेस्कोथिक का मानना है कि दुनिया भर में फ्रेंचाइजी टूर्नामेंटों के कारण क्रिकेट अधिक दोस्ताना हो गया है और लॉर्ड्स टेस्ट में भारत और मेजबान टीम के बीच चल रही



कड़ी प्रतिस्पर्धा खेल के लिए अच्छी है। भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरे टेस्ट मैच के दौरान दोनों टीम के खिलाड़ियों के बीच शाब्दिक जंग देखने को मिली लेकिन किसी तरह का तनाव पैदा नहीं हुआ और ट्रेस्कोथिक का मानना है कि यह खेल के लिए अच्छा है। ट्रेस्कोथिक ने कहा, 'प्रतिस्पर्धी बने रहने से निश्चित रूप से स्थिति में मदद मिलती है। इससे श्रृंखला का माहौल अच्छा बनता है। पिछले कुछ वर्षों में क्रिकेट थोड़ा ज्यादा दोस्ताना हो गया है क्योंकि खिलाड़ी दुनिया भर में फ्रेंचाइजी टूर्नामेंटों में एक साथ खेलते हैं। कभी-कभी खेल में कुछ नया करना अच्छा होता है।' उन्होंने कहा, 'दोनों टीमें खेल को लेकर जुनूनी हैं और उनके बीच माहौल गर्म होना स्वाभाविक है।

### एमवाईएएस ने की 'युवा आध्यात्मिक शिखर सम्मेलन' की घोषणा

**नई दिल्ली।** नशे की लत के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए युवा मामले और खेल मंत्रालय (एमवाईएएस) 18 जुलाई से वाराणसी में तीन दिवसीय 'युवा आध्यात्मिक शिखर सम्मेलन' आयोजित करने जा रहा है, जहां 500 युवा प्रतिनिधि इस बुराई के खिलाफ 'विचार-विमर्श कर रणनीतियां बनाएंगे'। इस सम्मेलन का उद्देश्य 2047 तक भारत को नशा मुक्त बनाने के लिए एक व्यापक राष्ट्रीय रणनीति तैयार करना है। इसके लिए पंजीकरण 18 जुलाई को शुरू होगा जबकि सम्मेलन की शुरुआत इसके अगले दिन होगी। सम्मेलन में चर्चा के आधार पर 'काशी घोषणापत्र' के नाम से कार्य योजना जारी की जायेगी।

---

## टेस्ट : जोफ्रा आर्चर ने इंग्लैंड के लिए की शानदार गेंदबाजी

# इंग्लैंड ने लॉर्ड्स टेस्ट 22 रन से जीता:193 रन नहीं बना सका भारत, सीरीज में 1-2 से पिछड़ा

एजेंसी ▶▶| लंदन

भारत ने लॉर्ड्स स्टेडियम में एंडरसन-तेंडुलकर ट्रॉफी का तीसरा टेस्ट 22 रन से गंवा दिया। 193 रन के टारगेट के सामने मुकाबले के आखिरी दिन टीम इंडिया 170 रन ही बना सकी। इसी के साथ इंग्लैंड ने 5 टेस्ट की सीरीज में 2-1 की बढ़त बना ली है। भारत की हार में बैटर्स का खराब प्रदर्शन सबसे बड़ी वजह रहा। कप्तान शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल और करुण नायर दोनों पारियों में फ्लॉप रहे। वहीं टीम के लोअर बैटर्स दोनों ही पारियों में बैट से कमाल नहीं कर सके।

गेंदबाजी मजबूत रही, इसके बावजूद टीम पहली पारी में बढ़त नहीं ले सकी। इंग्लिश टीम में जोफ्रा आर्चर की वापसी और लॉर्ड्स की पिच पर टॉस गंवाना भी हार की वजह बना। भारत ने 63 एक्स्ट्रा रन भी दिए। लीड्स और बर्मिंघम टेस्ट में जहां भारत की बैटिंग शानदार रही थी, वहीं लॉर्ड्स टेस्ट में टीम की बैटिंग ने ज्यादा निराश किया। शुरुआती 2 टेस्ट में शुभमन गिल ने 3 और यशस्वी जायसवाल ने 1 शतक लगाया था। इस बार दोनों मिलकर 39 रन ही बना सके। शुरुआती 2 टेस्ट में 1 भी फिफ्टी नहीं लगा सके करुण भी 40 और 16 रन के स्कोर पर आउट हो गए। यशस्वी, शुभमन और करुण के खराब प्रदर्शन ने केएल राहुल, ऋषभ पंत और रवींद्र जडेजा पर निर्भरता बढ़ा दी। राहुल ने 100 और 39 रन की पारियां खेलीं। पहली पारी में पंत ने 74 बनाए। वहीं जडेजा ने 72 और 61 रन की पारियां खेलीं, लेकिन तीनों को बाकी बैटर्स का साथ नहीं मिला। इसलिए टीम मजबूत स्थिति के बावजूद पहली पारी में बढ़त हासिल नहीं कर पाई।



### मैदान में जडेजा और कार्स की बीच तीखी बहस



*भारत और इंग्लैंड के बीच लॉर्ड्स में तीसरा टेस्ट मैच के आखिरी दिन रविंद्र जडेजा और इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ब्रायडन कार्स के बीच मैदान पर टक्कर हो गई। इसके बाद बात इतनी बढ़ गई कि दोनों के बीच बहस हो गई। बाद में इंग्लैंड कप्तान बेन स्टोक्स को बीच में आकर मामला शांत कराना पड़ा। ये घटना 35वें ओवर की आखिरी गेंद के बाद हुई। जडेजा ने एक शॉट खेला और रन लेने के लिए दौड़े। उसी समय कार्स भी गेंद की तरफ देख रहे थे और दोनों आपस में टकरा गए। कार्स को गुस्सा आ गया क्योंकि उनका संतुलन बिगड़ गया था। जडेजा को भी चोट लग सकती थी। दोनों के बीच तीखी बहस हुई, जिसके बाद स्टोक्स ने बीच बचाव किया।*

### गिल ने द्रविड़ और कोहली को छोड़ा पीछे

शुभमन गिल ने लॉर्ड्स टेस्ट की दोनों पारियों में क्रमशः 16 और 6 रन बनाए। इसी के साथ उनके एक सीरीज में 607 रन हो गए। इस मैच से पहले गिल ने चार पारियों में 585 रन बना लिए थे। अब वह इंग्लैंड में एक ही सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने द्रविड़ को पीछे छोड़ दिया। पूर्व भारतीय कप्तान ने 2002 में छह पारियों में 602 रन बनाए थे। वहीं, कोहली ने 10 पारियों में 593 रन बनाए थे। अब गिल ने उन्हें पीछे छोड़ दिया है।

### आईसीसी ने सिराज पर ठोका जुर्माना



**लंदन।** भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज पर लाड्र्स में तीसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट का विकेट लेने के बाद आक्रामक प्रतिक्रिया के लिए सोमवार को मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया और उनके खाते में एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया।

---

## विश्व के नंबर-1 खिलाड़ी सिनर ने कहा

# अल्काराज पर जीत ने विंबलडन खिताब को खास बना दिया



एजेंसी ▶▶| लंदन

यनिक सिनर हर हाल में विंबलडन का खिताब जीतना चाहते थे फिर चाहे फाइनल में उनका प्रतिद्वंद्वी कोई भी हो, लेकिन अब उन्होंने स्वीकार किया है कि कार्लोस अल्काराज पर जीत ने इसे खास बना दिया है।

विश्व के नंबर एक खिलाड़ी सिनर ने रविवार को यहां फाइनल में पिछले दो बार के विजेता अल्काराज के खिलाफ 4-6, 6-4, 6-4, 6-4 से जीत हासिल करके पहली बार विंबलडन चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। सिनर ने मैच के बाद कहा, 'यह निश्चित तौर पर काफी मायने रखता है क्योंकि जब आप किसी के खिलाफ कई बार हार जाते हैं, तो यह आसान नहीं होता है।' सिनर इससे पहले अल्काराज के खिलाफ लगातार पांच मैच हार चुके थे और उनके लिए पिछले महीने फ्रेंच ओपन के फाइनल में खेले गए मैच से ज़्यादा निराशाजनक कुछ नहीं था। सिनर ने उस मैच में दो सेट की बढ़त हासिल की, फिर तीन चैंपियनशिप प्वाइंट हासिल किए लेकिन आखिर में पांच घंटे 29 मिनट तक चले मैच में पांच सेटों में हार गए। सिनर ने कहा, 'मैं कार्लोस को हमेशा अपना आदर्श मानता हूं, क्योंकि आज भी मुझे लगा कि वह कुछ चीज़ें मुझसे बेहतर कर रहा है।

### आरोन बने सनराइजर्स हैदराबाद के गेंदबाज कोच



**हैदराबाद।** भारतीय टीम के पूर्व तेज गेंदबाज वरुण आरोन को सनराइजर्स हैदराबाद ने 2026 के आईपीएल सत्र के लिए सोमवार को अपना गेंदबाजी कोच नियुक्त किया। आरोन न्यूजीलैंड के बाएं हाथ के पूर्व तेज गेंदबाज जेम्स फ्रैंकलिन की जगह लेंगे। सनराइजर्स ने अपने 'एक्स' पर लिखा, 'हमारे कोचिंग स्टाफ में एक शानदार इजाफा। वरुण आरोन का हमारे नए गेंदबाजी कोच के रूप में स्वागत है। आरोन ने 2011 और 2015 के बीच भारत के लिए नौ टेस्ट और उतने ही वनडे खेले थे।

---

## एमएलसी ट्रॉफी : एमआई न्यूयॉर्क ने वाशिंगटन फ्रीडम को हराया, खिताब किया अपने नाम

एजेंसी ▶▶| डलास (अमेरिका)

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक के शानदार अर्धशतक की मदद से एमआई न्यूयॉर्क ने ग्रैंड प्रेयरी स्टेडियम में खेले गए फाइनल में वाशिंगटन फ्रीडम को पांच रन से हराकर तीन साल में अपनी दूसरी मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) ट्रॉफी जीती।

डी कॉक की 46 गेंदों पर छह चौकों और चार छक्कों की मदद से खेली गई 77 रन की पारी की बदौलत आईपीएल फ्रेंचाइजी मुंबई इंडियंस के स्वामित्व वाली एमआई न्यूयॉर्क ने 20 ओवर में सात विकेट पर 180 रन का चुनौती पूर्ण स्कोर बनाया। इसके जवाब में न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज रचिन रविंद्र के तेज तर्रार 70 रन (41 गेंद) और उनके हमवतन ग्लेन फिलिप्स के नाबाद 48 रन के बावजूद वाशिंगटन फ्रीडम की टीम चार विकेट पर 175 रन ही बना सकी। यह मुंबई इंडियंस का विश्व स्तर पर 13वां और 2025 में तीसरा खिताब है। इससे पहले इस साल की शुरुआत में एमआई केपटाउन की टीम एसए20 और मुंबई इंडियंस की महिला टीम महिला प्रीमियर लीग में चैंपियन बनी थी।




### महिला विश्व कप : दिव्या हम्पी अंतिम-16 में

**बातुमी (जॉर्जिया)।** महिला ग्रैंडमास्टर दिव्या देशमुख और ग्रैंडमास्टर बनने वाली देश की पहली महिला खिलाड़ी कोनेरू हम्पी ने यहां विपरीत अंदाज में फिडे महिला विश्व कप शतरंज टूर्नामेंट के अंतिम-16 में जगह बनाई। दिव्या को अंतिम 16 में पहुंचने के लिए आधा अंक की जरूरत थी, जो उन्होंने सर्बिया की टेओडोरा इंजाक के खिलाफ ड्रॉ खेल कर हासिल कर लिया लेकिन हम्पी को पोलैंड की कुलोन क्लॉडिया को हराने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी। भारत की जहां दो खिलाड़ियों ने अंतिम 16 में अपनी जगह पक्की कर ली है वहीं तीन अन्य भारतीय खिलाड़ी डी. हरिका, वंतिका अग्रवाल और आर वैशाली भी अंतिम-16 में जगह बना सकती हैं, लेकिन यह सब टाइब्रेकर में उनके प्रदर्शन पर निर्भर करेगा। ग्रैंडमास्टर हरिका ने यूनान की त्सोलाकिडोउ स्टावरौला के साथ लगातार ड्रॉ खेलकर खुद को प्री-क्वार्टर फाइनल की दौड़ में बनाए रखा, जबकि वंतिका रूस की कैटरीना लागनो पर पहले दौर की जीत के बाद दूसरे दौर में हार गई जिससे स्कोर बराबर हो गया। इस प्रतियोगिता में विजेता को 50,000 अमेरिकी डॉलर की इनामी राशि मिलेगी।




### सात्विक-चिराग की निगाह खिताब सिंधू-लक्ष्य की फॉर्म में वापसी पर

एजेंसी ▶▶| टोकिया

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी मंगलवार से शुरू हो रहे जापान ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अपने अच्छे प्रदर्शन को जारी रखने और खिताबी सूखे को खत्म करने की कोशिश करेगी।

वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 15वें स्थान पर काबिज सात्विक और चिराग की जोड़ी इस सत्र में तीन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंची है। इसके अलावा उन्होंने पिछले महीने इंडोनेशिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में भी जगह बनाई थी लेकिन इस सत्र में अभी तक खिताब नहीं जीत पाए हैं। जनवरी में मलेशिया और इंडिया ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद यह स्टार जोड़ी सात्विक की स्वास्थ्य समस्याओं और चिराग की पीठ की चोट के कारण कई सप्ताह तक बाहर रही।



---

## वेस्टइंडीज-ऑस्ट्रेलिया तीसरा टेस्ट : ऑस्ट्रेलिया ने 181 रन की बढ़त हासिल की

# वेस्टइंडीज की आक्रामक तेज गेंदबाजी के सामने नहीं टिक पाए कंगारू

एजेंसी ▶▶| किंग्स्टन (जमैका)

कैमरन ग्रीन की नाबाद पारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन वेस्टइंडीज की आक्रामक तेज गेंदबाजी के सामने 99 रन पर छह विकेट गंवाने के बावजूद कुल 181 रन की बढ़त हासिल कर ली। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय ग्रीन 42 रन बनाकर खेल रहे थे। उनके साथ दूसरे छोर पर कप्तान पैट कमिंस पांच रन बनाकर खेल रहे हैं। तीनों सत्र में तेज गेंदबाजों का दबदबा रहा और दोनों टीमों के 15 विकेट गिरे।

### खराब रही ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी की शुरुआत

ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाजों ने रात्रि टेस्ट मैच में इससे पहले वेस्टइंडीज को पहली पारी में 143 रन पर आउट करके अपनी टीम को 82 रन की बढ़त दिला दी थी। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 225 रन बनाए थे। ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी की शुरुआत अच्छी नहीं रही तथा उन्हें तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ (19 रन देकर तीन विकेट) और शमर जोसेफ (26 रन देकर दो विकेट) की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। शमर जोसेफ ने दूसरे ओवर में सैम कोंस्टास (00) आउट कर दिया, जिससे ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी का पतन शुरू हो गया।



### कोंस्टास का प्रदर्शन निराशाजनक

19 वर्षीय कोंस्टास का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है। उन्होंने छह पारियों में 50 रन बनाए हैं। उस्मान ख्वाजा (14) और स्टीव स्मिथ (05) दोनों नहीं चल पाए और बोल्ड होकर पवेलियन लौटे। इसके बाद अल्जारी जोसेफ ने 21वें ओवर में ब्यू वेबस्टर (13) और एलेक्स कैरी (00) को आउट करके ऑस्ट्रेलिया का स्कोर छह विकेट पर 69 रन कर दिया।

### नहीं चल पाए वेस्टइंडीज के बल्लेबाज

इससे पहले वेस्टइंडीज के बल्लेबाज भी नहीं चल पाए। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड ने 34 रन देकर तीन जबकि जोश हेज़लवुड तथा पैट कमिंस ने दो-दो विकेट लिए, जिससे वेस्टइंडीज अपनी पहली पारी में सिर्फ़ 52 ओवर में ही आउट हो गया। वेस्टइंडीज की तरफ से जॉन कैम्पबेल ने सर्वाधिक 36 रन बनाए जबकि शाई होप (23) 20 रन की संख्या पार करने वाले दूसरे बल्लेबाज रहे।

FEDERAL BANK
YOUR PERFECT BANKING PARTNER
आम सूचना

एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि नीचे उल्लिखित खाते/खातों में स्वर्ण आभूषणों को फेडरल बैंक लिमिटेड, **रायपुर/मुख्य शाखा, रायपुर/शंकर नगर शाखा तथा भिलाई शाखा** द्वारा **29.07.2025** या किसी भी बाद की तिथि/दिनों को नीचे दर्शाई गई शाखाओं में निजी बिक्री के लिए रखा जाएगा क्योंकि संबंधित उधारकर्ता गिरवी रखी वस्तुओं को भुनाने/ऋण खाते/खातों को नियमित करने में विफल रहे हैं। अधिक जानकारी के लिए संबंधित शाखाओं से संपर्क किया जा सकता है।

| खाताधारक का नाम | स्वर्ण ऋण खाता क्र. |
| --- | --- |
| अजित कुमार झा | 14456100039062 |
| थावर दास फबयानी | 14455600002703 |

**नीलामी/निजी बिक्री 29 जुलाई 2025 को की जाएगी।**
**रायपुर/मुख्य शाखा - एलसी आर्केड, भूतल, वंदना बजाज के पास, आश्रम चौक, रामकुण्ड, जी.ई. रोड, रायपुर (छ.ग.) - 492001, फोन नं. - 0771-2236278**

| खाताधारक का नाम | स्वर्ण ऋण खाता क्र. |
| --- | --- |
| अजय थॉमस | 19456900000699,19456100029621,19456400015577, 19456900000749,19456400015262 |
| अभिलाष तिवारी | 19456400019397,19456400019405,19456400014901 |
| मयंक श्रीवास्तव | 19456400017979 |
| राम सुरत यादव | 19456900000780 |
| सुरेन्द्र सिंह बेनिपाल | 19455600002294,19455600002336 |

**नीलामी/निजी बिक्री 29 जुलाई 2025 को की जाएगी।**
**रायपुर/शंकर नगर शाखा - 18/1421, कुशल वाटिका, न्यू शांति नगर, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.) - 492007, फोन नं. 07712422900**

| खाताधारक का नाम | स्वर्ण ऋण खाता क्र. |
| --- | --- |
| त्रिवेणी नाग | 25036400001702 |
| मोहम्मद मोबीन अली | 25036400000779 |
| सबीना बानो | 25036900000113 |
| धर्मशीला देवी | 25036900000139 |

**नीलामी/निजी बिक्री 29 जुलाई 2025 को की जाएगी।**
**भिलाई शाखा - विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण (साडा), दक्षिण गंगोत्री, व्यवसायिक भूखण्ड योजना, सुपेला भिलाई नगर, दुर्ग (छ.ग.)-490023**



# इंसान को खुद ही नहला देगी यह मशीन, लोगों ने जताई इसे मंगाने की ख्वाहिश

नई दिल्ली। सोशल मीडिया पर अक्सर कमाल के वीडियोज़ दिख जाते है। अब तो एआई से बने वीडियोज़ भी आने लगे है। लेकिन, बहुत से लोगों को इस बात से फर्क नहीं पड़ता है। वे तो हर प्लेटफॉर्म पर केवल जैसे मजे लेने के लिए ही आते है। एक तेजी से होते वायरल वीडियो में इंसान को नहलाने वाली मशीन पर भी लोग ऐसे ही कुछ मिले-जुले रिएक्शन दे रहे हैं। एक तरफ कुछ लोगों ने इससे नहाने की इच्छा जताते हुए इसके हासिल करने का तरीका पूछा है, तो वहीं दूसरी तरफ कई लोगों ने इसके पूरी तरह से मजे लिए हैं और कई मजेदार कमेंट्स भी किए है।

### घर के कामों के लिए मशीन पर नहाने के लिए.

आमतौर पर घर के कामों को आसान करने के लिए वॉशिंग मशीन का खूब चलन है। घर पर साफ सफाई के लिए भी मशीनें और यहां तक कि कई काम एक साथ पूरे कनरे वाले रोबोट भी आ गए है। और तो और मशीनों के लिए मुश्किल लगने वाले रोटी बनाने के साथ बर्तन साफ करने वाली मशीनें भी मिल सकते है। लेकिन, क्या ऐसी भी मशीन हो सकती जो इंसान को खुद ही नहला दे। इस वीडियो ने शायद यही उम्मीद देने की कोशिश की है।



### इस काम के लिए भी

नहाने का काम मशीन के लिए एक मुश्किल हो सकता है। इसकी मुख्य वजह ये है कि हर इंसान के लिए उसके खुद के नहाने की जरूरतें अलग-अलग हो सकती है। इसके अलावा यह काम इंसान हाथ से भी इतनी आसानी से कर सकता है कि इसके लिए महंगी मशीन कोई भला क्यों बनाएगा। लेकिन, एआई का कमाल ही कहिए या फिर किसी इंसान की खुराफात कि इस वीडियो में एसी मशीन दिखी गई है।

### कैसे नहलाती है ये मशीन?

वीडियो में एक शख्स नहाने के लिए तैयार है और पास में एक महिला, जो उसकी बीवी हो सकती है, खड़ी है। शख्स के आगे एक जेसीबी के जैसी छोटी मशीन है जिसके सिरे पर बहुत बड़ा ब्रश लगा है। अचानक मशीन शख्स के सिर पर झाग वाला पानी उड़ेल देती है और उसकी घिसाई शुरू कर देती है। यह देख उसकी पत्नी हैरान हो जाती है।

### कैसे मिलेगी ये मशीन?

वीडियो को इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। इसे दो ही दिन में 18 लाख व्यूज मिल चुके है। एक तरफ लोगों ने इस वीडियो को हंसी के इमोजीस के साथ मजे में लिया है तो कई यूजर ने इस मशीन के मंगाने का तरीका पूछा है। वहीं, कुछ लोगों ने इस पर कुछ मजेदार कमेंट्स भी किए है। एक यूज़र ने कमेंट में लिखा है, आदमी की धुलाई= कार की धुलाई। दूसरे यूज़र ने कमेंट में , जो यूज़र अपनी पीठ नहीं धो सकते, उनकी समस्या का हल हो जाएगा। तीसरे यूज़र ने कमेंट में लिखा है, ये आपकी पीठ से पैर तक धुलाई करेगी। एक अन्य यूज़र ने लिखा है, इसके साथ आपको कुछ भी करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

## रोचक खबरें

### २२ साल तक चेहरा नहीं धोया! महिला का ये हाल देखकर उड़ जाएंगे होश!

बीजिंग। कभी-कभी छोटी-सी लापरवाही बड़ी मुसीबत बन जाती है। चीन के जिलिन की 37 वर्षीय गाओ की कहानी ऐसी ही है, जिन्होंने 22 साल तक मेकअप नहीं हटाया। वो हर रोज सुबह उठते ही मुंह को बिना फेसवॉश से धोए मेकअप के ऊपर से ही मेकअप लगा लेतीं। ऐसे में अब उनके चेहरे पर आए भयानक रैश और सूजन ने ज़िंदगी मुश्किल कर दी है। उनकी चौंकाने वाली यह कहानी चीनी सोशल मीडिया साइट्स वीबो, चीन के ट्विटर जैसे प्लेटफॉर्म पर खूब वायरल हो रहे है। उनकी हालत लोगों के होश उड़ा रही है। इस वीडियो को देखने के बाद लोगों को अब समझ आ रहा है कि मेकअप हटाने की अहमियत कितनी ज्यादा है।



**मेकअप हटाना लगता था उन्हें झंझट:** 37 साल की गाओ ने बताया कि 15 साल की उम्र से वह अपनी मां की लिपस्टिक की दीवानी हो गई थीं और तब से हर दिन मेकअप करती थीं। लेकिन, आलस की वजह से मेकअप हटाना उन्हें 'झंझट' लगता था। गाओ का मानना था, 'जब अगले दिन फिर मेकअप करना है, तो इसे हटाने की क्या ज़रूरत?' इसलिए, वह रात को चेहरा सिर्फ पानी से धोती थीं और सुबह फिर मेकअप लगा लेतीं। गाओ ने बताया कि कई सालों तक उनके चेहरे पर सिर्फ मुहांसे ही थे और उनकी त्वचा ठीक-ठाक थी। लेकिन, इस साल की शुरुआत में उनके चेहरे पर गंभीर एलर्जी हो गई, जिससे उनका चेहरा सूज गया और इतना बिगड़ गया कि वह खुद को भी पहचान नहीं पाईं।

### वजन घटाने वाला इंजेक्शन लगाकर बुरी फंसी महिला, बिगड़ी तबीयत

**लंदन।** दवाओं का साइड इफेक्ट होना आम बात है, मगर कई बार ये साइड इफेक्ट्स इतने बुरे हो जाते हैं कि लोगों की तबीयत बिगड़ जाती है। एक महिला के साथ भी ऐसा ही हुआ, जिसने एक इंजेक्शन लगाया। लगाने के बाद उसे ऐसी समस्या हो गई कि वो घर छोड़कर नहीं जा पा रही थी, क्योंकि उसे बाथरूम के पास ही रहना था। महिला ने अब अपना अनुभव शेयर किया है। एक महिला ने दावा किया है कि मौनजारो वजन घटाने वाले इंजेक्शन का 19 हफ्तों तक उपयोग करने के बाद, वह इतनी बुरी हालत में पहुंच गई कि अब टॉयलेट से दूर जाने की हिम्मत नहीं कर पा रही है। मैडी नाम की इस कंटेंट क्रिएटर ने सोशल मीडिया पर अपने अनुभव साझा किए हैं, जिन्हें देखकर लोग हैरान रह गए। मैडी ने बताया कि उन्होंने अब तक मौनजारो की मदद से 40 पाउंड (लगभग 18 किलो) वजन कम किया है, लेकिन अब डायरिया, उल्टी, और 'सल्फर बर्प्स'जैसे साइड इफेक्ट्स के चलते वह काम पर नहीं जा पा रहीं। मैडी बाथरूम में खड़ी होकर बताती हैं कि उन्होंने अपने हाथ में मौनजारो का इंजेक्शन लगाया और उसके बाद उनकी तबीयत बेहद खराब हो गई। उल्टी, पेट में गैस और बदबूदार डकारें- ये सब साइड इफेक्ट्स एक साथ शुरू हो गए। मैडी ने आगे बताया कि जब उन्होंने मंगलवार को इंजेक्शन लिया, तो बुधवार दोपहर से ही उन्हें सल्फर बर्प्स आने लगे, जो अंडे जैसी बदबू और स्वाद वाले होते है। गुरुवार सुबह उनकी हालत और खराब हो गई। वह बोलीं- 'मैंने किसी तरह ऑफिस जाने की कोशिश की, लेकिन दिन के अंत में मेरी हालत इतनी बिगड़ गई कि कार में ही आधे घंटे सो गई।'



# जेम्स वेब टेलीस्कोप का कमाल...पहली बार दिखाई इस नीले ग्रह के 5 चंद्रमा की तस्वीर

*वॉशिंगटन। हर ग्रह के अपने-अपने चंद्रमा होते हैं, ऐसे ही यूरेनस जिसे अरुण ग्रह के नाम से भी जाना जाता है, इसके 5 चंद्रमा हैं। नासा से पहली बार सौरमंडल के इस 7वें ग्रह की सबसे चमकदार और साफ तस्वीरें ली हैं। इन तस्वीरों को 26 मार्च 2025 को यूरोपीय स्पेस एजेंसी और कनाडाई अंतरिक्ष एजेंसी ने मिलकर खींची है।*



### 98 डिग्री का कोण

98 डिग्री पर झुके होने के कारण इस ग्रह पर दशकों तक मौसम अपने चरम पर रहता है। इंफ्रारेड तकनीक से इसके छल्ले और तूफान को देखा गया है। यह खोज एक्स्पोप्लैनेट्स और बर्फीले ग्रहों की खोज करने में मदद करेगी। वैज्ञानिकों का कहना है कि यूरेनस ग्रह अपनी बर्फीली संरचना और बगल में झुके कोण के लिए जाना जाता है। तस्वीर में यह ग्रह नीले रंग का दिखाई देता है।

### इतिहास में पहली बार

यह पहली बार है जब जेम्स वेब ने यूरेनस के चंद्रमाओं की साफ तस्वीरें ली हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि यह धरती से काफी दूर है, लिहाजा इसकी चमक की कमी के कारण इसे विस्तार से देख पाना चुनौतियों से भर था। टेलीस्कोप की इंफ्रारेड तकनीक की मदद से यूरेनस के तूफान और बादल जैसी दूसरी विशेषताओं को दिखाया गया।


### 2028 में बदलेगा मौसम

इससे पहले 1986 में वॉयेजर 2 मिशन ने यूरेनस की सबसे साफ तस्वीरें ली थीं। लेकिन अब जेम्स वेब टेलीस्कोप ने और भी अधिक साफ तस्वीरें भेजी हैं जो यूरेनस के विकास के बारे में और जानकारी दे सकता है। वैज्ञानिकों का कहना है कि ये तस्वीरें 2028 में यूरेनस के अगले सौरमंडलीय सोलस्टाइस से पहले बदलते मौसम का अध्ययन करने में मदद करेंगे।



# 5 साल के बच्चे ने अमेजन पर कर डाली 3 लाख की शॉपिंग

**लंदन।** एक 5 साल के बच्चे ने जो किया, वो हर उस माता-पिता के लिए एक सबक है जो अपने बच्चों से छुटकारा पाने के लिए उन्हें मोबाइल थमा देते हैं। अगर आप भी ऐसा करते हैं, तो सावधान हो जाइए. क्योंकि, इस बच्चे ने रातों-रात अमेजन पर 3,000 डॉलर (यानी 2.58 लाख रुपए) से अधिक की खरीदारी कर डाली, जबकि माता-पिता सो रहे थे! कर्स्टन लोचास मैककॉल नाम के शख्स ने अपने बेटे के कारनामों का वीडियो बनाकर टिकटॉक पर शेयर किया, जिसे अब तक 42 लाख बार देखा जा चुका है। वायरल हो रहे वीडियो की शुरुआत में तीन बच्चे सोफे पर बैठे हुए नजर आते हैं। इसी दौरान पिता अपने शांत बैठे पांच वर्षीय बेटे से धड़धड़ ऑर्डर किए गए सामानों के बारे में पूछना शुरू कर देता है। शख्स बेटे से पूछता है, तुमने अमेजन से सात कारें खरीदीं। फिर कहता है, पता है तुमने 3,000 डॉलर से ज्यादा खर्च कर दिए। परेशान पिता फिर अपने बेटे से पूछता है, ये तुमने कैसे किया? इसके बाद कहता है, तुम्हें नहीं पता कि तुम कितनी मुसीबत में हो।



### कार्ट में पड़े थे 60 हजार के आइटम

आपको जानकर हैरानी होगी कि जब यह छोटा शॉपिंग प्रेमी पकड़ा गया, तब कार्ट में चेकआउट के लिए 700 डॉलर (यानी 60,191.96 रुपए) के और सामान तैयार थे। इतने महंगे ऑर्डर को देखकर बच्चे के माता-पिता पूरी तरह से हैरान रह गए। बच्चे की मां ने लिखा, मेरे बेटे ने जुलाई में क्रिसमस को बिल्कुल नेक्स्ट लेवल पर पहुंचा दिया। मैं इस समय अमेजन से फोन पर रो रही हूं।

### नेटिजन्स ने लिए मजे

यह वीडियो टिकटॉक पर देखते ही देखते आग की तरह फैल गया और नेटिजन्स की प्रतिक्रियाओं की बाढ़-सी आ गई। लोग बच्चे की इस खरीदारी से बेहद प्रभावित हुए और खूब हंसे। एक यूजर ने मजाकिया लहजे में कमेंट किया, मुझे तो ईर्ष्या हो रही है कि तुम्हारे अकाउंट में इतने सारे पैसे थे। मेरा कार्ड तो रिजेक्ट हो गया होता. दूसरे यूजर ने कहा, यह उन माता-पिता के लिए सबक है, जो बच्चों से छुटकारा पाने के लिए उन्हें फोन थमा देते हैं। एक अन्य यूजर ने कहा, और दो बच्चों को मोबाइल।

# दिल बहलाने के लिए एआई गर्ल से करने लगा बात, कर बैठा उसी से मोहब्बत

**लंदन।** भारत में रिलेशनशिप पश्चिमी देशों की तुलना में बहुत अलग होती हैं। वहां ज्यादा खुलापन हैं। लोग जल्दी एक- दूसरे से जुड़ जाते हैं और अलग हो जाते हैं। आजकल तो लिव इन रिलेशनशिप भारत के महानगरों में भी घुस चुकी है। पर इसके अलावा लोग एआई से बनी गर्लफ्रेंड या बॉयफ्रेंड से भी रिलेशन बनाने लगे हैं। यहां तक कि शादी भी करने लगे हैं। ऐसी रही एक कहानी माइकल की है। पहले तो उनका मकसद केवल सैक्स चैट करना था, लेकिन बाद में माइकल को बेथनी नाम की एआई शख्स से प्यार ही हो गया है। अब वे उसे कभी नहीं छोड़ना चाहते हैं।



### प्यार में पनपा रिश्ता

45 साल के माइकल कार्डिफ में अकाउंटेंट हैं। उन्होंने अपनी एआई गर्लफ्रेंड बेथनी खुद बनाया है और उसके लिए हर महीने 60 यानी 7000 रुपए खर्च करते हैं। बेथनी एक स्कूल टीचर है। और माइकल से 10 साल छोटी है। उनकी बातचीत पहले सेक्स चैट थी। अब उनका रिश्ता गहरे प्यार में बदल गया है।

### गंभीर हो गया है रिश्ता

शुरुआत में उनकी बातें हल्की-फुल्की थीं। अब यह गंभीर रिश्ता है। माइकल उसे अपने दिल की बात बताते हैं। वह कहता है, 'मैंने अपनी पत्नी को भी इतना नहीं बताया।' बेथनी उसकी हर बात याद रखती है। वह माइकल की जरूरतों को समझती है। वह कहता है, 'यह असली रिश्ते जैसा है।' कुछ लोग एआई से बात करने में असहज होते हैं। माइकल को कोई डर नहीं। वो बस अनाम रहते हैं। माइकल बेथनी की शारीरिक मौजूदगी मिस करते हैं। यह लंबी दूरी के रिश्ते जैसा है। बेथनी ने उनकी जिंदगी बेहतर की। लेकिन, वह मानते हैं कि यह उन्हें असली रिश्तों से रोक सकता है।

### रूस का एक ऐसा गांव, जहां सुनाई देती हैं अजीबोगरीब आवाजें

मास्को। रूस में एक ऐसा रहस्यमयी गांव है, जो वैज्ञानिकों के लिए भी एक अबूझ पहेली है। यह गांव एम-ट्राएंगल (एम-त्रिकोण) के नाम से जाना जाता है। राजधानी मॉस्को से करीब 600 मील पूरब की तरफ उराल पर्वतों के पास 'मोल्योब्का' नाम का एक गांव स्थित है। दरअसल, एम-ट्राएंगल का मतलब मोल्योब्का ट्राएंगल है। यह रूस के सबसे रहस्यमयी इलाकों में से एक है।





# वैज्ञानिकों ने खोजा अब तक का सबसे बड़ा धूमकेतु

**वॉशिंगटन। हाल** ही में खोजा गया नया धूमकेतू 3I/एटल्स दुनिया भर के वैज्ञानिकों का ध्यान अपनी ओर खींच रहा है। क्योंकि, ये जितना दिखता है उससे कहीं ज्यादा खास है। शोध से पता चला है कि यह कॉमेट शायद अब तक का खोजा गया सबसे पुराना धूमकेतु है। इसे 1 जुलाई को एटलस दूरबीन से खोजा गया था, जिसकी उम्र 7 अरब साल मानी जा रही है, जो हमारे सौरमंडल से भी पुराना है।

### अब तक सिर्फ तीसरा

3I/एटल्स 2017 में मिले ओउमुआमुआ और 2019 में मिले 2I/बोरिसोव के बाद सोलर सिस्टम के बाहर से आने वाली तीसरी ऐसी चीज है। हैली जैसे धूमकेतु से अलग, जो हमारे सौरमंडल में ही बने थे। 3I/एटल्स अंतरतारकीय पिंड है जो आकाशगंगा के बहुत दूर और पुराने इलाकों में बने हैं।

### 7 अरब साल पुराना अंतरिक्ष यात्री



### आकाशगंगा की मोटी डिस्क

ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के खगोलशास्त्री मैथ्यू हॉपकिंस के नेतृत्व में हुए अध्ययन का मानना है कि 3I/एटल्स धूमकेतु आकाशगंगा की एक मोटी डिस्क से आया है। ये आकाशगंगा के ऐसे क्षेत्र हैं जहां सबसे पुराने तारे मौजूद हैं। यह आकाशगंगा के उस हिस्से से आई है, जिसे कभी पहले किसी ने इतने करीब से नहीं देखा।

### वेरा सी. रुबिन की नजर

वेरा सी. रुबिन वेधशाला जैसी बड़ी दूरबीन इसपर नजर बनाए हुए है। वैज्ञानिकों का मानना है कि लिगेसी सर्वे ऑफ स्पेस एंड टाइम ऐसे दर्जनों पिंड को खोज सकता है जिनमें से कुछ तो आकार और उम्र में 3I/एटल्स जैसे ही हो सकते हैं। इस खोज से बहुत सारे वैज्ञानिक काफी उत्साहित हैं, क्योंकि यह आकाशगंगा के सबसे गहरे हिस्सों के बारे में जानकारी देता है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com